kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-11 | शुक्रवार, 07 फरवरी 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

2025 में विकास के लिए वित्तपोषण पर चौथा सम्मेलन और तीसरा संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन जैसे महत्वपूर्ण संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन आयोजित किये जायेंगे।संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समेत प्रमुख बहुपक्षीय निकायों में शीघ्र और व्यापक सुधार की आवश्यकता है। **द्रौपदी मुर्मू**

वायुसेना का लड़ाकू विमान 'मिराज 2000' दुर्घटनाग्रस्त, दोनों पायलट सुरक्षित 11

प्रयागराज में प्रवेश मात्र से कई जन्मों के पाप हो जाते हैं नष्ट : जीयर स्वामी 12

संक्षेप

भाजपा ने आप के सात उम्मीदवारों को पाला बदलने के लिए 15 करोड़ रुपये की पेशकश की : संजय सिंह

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया कि वह पांच फरवरी को हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने से कुछ दिन पहले आप के सात उम्मीदवारों को पार्टी बदलने के लिए उकसाने की कोशिश कर रही है। भाजपा की ओर से इसपर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा ने आप के सात विधायकों को फोन किया (जिन्होंने यह चुनाव भी लड़ा है) तथा उनमें से प्रत्येक को भाजपा में शामिल होने के लिए 15 करोड़ रुपये की पेशकश की। उन्होंने कहा, ''कुछ लोगों को तो आमने-सामने की बैठकों में भी यह पेशकश की गई। उन्होंने कहा, ''इससे साफ पता चलता है कि भाजपा ने नतीजों से पहले ही अपनी हार स्वीकार कर ली है और इसीलिए वह इस तरह की कोशिश कर रही है। सिंह ने बताया कि पार्टी ने अपने उम्मीदवारों को सलाह दी है कि यदि कोई प्रस्ताव दिया जाता है तो वे ऐसी कॉल रिकॉर्ड करें तथा आमने-सामने की किसी भी बैठक को रिकॉर्ड करने के लिए जासूसी कैमरों का इस्तेमाल करें। दिल्ली की 70 विधानसभा सीट पर 699 उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य का फैसला करने के लिए पांच फरवरी को मतदान हुआ था। आठ फरवरी को परिणाम घोषित होने के बाद पता चल पाएगा कि आप लगातार तीसरी बार सत्ता में आती है या भाजपा का राजधानी में वापसी के लिए 27 साल लंबा इंतजार खत्म होता है।

भीमा कोरेगांव मामले में जमानत याचिका स्थगित

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने प्रतिबंधित माओवादी समूहों के साथ कथित संबंधों के आरोपों से जुड़े भीमा कोरेगांव मामले के संबंध में अधिवक्ता सुरेंद्र गाडलिंग और सामाजिक कार्यकर्ता ज्योति जगताप की जमानत याचिकाओं पर गुरुवार को सुनवाई स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने इसके अलावा सह-आरोपी महेश राउत को दी गई जमानत के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की अपील को भी स्थगित कर दिया। पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद ग्रोवर की इस दलील पर गौर किया कि गाडलिंग एक अधिवक्ता थे जो तथाकथित माओवादियों का प्रतिनिधित्व करते थे। न्यायमूर्ति बिंदल ने हालांक टिप्पणी की, सिर्फ प्रतिनिधित्व नहीं बल्कि कई अन्य काम कर रहे थे। इस पर अधिवक्ता ग्रोवर ने कहा कि ये महज आरोप थे, जिन्हें गलत साबित किया जा सकता है। न्यायमूर्ति बिंदल ने मुकदमे में देरी पर चिंता जताई, जबकि अधिवक्ता ग्रोवर ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 207 के तहत केवल प्रारंभिक कार्यवाही चल रही है। उन्होंने रिकॉर्ड पेश करने के लिए अतिरिक्त समय देने की अदालत के समक्ष गुहार लगाई।

कांग्रेस के लिए 'फैमिली', हमारे लिए 'नेशन फर्स्ट' : पीएम मोदी

कांग्रेस के कार्यकाल में 'हिन्दू ग्रोथ रेट' का नाम देकर हिन्दुओं को बदनाम किया गया

वार्ता

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा में कांग्रेस पर तीखे हमले करते हुए कहा कि पार्टी एक परिवार का साथ देने की अपनी राजनीति में अटकी हुई है जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार 'सबका साथ सबका विकास' के मंत्र के साथ काम करती है और लगातार तीसरी बार भरोसा अर्जित करने में कामयाब रही है।

श्री मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद के प्रस्ताव पर सदन में दो दिन की चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस का माडल फैमिली फर्स्ट का है जबकि राजग सरकार नेशन फ्फर्स्ट के मानदंड को अपनाकर देश की सेवा करती है। उन्होंने कहा कि विगत में कांग्रेसी सरकारों की नीति में भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण का घालमेल रहा है। कांग्रेस के लिए परिवार सबसे पहले हैं। इसलिए उनका संपूर्ण बल इसमें लगता रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजग सरकार शत प्रतिशत संतुष्टिकरण की नीति को लेकर अपनी योजनायें बनाकर चला रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के दौर में योजनाओं को अटकाने, भटकाने और लटकाने की संस्कृति थी तथा कोटा परमिट व्यवस्था से भारत में लंबे समय तक वृद्धि दर निम्न रही जिससे दुनिया में हिन्दू ग्रोथ रेट के नाम से

हिन्दू समाज को बदनाम किया गया। उन्होंने कहा कि भारत सदियों से मुक्त व्यापार करने वाला देश रहा है। श्री मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण में संविधान निर्माताओं की भावनाओं का आदर किये जाने के आह्वान का उल्लेख करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर परोक्ष रुप से हमला किया। उन्होंने किसी का नाम लिये बगैर कहा कि संविधान को लेकर जेब में लेकर घूमने वाले लोग जातिवादी जहर की राजनीति कर रहे हैं जबकि हम संविधान की भावनाओं के अनुरुप काम करते हैं। उन्होंने कहा, '' हम संविधान को जीते हैं और संविधान निर्माताओं के सपनों को साकार करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि राजग सरकार ने बिना तनाव के एसटी एससी अधिनियम को मजबूत किया है, सामान्य वर्ग के गरीबों को 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की, दिव्यांगों और ट्रांसजेंडर के लिए विशेष व्यवस्थायें की लेकिन कुछ लोग जातिवाद का जहर बोने में लगे हैं। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार देश के संसाधनों और समय का सर्वोत्तम उपयोग करने की प्रतिबद्धता से काम कर रही है और विकास के साथ जन कल्याण को भी आगे बढा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में आरक्षण के मुद्दे पर राजनीति की गयी। एक दूसरे के विरुद्ध संघर्ष रचा गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित राष्ट्र का रास्ता मजबूत बुनियादी ढांचे की राह से गुजरता है और देश को विकसित राष्ट्र बनाने में युवा पीढी की सबसे बडी भूमिका है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों ● शेष पेज 11 पर

स्कूल-कॉलेज में पढ़ा युवा विकसित भारत का बेस

पीएम मोदी ने कहा कि हमने बहुत बड़े तबके को टैक्स से छूट देते हुए 12 लाख तक की आय को करमुक्त कर दिया। 70 साल वालों को बिना शर्त आयुष्मान योजना का लाभ दिया। आज भारत के बुजुर्गों के प्रति दुनिया में आकर्षण बढ़ा है। सबसे ज्यादा लाभ मिडिल क्लास के बुजुर्गों को मिल रहा है। एक न्यू मिडिल क्लास हमें अर्जित हुआ है। हमारा न्यू मिडिल क्लास और मिडिल क्लास की आकांक्षाएं देश की प्रगति को गति देने वाली है। हमने मिडिल क्लास के लिए एक बहुत बड़े हिस्से को टैक्स में इस बजट में जीरो कर दिया है। हमने चार करोड़ घर बनाकर गरीबों को दिए हैं जिसमें से एक करोड़ से ज्यादा घर शहरों में बने हैं। घर खरीदने वालों के साथ बहुत फ्रॉड होता था। हमने रेरा का कानून बनाया है जो मध्यम वर्ग के सपने के साथ जो गतिरोध पैदा करने वाली चीजें थी, उनके खिलाफ हथियार है। जो काम रुके हुए हैं, उसके लिए 15 हजार करोड़ रुपये हमने इस बजट में आवंटित किया है। स्टार्टअप का रिवॉल्यूशन जिसे दुनिया ने देखा भी है। ये स्टार्टअप चलाने वाले नौजवान ज्यादातर मिडिल क्लास के हैं, आज पूरी दुनिया भारत के प्रति आकर्षित है। खासकर जी20 की 50-60 स्थानों पर मीटिंग हुई, उसके बाद विश्व का भारत के टूरिज्म के प्रति आकर्षण बढ़ा है। इसका लाभ भी मिडिल क्लास को मिलने वाला है। आज हमारा मिडिल क्लास आत्मविश्वास से भरा पड़ा है। भारत का मध्यम वर्ग विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हमारे साथ कमर कस के खड़ा हो गया है, हमारे साथ चल पड़ा है। जो अभी स्कूल कॉलेज में हैं, वही विकसित भारत के लाभार्थी बनने वाले हैं। एक प्रकार से विकसित भारत का बेस यही नौजवान है। पिछले 10 साल में इस बेस को मजबूत करने के लिए हमने बहुत सोची समझी रणनीति के साथ काम किया है। 21वीं सदी की शिक्षा कैसी होनी चाहिए, इस पर सोचा भी नहीं गया।

अनधिकृत अप्रवासियों की वापसी नियमानुसार : जयशंकर

वार्ता

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने संसद में गुरुवार को कहा कि अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीय नागरिकों की वापसी निर्धारित प्रावधानों के अनुसार होगी।

डॉ. जयशंकर ने अमेरिका से भारत भेजे जा रहे भारतीय नागरिकों के मुद्दे पर गुरुवार को लोकसभा तथा राज्यसभा में दिये बयान में कहा कि सरकार सिर्फ वैध आवागमन के पक्ष में हैं और अवैध गतिविधियों को रोकने का प्रयास करती है। अमेरिका से जो भी वापसी हो रही है, उनकी जांच की गयी है और आगे भी जारी रहेगी तथा इस प्रक्रिया में अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। विदेश मंत्री ने वर्ष 2009 से लेकर 2024 तक अनधिकृत तरीके से गये नागरिकों की वापसी के आंकडों का हवाला देते हुए कहा कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है और इसके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित नियम और प्रक्रियाएं अपनायी जाती हैं। उन्होंने कहा कि 2009 में 734 नागरिकों की वापसी की गई थी। इसी प्रकार 2010 में 799, 2011 में 597, 2012 में 530, 2013 में 515 और 2014 में 591 अनधिकृत तरीके से गये नागरिकों को वापस किया गया।

उन्होंने कहा कि विदेशों और अमेरिका से वापसी की प्रक्रिया लगातार रही है और प्रतिवर्ष होती है। सभी की वापसी निर्धारित मानक प्रक्रिया से होती है। इसके लिए नागरिक और सैन्य विमानों का प्रयोग होता है। सरकार ने सुनिश्चित किया है कि प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा का ख्याल रखा

जाएगा और कानूनी प्रक्रिया पालन होगा। डॉ. जयशंकर ने कहा, अमेरिका द्वारा निर्वासन को आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा आयोजित और निष्पादित किया जाता है। यह मानक संचालन प्रकिया को आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) द्वारा उपयोग किये जाने वाले विमान से निर्वासन के लिए प्रयुक्त होती है और जो 2012 से प्रभावी है, निर्वासितों के नियंत्रण में सहायक होती है। हालांकि हमें आईसीई द्वार सूचित किया गया है कि महिलाओं और बच्चों पर कोई रोक नहीं लगाई गई है। इसके अलावा पारगमन के दौरान भोजन और संभावित चिकित्सा आपात स्थितियों और अन्य आवश्यकताओं से संबंधित निर्वासित लोगों की जरुरतों पर ध्यान दिया जाता है।पांच फरवरी को अमेरिका द्वारा भेज गये विमान में पिछली प्रक्रिया से कोई बदलाव नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, निसंदेह हम यह सुनिश्चित करने के लिए अमेरिकी सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं ताकि वापस लौटने वाले निर्वासित ● शेष पेज 11 पर

हथकड़ी पहनकर विपक्षी नेताओं ने किया प्रदर्शन

वार्ता

नयी दिल्ली। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और कुछ अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने अमेरिका से 100 से अधिक अवैध प्रवासी भारतीयों को वापस भेजे जाने और उनके साथ कथित तौर पर अमानवीय व्यवहार किए जाने के खिलाफ बृहस्पतिवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया।

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव और विरोध प्रदर्शन में शामिल कई अन्य विपक्षी सांसदों ने अपने हाथों में हथकड़ी पहन रखी थी। उन्होंने 'देश का अपमान नहीं सहेंगे' और 'मोदी सरकार हाय हाय' के नारे लगाए। विपक्षी सांसदों ने अपने हाथों में तख्तियां भी ले रखी थीं। इनमें से कुछ तख्तियों पर 'हर हिंदुस्तानी का स्वाभिमान यही, न्याय दो जंजीर नहीं' लिखा हुआ था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कई अन्य विपक्षी नेता प्रदर्शन में शामिल हुए। ● शेष पेज 11 पर

18 चिकित्सा महाविद्यालयों को कारण बताओ नोटिस जारी

नयी दिल्ली। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने रैगिंग रोधी नियमों का अनुपालन न करने पर 18 चिकित्सा महाविद्यालयों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

इन महाविद्यालयों में दिल्ली, तमिलनाडु, असम और पुडुचेरी के दो-दो, आंध्र प्रदेश और बिहार के तीन-तीन तथा मध्य प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश का एक-एक कॉलेज शामिल है। यूजीसी के सचिव मनीष जोशी ने कहा, ''यह पाया गया कि इन महाविद्यालयों ने रैगिंग के खतरे को रोकने के लिए रैगिंग निरोधक विनियमन, 2009 में निर्धारित अनिवार्य नियमों का अनुपालन नहीं किया था। विशेष रूप से, यह हमारे संज्ञान में आया है कि संस्थान उक्त नियमों के अनुसार विद्यार्थियों से रैगिंग विरोधी शपथ-पत्र प्राप्त करने में विफल रहे। रैगिंग निरोधक विनियमन, 2009 के अनुसार प्रत्येक छात्र और उसके माता-पिता तथा अभिभावकों को दाखिले के समय तथा प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत में रैगिंग ● शेष पेज 11 पर

निजी दुश्मनी निकालने के लिए दहेज कानून का इस्तेमाल मत करिए

वार्ता

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक मामले की सुनवाई के दौरान दहेज के खिलाफ बने कानूनों के दुरुपयोग को लेकर चिंता जताई है। इस दौरान उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि इस कानून के दुरुपयोग को रोकने के लिए दहेज उत्पीड़न के मामलों पर सतर्कता बरतने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने निजी दुश्मनी निकालने या गलत इरादे से दहेज कानूनों के इस्तेमाल को लेकर कड़ी चेतावनी दी है। इस मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने एक शख्स पर पत्नी द्वारा दायर आरोपों को रद्द करने का भी आदेश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने शख्स के खिलाफ लगे आरोपों को खारिज कर दिया। बता दें कि शख्स की पत्नी ने उसके और उसके माता-पिता के खिलाफ आईपीसी की धारा 498-ए, 504, 506, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति

(अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 और दहेज निषेध अधिनियम, 1961 के तहत आपराधिक मामले दर्ज कराए गए थे। इससे पहले हाई कोर्ट ने शख्स के खिलाफ कार्यवाही को रद्द करने से इनकार कर दिया था। हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील की जांच करने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा, ''ऐसी परिस्थितियों में आपराधिक कार्यवाही जारी रखना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। आपराधिक कानून का इस्तेमाल किसी को परेशान करने या बदला लेने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।''

गौरतलब है कि महिला ने 10 फरवरी, 2019 को दायर अपनी शिकायत में अपने पति पर क्रूरता और उत्पीड़न का आरोप लगाया था। उसने दावा किया कि शादी के समय उसके परिवार ने शख्स को एक स्विफ्ट कार, 80 ग्राम सोने की चेन, एक अंगूठी और 50 ग्राम का कंगन सहित कई चीजें दी थीं और शादी में 45 लाख रुपये खर्च हुए थे। महिला ने बताया कि वह अनुसूचित जाति से है और उसका पति ब्राह्मण था। दोनों ने लव मैरेज की थी। उसने आरोप लगाया कि उसके पिता ने उसके पति को बार-बार पैसे दिए थे। इसके अलावा उसने पति पर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप भी लगाया।

वहीं पति की तरफ ने वकील ने तर्क दिया कि यह एक प्रेम विवाह था और पहले दो सालों तक दंपति के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध थे, ऐसे में उत्पीड़न के दावों पर संदेह पैदा होता है। कोर्ट में पति ने तर्क दिया कि यह शिकायत शादी टूटने के बाद सिर्फ बदला लेने के उद्देश्य से की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान यह माना कि महिला द्वारा पेश किए गए सबूत पर्याप्त नहीं हैं।

संपत्तियों की जानकारी देने के लिए 15 तक मोहलत

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। राज्य सरकार ने राज्य कर्मियों को संपत्तियों की ऑनलाइन जानकारी देने के लिए 15 फरवरी तक की मोहलत दे दी है। तय अवधि 31 जनवरी तक 593873 यानी 71 फीसदी कर्मियों ने ही अपनी संपत्तियों की जानकारी मानव संपदा पोर्टल पर दी है।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने गुरुवार को इस संबंध में शासनादेश जारी करते हुए कड़ी नाराजगी जताई है। उनकी ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश के सभी सरकारी अधिकारी व कर्मचारियों और मानव संपदा पोर्टल पर पंजीकृत कर्मियों को वर्ष 2024 में अर्जित संपत्तियों की जानकारी 31 जनवरी तक अनिवार्य रूप से देने का निर्देश दिया गया था। कार्मिक विभाग ने समीक्षा में पाया है कि एक फरवरी 2025 तक पोर्टल पर पंजीकृत कुल 831844 कर्मियों में 593873 अधिकारी और कर्मचारियों ने ही अपनी संपत्ति की जानकारी दी है। मुख्य सचिव ने कर्मियों को एक मौका और देते हुए कहा है कि इसके बाद भी संपत्तियों की जानकारी न देने वालों की पदोन्नति पर विचार नहीं किया जाएगा।

समूह क व ख कर्मियों की सीआर देने की अवधि बढ़ी

लखनऊ। राज्य सरकार ने समूह 'क व 'ख संवर्ग के अधिकारियों और कर्मचारियों को गोपनीय आख्या रिपोर्ट (सीआर) देने की समय सीमा बढ़ा दी है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की ओर से गुरुवार को इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। इसके मुताबिक वर्ष 2023-24 की ऑनलाइन गोपनीय प्रविष्टियों के वर्कफ्लो के लिए 12 फरवरी तक का अतिरिक्त समय दिया गया है। प्रतिवेदक, समीक्षक, स्वीकर्ता मन्तव्य देने ● शेष पेज 11 पर

आबकारी से 60 हजार करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य तय

अब एक ही दुकान पर उपलब्ध होगी विदेशी मदिरा, वाइन व बीयर

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तरप्रदेश में अब हर जिले में फलों से तैयार वाइन की एक एक दुकान होगी। मंडल मुख्यालय में इसके लिए लाइसेंस फीस 50 हज़ार रुपये व अन्य जिलों में 30 हज़ार रुपये फीस होगी। इससे फल उत्पादकों के उत्पादों की खपत बढ़ेगी। इसके अलावा हर राज्य में बड़े परिसर वाली कम्पोजिट दुकानें खुलेंगी। यहां एक साथ विदेशी मदिरा, वाइन व बीयर उपलब्ध होगी। लेकिन यहां मदिरापान की अनुमति नहीं होगी। नई आबकारी नीति में यह भी प्रावधान किया गया है कि कोई भी व्यक्ति या फर्म को अधिकतम दो दुकानें आवंटित हो सकेंगी। अब से विदेशी मदिरा 60 और 90 मिलीलीटर में शीशे की बोतल व सिरोंग पैक में भी उपलब्ध होगी।

आबकारी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने कैबिनेट से मंजूर होने के बाद गुरुवार को पत्रकारों को नई आबकारी नीति के बारे में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार नई नीति के जरिए 60,000

❒ अब हर जिले में फलों से तैयार वाइन की एक- एक दुकान खुलेगी

करोड़ रुपये की सालाना आमदनी का लक्ष्य रखा है। इस नीति के तहत शराब की दुकानों का लाइसेंस अब ई-लॉटरी द्वारा दिया जाएगा। 2026-27 में लाइसेंस रिन्यूवल का विकल्प दिया जाएगा। अब बीयर दुकानों लिए पहले से लाई गई परमिट की व्यवस्था खत्म होगी। बीयर, वाइन एवं एल.ए.बी. को छोड़कर अन्य प्रकार की मदिरा की बार अनुज्ञापनों से सील बन्द बोतलों व कैन की बिक्री अनुमन्य नहीं होगी। पहली श्रेणी में गौतमबुद्ध, गाजियाबाद, आगरा, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ व उसके तीन किमी की परिधि में देशी मदिरा, कम्पोजिट दुकान, मॉडल शाप व भांग की दुकानों के लिए प्रोसेसिंग फीस क्रमशः 65 हजार रुपये, कम्पोजिट में 90 हजार, एक लाख रुपये व भांग के लिए 25 हजार रुपये रखी गई है। दूसरी श्रेणी में उपरोक्त महानगरों के अलावा अन्य महानगरों में देशी मदिरा, कम्पोजिट, मॉडल शाप व भांग की दुकानों के लिए प्रोसेसिंग फीस क्रमशः 60 हजार रुपये 85 हजार रुपये, 90 हजार रुपये व 25 हजार रुपये रखी गई है। तीसरी श्रेणी में नगर पालिका क्षेत्र में देशी मदिरा, कम्पोजिट, मॉडल शाप व भांग की दुकानों के लिए प्रोसेसिंग फीस क्रमशः 50 हजार रुपये, 75 हजार रुपये, 80 हजार रुपये व 25 हजार रुपये रखी गई है। नगर पंचायतों में देशी मदिरा, कम्पोजिट, मॉडल शाप व भांग की दुकानों के लिए प्रोसेसिंग फीस क्रमशः 45 हजार ● शेष पेज 11 पर

डेयरी नीति में होगा बदलाव, 24 घंटे खुलेंगे पशु अस्पताल

लखनऊ। योगी कैबिनेट की बैठक के बाद अब महाकुम्भ 2025 में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग की अहम बैठक होने जा रही है, जिसमें प्रदेश में पशुधन, डेयरी उद्योग और गोशालाओं के विकास पर बड़े निर्णय लिए जाएंगे। 8 फरवरी को महाकुम्भ नगर में होने वाली बैठक में डेयरी पॉलिसी 2022 में बदलाव, पशु अस्पतालों की 24 घंटे उपलब्धता और दुग्ध संघों को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की संभावना है। इस बैठक के बाद कैबिनेट में इन प्रस्तावों को अंतिम मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। योगी सरकार के इन प्रयासों से न केवल पशुधन क्षेत्र का विकास होगा, बल्कि डेयरी उद्योग को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त होगा। योगी सरकार पशु स्वास्थ्य सेवाओं को उन्नत करने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में पशु अस्पतालों को 24 घंटे संचालित करने की योजना बना रही है। बैठक में इस पर मुहर लगने की भी संभावना है। फिलहाल, पशु एंबुलेंस सेवा सुबह से शाम तक ही उपलब्ध है, लेकिन अब सरकार इसे रात्रिकालीन सेवा के साथ 24 घंटे सक्रिय रखने पर काम कर रही है। हर अस्पताल में रात के समय एक पशु चिकित्सक, एक पैरा मेडिकल स्टाफ और 1962 एंबुलेंस सेवा तैनात रहेगी, जिससे किसानों और पशुपालकों को रात में भी अपने पशुओं के इलाज की सुविधा मिलेगी। प्रदेश सरकार गोमूत्र को औद्योगिक उपयोग में लाने की योजना पर कार्य कर रही है। इसके तहत नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (गकक्ष) और कॉरपोरेट कंपनियों के सहयोग से गोमूत्र की खरीद की जाएगी। गोमूत्र से फिनायल, कीटनाशक और जैविक खाद बनाने की योजना है, जिससे न केवल गोशालाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा सकेगा, बल्कि जैविक उत्पादों को बढ़ावा भी मिलेगा। योगी सरकार सीएसआर कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर काम कर रही है। इस योजना में नाबार्ड और अन्य फर्टिलाइजर कंपनियों से सहयोग लिया जाएगा, जिससे गोशालाओं के संचालन में वित्तीय मजबूती आ सके। बरेली के ● शेष पेज 11 पर

अखिलेश ने मिल्कीपुर उपचुनाव में लगाया धांधली का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगाया और कहा कि चुनाव आयोग ने शिकायत मिलने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की।

श्री यादव ने गुरुवार को कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर बड़े पैमाने पर धांधली, बेईमानी हुई। चुनाव आयोग से पार्टी ने धांधली, फर्जी वोटिंग, बूथ एजेंटों को धमकी देने, बूथों से भगा देने की करीब 500 शिकायतें की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होने कहा कि चुनाव आयोग को जो काम करना चाहिए, वो नहीं कर रहा है। भाजपा सरकार ने जाति के आधार पर अधिकारी कर्मचारी और बीएलओ की पोस्टिंग की। अयोध्या के एएसपी को भाजपा के लोग लखनऊ से निर्देश दे रहे थे। भाजपा चुनाव में बेईमानी करती है। श्री यादव ने कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है। जनता को वोट देने का अधिकार मिला हुआ है। चुनाव निष्पक्ष और भयमुक्त होना चाहिए, लेकिन भाजपा सरकार ने पुलिस प्रशासन के जरिए खुले आम धांधली की है। फर्जी वोट डलवाए। मतदाताओं को वोट डालने से रोकने के लिए धमकाया गया है। शिकायतों के बाद भी चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की है। उन्होने कहा कि फैजाबाद एसएसपी की शह पर थानाध्यक्ष ने सपा नेता प्रदीप यादव को फोन पर धमकी दी, गालियां दी, घर जाकर पीटा। चुनाव आयोग से शिकायत की गयी, आयोग ने उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की। एसएसपी ने ही थानाध्यक्ष के जरिए समाजवादी पार्टी के नेता को पिटवाया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने मिल्कीपुर में चुनाव कराने वालों की जाति के आधार पर तैनाती की गयी। एसएसपी राजकरण नय्यर, एसडीएम मिल्कीपुर राजीव रतन सिंह, सीओ मिल्कीपुर श्रेयस त्रिपाठी, थाना इनायतनगर एसओ देवेन्द्र पाण्डेय, थाना कुमारगंज एसओ अमरजीत सिंह, थाना खंडासा संदीप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक पवन तिवारी, एडी बेसिक कौस्तुभ सिंह को तैनात किया गया। इनायत नगर थानाध्यक्ष देवेन्द्र पाण्डेय भाजपा नेता के खास रिश्तेदार हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने उपचुनाव में तैनाती के लिए एक साथ सूची जारी करने के बजाय एक-एक नाम का आर्डर निकाला, जिससे चुनाव कराने वालो की जाति न पता चले। चुनाव में मतदान के दौरान कोई मंत्री वहां नहीं रूक सकता लेकिन फर्जी वोटिंग में जब एक व्यक्ति पकड़ा गया तो उसने खुद मंत्री से बात कराने की कोशिश की। सब मंत्री वहीं रूके थे। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के ट्विटर हैंडल से शिकायतें की गई लेकिन एक भी शिकायत पर आयोग ने कार्रवाई नहीं की। मिल्कीपुर में मतदान के दौरान बूथों पर वोटों को लूटा गया। इससे पहले भी उपचुनाव में लूट हुई थी। अगर उस समय चुनाव आयोग सख्त कार्रवाई किया होता तो मिल्कीपुर में निष्पक्ष चुनाव होता। लेकिन मिल्कीपुर में निष्पक्ष चुनाव नहीं हुआ। भाजपा सरकार बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर द्वारा दिया गया एक का अधिकार छीन रही है।

नायब सिंह सैनी ने सपरिवार संगम स्नान किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुंभ नगर। सनातन संस्कृति के महापर्व महाकुंभ 2025 में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज सपरिवार आस्था, भक्ति और अध्यात्म के संगम में पुण्य स्नान किया। त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की।

महाकुंभ नगर आगमन पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने मुख्यमंत्री सैनी का कुंभ कलश भेंट कर भव्य स्वागत किया और उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ केवल आस्था का संगम नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की जीवंत धरोहर है। यह आयोजन भारत की आध्यात्मिक शक्ति और सांस्कृतिक विरासत का भव्य प्रतीक है, जिसे आज पूरा विश्व देख रहा है और गौरव की अनुभूति कर रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस विराट आयोजन की भव्यता की सराहना करते हुए कहा कि महाकुंभ 2025 सनातन धर्म की दिव्यता और गौरवशाली परंपराओं का प्रतीक बनेगा।

मणिपुर के मुख्यमंत्री पहुंचे महाकुम्भ नगर, साझा किया आध्यात्मिक अनुभव

महाकुम्भ नगर। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह गुरुवार को महाकुम्भ 2025 में भाग लेने के लिए महाकुम्भ नगर पहुंचे। उन्होंने अपने आगमन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए इस दिव्य आयोजन को ऐतिहासिक और दुर्लभ आध्यात्मिक अवसर बताया। मुख्यमंत्री अपने मंत्रीमंडल के सहयोगियों और विधायकों के साथ त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करेंगे। वे इस अवसर पर देश की शांति, समृद्धि और एकता के लिए प्रार्थना करेंगे। बीरेन सिंह ने कहा कि महाकुंभ केवल एक मेला नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और आस्था का महान संगम है।

महाकुंभ में पाकिस्तान से 68 लोग पहुंचे, सनातन संस्कृति से अभिभूत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुंभनगर। महाकुंभ की दिव्यता के बारे में सोशल मीडिया पर देख सुनकर पाकिस्तान के सिंध प्रांत के लोग खुद को यहां आने से रोक ना सके और सिंध प्रांत से 68 हिंदू श्रद्धालुओं का एक जत्था बृहस्पतिवार को यहां पहुंचा।

सेक्टर नौ में स्थित श्रीगुरुकार्ष्णि के शिविर में से सिंध प्रांत से आए गोबिंद राम माखीजा ने बताया, ल्लपिछले दो तीन महीनों में जब से हमने महाकुंभ के बारे में सुना है, हमारी बड़ी इच्छा थी यहां आने की। हम खुद को आने से रोक नहीं सके। उन्होंने बताया, पिछले वर्ष अप्रैल माह में 250 लोग पाकिस्तान से प्रयागराज आए थे और गंगा में डुबकी लगाई थी। इस बार सिंध के छह जिलों- गोटकी, सक्कर, खैरपुर, शिकारपुर, कर्जकोट और जटाबाल से 68 लोग आए हैं जिनमें करीब 50 लोग पहली बार महाकुंभ में आए हैं। श्री माखीजा ने कहा, यहां आनंद आ रहा है, बेहद खुशी हो रही है.. यहां के अनुभव के बारे में कहने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है। कल हम गंगा में डुबकी लगाएंगे। यहां आने पर हमें सनातन धर्म में जन्म लेने का गौरव की अनुभूति हो रही है। सिंध प्रांत के गोटकी से आये मुकेश ने बताया कि वह पहली बार भारत आये है और पहली बार कुंभ में आई है। उन्होंने कहा, यहां पहली बार हमें अपने धर्म को गहराई से देखने जानने का मौका मिल रहा है। बहुत अच्छा लग रहा है। सिंध से जत्था में पहुची करिश्मा ने कहा, मैं पहली बार भारत और इस महाकुंभ में आई हूं। यहां अपनी संस्कृति को देखकर बहुत दिव्य अनुभव हो रहा है। मैं गृहणी हूं और भारत आना मेरा सबसे बड़ा सौभाग्य है। हम पैदा ही वहां हुए और मुस्लिमों के बीच ही रहे। सिंध प्रांत में हिंदुओं के साथ बहुत भेदभाव नहीं हैं जैसा कि मीडिया दिखाती है। लेकिन अपनी संस्कृति को देखने का मौका हमें यहां देखने को मिल रहा है।

भारत में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) कानून को लेकर अपने विचार प्रकट करते हुए सक्कर जिले से आए निरंजन चावला ने कहा, ल्लसिंध में ऐसा माहौल नहीं है कि लोग भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करें। लेकिन राजस्थान (पाकिस्तान के हिस्से वाला) जैसे कुछ इलाकों में हिंदुओं के लिए थोड़ी मुश्किले हैं। अधिवक्ता चावला ने कहा, मैं भारत सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि वीजा जारी करने की प्रक्रिया थोड़ी आसान की जाए। अभी वीजा क्लियर होने में छह महीने लग जाते हैं। हालांकि यहां आए जत्थे को सरलता से वीजा दिया गया जिसके लिए हम भारत सरकार को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने बताया, कल रात्रि में हम महाकुंभ के इस शिविर में आए और आठ फरवरी को यहां से रायपुर जाएंगे जिसके बाद हम हरिद्वार जाएंगे। हमारे जत्थे में लोग छह अस्थि कलश लेकर आए हैं जिन्हें वे हरिद्वार में विसर्जित करेंगे। उन्होंने कहा कि हरिद्वार मोक्ष का द्वार है इसलिए अस्थि को हरिद्वार में प्रवाहित करेंगे।

महाकुंभ में युवाओं की बढ़ती भागीदारी पर साधु संत खुश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। महाकुंभ में युवाओं की बढ़ती भागीदारी से संत समाज प्रसन्न है। उनका कहना है कि यह महाकुम्भ कई मायनों में बेहद सफल रहा है। इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही है कि इस बार सर्वाधिक संख्या में देश के युवा वर्ग की इसमें भागीदारी रही है। ऐसी भागीदारी आज तक नहीं देखी गई।

सनातन संस्कृति के सबसे बड़े समागम प्रयागराज महाकुम्भ में बसंत पंचमी का अमृत स्नान पूर्ण होने के बाद अब धीरे-धीरे यह आयोजन अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। बताया जा रहा है कि 7 फरवरी से यहां अखाड़ों की रवानगी शुरू हो जाएगी। श्री शंभू पंच अग्नि अखाड़ा के महामंडलेश्वर संपूर्णानंद महाराज ने कहा कि महाकुम्भ में इस बार 50 प्रतिशत से ज्यादा वो युवा शामिल हुए, जिनकी उम्र 30 से भी कम रही। ये दिखाता है कि सनातन के प्रति आज के युवाओं में आस्था तेजी से बढ़ रही है और इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जाता है, जिन्होंने विगत कुछ वर्षों में सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण के लिए काफी काम किया है।

महाकुम्भ 2025 में इस बार बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी रही है। बड़ी संख्या में युवा अकेले या अपने परिजनों को लेकर महाकुम्भ में पहुंचे हैं। संपूर्णानंद महाराज के अनुसार, विगत कुछ वर्षों में भारत में जो सांस्कृतिक पुनर्जागरण हुआ है, उससे युवाओं में सनातन संस्कृति को समझने और उसे आत्मसात करने की प्रेरणा मिली है। बड़ी संख्या में युवा महाकुम्भ में सत्संग, कीर्तन का हिस्सा बन रहे हैं। महाकुम्भ में चल रहीं राम कथा, भागवत समेत तमाम प्रवचनों में जाकर सनातन के विचारों और आध्यात्म को जानने का प्रयास कर रहे हैं। 18 से 30 वर्ष के तमाम युवा हमारे पास अपनी संस्कृति को समझने, उसका उद्देश्य जानने के लिए आ रहे हैं। आज गूगल पर सबसे ज्यादा सनातन और आध्यात्म को सर्वाधिक सर्च किया जा रहा। रील बनाने वाली युवा पीढ़ी अब रीयल लाइफ जीना चाह रही है। यह महाकुम्भ युवाओं को जागृत करने वाला साबित हो रहा है। यह आगामी पीढ़ी के लिए शुभ संकेत है। यदि हमारी भावी पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़कर आगे बढ़ेगी तो सनातन का प्रचार होगा। अपराध कम होंगे और समृद्धि बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यह महाकुम्भ सिर्फ युवाओं के लिए नहीं बल्कि हर वर्ग के लिए हितकारी साबित हो रहा है। लोगों की जनभावनाएं एक हो रही हैं। भारत पहले जैसा हो रहा है। लोग आध्यात्म के रंग में सराबोर हो रहे हैं। कोई ऊंच नीच नहीं, कोई भेदभाव नहीं। जैसा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस महाकुम्भ को एकता का महाकुम्भ बताया है,यह महाकुम्भ उसी का उदाहरण बन रहा है। मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी में हर कोई बिना किसी भेदभाव के एक साथ डुबकी लगा रहा है। यहां सामाजिक समरसता का अद्भुत मेल देखने को मिल रहा है। संगम की पवित्र भूमि से लोग यहां की मिट्टी लेकर जा रहे हैं। यह दिखाता है कि लोगों की सोच एक जैसी है। यह एकता और समरसता नए भारत का प्रतिबिंब है। यह शिखर की ओर बढ़ते भारत की सकारात्मक ऊर्जा का संकेत है।

झूठी शिकायत पर अध्यापकों का वेतन रोकने का आदेश रद्द

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने झूठी शिकायत पर तीन शिक्षकों के वेतन रोकने के आदेश को रद्द कर दिया और माध्यमिक शिक्षा सचिव को शिकायतकर्ता के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा है कि नोटिस जारी कर शिकायतकर्ता से जवाब मांगा जाए कि क्यों न उन पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाए। कोर्ट ने कहा कि झूठी शिकायत पर दो दशकों से शांतिपूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे शिक्षकों को परेशान होना पड़ा। न्याय पाने के लिए हाईकोर्ट का चक्कर लगाना पड़ा। यह गम्भीर मामला है। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने श्रीमती दुर्गेश शर्मा और 2 अन्य की याचिका पर दिया। एंग्लो बंगाली बालिका इंटर कॉलेज रकाबगंज, आगरा में सरोज अग्रवाल, दुर्गेश मिश्रा और इंदू बाला कोहली की शिक्षक के रूप में 1998 में नियुक्ति हुई। लगभग दो दशक की नौकरी करने के बाद ग्राम सूरोठी अछनेरा निवासी भूपेंद्र सिंह की शिकायत पर डीआईओएस ने 31 दिसम्बर 2024 के एक आदेश से याचियों का वेतन रोक दिया। इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। याचीगण का कहना था कि उनकी नियुक्ति वैध है। उन्हें पदोन्नत भी किया गया था। दो दशकों के बाद भूपेंद्र सिंह ने याचिकाकर्ताओं में से एक की नियुक्ति के सम्बंध में शिकायत की, जिस पर संज्ञान लिया गया था। हालांकि 21 नवम्बर 2023 के आदेश से शिकायत खारिज कर दी गई थी। शिकायत खारिज होने के बावजूद, उसी शिकायत के आधार पर सभी याचिकाकर्ताओं के खिलाफ सम्बंधित डीआईओएस को सम्बोधित 15 अप्रैल 2023 को एक संचार द्वारा संयुक्त निदेशक शिक्षा स्तर पर एक जांच स्थापित की गई थी। याचिका कर्ताओं ने अपने-अपने जवाब प्रस्तुत किए। अंततः डीआईओएस ने 31 दिसम्बर 2024 के एक आदेश से याचिकाकर्ताओं का वेतन रोक दिया। कोर्ट ने कहा कि पारित पूर्व आदेश की गलत व्याख्या की गई है। याचियों की नियुक्ति उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर की गई है। कोर्ट ने डीआईओएस के आदेश को रद्द कर दिया। साथ ही कहा कि ऐसा लगता है कि शिकायतकर्ता की शिक्षा विभाग के अधिकारियों से अच्छी सांठ-गांठ है। क्योंकि पहले की शिकायत को खारिज कर दिया गया था। बाद में दो दशकों के बाद जांच शुरू की गई और विवादित आदेश पारित किया गया। कोर्ट ने शिकायतकर्ता पर आपराधिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

महाकुम्भ आकर हो रहा सनातनी होने का गौरव : ईशा गुप्ता

महाकुम्भ नगर। भारतीय अभिनेत्री और मॉडल ईशा गुप्ता भी गुरुवार को आस्था की डुबकी लगाने महाकुम्भ पहुंचीं। उन्होंने महाकुम्भ में की गई व्यवस्थाओं को लेकर योगी सरकार की तारीफ की और कहा कि यहां आकर उन्हें सनातनी होने पर गौरव की अनुभूति हो रही है। महाकुम्भ में अपनी उपस्थिति को लेकर ईशा गुप्ता ने कहा कि मैं यहां एक बॉलीवुड अभिनेत्री के रूप में नहीं, बल्कि एक सनातनी के रूप में आई हूं। बॉलीवुड एक्टर्स का काम एक्टिंग करना है, लेकिन भारतीय होने के नाते यहां आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। ईशा गुप्ता ने कहा की महाकुम्भ में व्यवस्था बहुत अच्छी रही है, 144 साल में यह अवसर आया है। मोदी और योगी ने इस आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने के लिए काफी मेहनत की है। मुझे नहीं लगता कि इतना बड़ा आयोजन इतनी सारी व्यवस्थाओं के साथ पूरे विश्व में कहीं भी हो पाएगा। पूरी दुनिया में लोग जानते हैं कि भारत जैसी आस्था किसी और देश में नहीं। महाकुम्भ के माध्यम से आज पूरी दुनिया इसका अनुभव कर रही है। उन्होंने कहा कि हम बचपन से मूवी तक में देखते रहे हैं कि यहां महाकुम्भ में आकर लोग खो जाते हैं। लेकिन इस बार इतनी ऑर्गेनाइज व्यवस्था रही है कि लोग इस पर रील बनाकर प्रशंसा कर रहे हैं। व्यवस्था इतनी सुदृढ़ है कि लोग स्वतः ही लाइन से आ और जा रहे हैं। किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है। उन्होंने अपील की कि यदि आप सनातन धर्म को फॉलो करते हैं तो हर हर महादेव का नारा लगाकर यहां चले आइए।

घायल कार्यकर्ता का हाल चाल लेने पहुंचे भाजपा नेता

अयोध्या। पूर्व सांसद लल्लू सिंह, पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय समेत अन्य भाजपा नेताओं ने अस्पताल पहुंचकर घायल भाजपा कार्यकर्ता बब्बन तिवारी का हाल जाना। बब्बन तिवारी लखनऊ से लौटते समय अपने किसी रिश्तेदार से मिलने के लिए खण्डासा गये हुए थे। यहां सपा के कुछ कार्यकर्ताओं ने उनके उपर जानलेवा हमला कर दिया। गम्भीर अवस्था में उनका जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने इलाज किया। इसके बाद उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया। मुलाकात के बाद पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता अपने रिश्तेदारी में गये थे। जब वहां से वह वापस जा रहे थे। तो रास्ते में सपा के कार्यकर्ताओं ने उनके उपर हमला कर दिया। इन्हें बुरी तरह से पीटा। काफी चोट आयी है। प्रशासन मामले में सख्त कार्रवाई कर रहा है। डबल इंजन की सरकार में अपराध व अपराधियों का कोई स्थान नहीं है।

बिजली कर्मियों ने की संविदा कर्मियों की बहाली की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। निजीकरण के विरोध में आंदोलनरत बिजली कर्मचारियों ने हटाये गये संविदा कर्मियों को तत्काल नौकरी में वापस लिये जाने की मांग की है।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन पर ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशान्ति का वातावरण बनाने का आरोप लगाते हुए मांग की कि हटाये गये संविदा कर्मियों को तत्काल नौकरी में वापस लिया जाये और उनके हटाये जाने के आदेश निरस्त किये जाये। उन्होंने कहा कि निजीकरण के बाद दिल्ली में एक साल के अन्दर-अन्दर लगभग 50 प्रतिशत कर्मचारियों को वीआरएस लेने के लिए मजबूर कर दिया गया था। इसी प्रकार 01 फरवरी को चंडीगढ़ विद्युत विभाग का निजीकरण करने के पहले 200 से अधिक बिजली कर्मियों को वीआरएस लेने के लिए बाध्य किया गया।

यह संख्या कुल बिजली कर्मियों की संख्या का लगभग आधा है। संघर्ष समिति ने कहा कि उप्र में भी इसी तर्ज पर निजीकरण के पहले संविदा कर्मियों को बड़े पैमाने पर हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नियमित कर्मचारियों को भलीभांति पता है कि निजीकरण के पहले बड़े पैमाने पर नियमित कर्मचारियों को भी हटाया जायेगा अथवा उन्हें वीआरएस लेने के लिए मजबूर किया जायेगा। उन्होने कहा कि अकेले पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में लगभग 50 हजार संविदा कर्मियों और 26 हजार नियमित कर्मचारियों पर छंटनी की तलवार लटकी हुई है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मी किसी भी कीमत पर निजीकरण स्वीकार नहीं करेंगे।

अवैध प्लाटिंग व अवैध निर्माण पर एलडीए की कार्यवाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गुरुवार को एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए गोसाईंगंज में लगभग 50 बीघा क्षेत्रफल में चल रही 3 अवैध प्लाटिंग को बुलडोज़र चला कर ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा अलीगंज व कृष्णानगर क्षेत्र में बिना स्वीकृत मानचित्र के किये जा रहे 3 व्यावसायिक निर्माणों को सील कर दिया। प्रवर्तन जोन 1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी के अनुसार महेन्द्र शुक्ला व अन्य द्वारा गोसाईंगंज के लक्ष्मनपुरवा व दुलारमऊ में लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह महेन्द्र शुक्ला, एसके गुप्ता, विशाल शुक्ला व अन्य द्वारा गोसाईंगंज के ग्राम-दुलारमऊ में लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग करते हुए अलकनंदा ग्रीन्स नाम से कालोनी विकसित की जा रही थी। इसके अलावा दुर्गेश सोनी व अन्य द्वारा सुल्तानपुर रोड स्थित ग्राम-बक्कास में लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन तीनों अवैध प्लाटिंग को विहित न्यायालय के आदेश पर प्रवर्तन टीम ने ध्वस्त कर दिया। वहीं प्रवर्तन जोन-3 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय के अनुसार राकेश बाजपेयी व अन्य द्वारा कृष्णानगर के अलीनगर सुनहरा में लगभग 150 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा तारा देवी व अन्य द्वारा अलीनगर सुनहरा में भूमि खसरा संख्या-430 व 440 पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इन दोनों अवैध निर्माणों को प्रवर्तन टीम ने गुरूवार को सील कर दिया। इसके अलावा प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार के अनुसार अखिल गुप्ता व अन्य द्वारा अलीगंज के सेक्टर-के में भूखण्ड संख्या-बी-10/18 पर लगभग 180 वर्गमीटर क्षेत्रफल में शोरूम के लिए दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इस अवैध निर्माण को प्रवर्तन टीम द्वारा सील कर दिया गया।

अल्ट्राटेक सीमेंट बारा द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत किया गया जागरूक

सिर्फ 8 घंटे गाड़ी चलाएं वह भी चाय ब्रेक के साथ : सुधीर शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बारा,प्रयागराज। अल्ट्राटेक सीमेंट बारा द्वारा आयोजित वाहन जागरूकता कार्यक्रम में चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के तरीके सुझाए गए। अल्ट्राटेक सीमेंट बारा द्वारा प्लांट में आयोजित जागरूकता सप्ताह में यूनिट हेड सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

यूनिट हेड सुधीर शर्मा ने कहा कि वाहन चालक भारत की आर्थिक प्रगति में अहम भूमिका निभाते हैं। लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने, सामान को यहां से वहां पहुंचने में इनकी अहम भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। यह भी हमारे समाज का ही एक हिस्सा हैं और हमारे जीवन को सुगम बनाते हैं।

उन्होंने कहा, इसलिए हमें भी एक पारिवारिक सदस्य की तरह इनका ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वह लगातार आठ घंटा वाहन न चलाएं। अगर लंबी दूरी की यात्रा कर रहे हैं तो बीच-बीच में ब्रेक लेते रहें। यदि शरीर थका हुआ महसूस हो तो गाड़ी को किनारे लगाकर आराम करें। शरीर के रिलैक्स होने पर ही आगे गंतव्य की ओर निकले।

इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन यूनिट हेड सुधीर शर्मा ने किया और कार्यक्रम की अध्यक्षता लॉजिस्टिक्स हेड शिवम चौरसिया ने की। कार्यक्रम का आयोजन हेड रोड ऑपरेशन सर्वेश दुबे और लॉजिस्टिक टीम के द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर आलोक गुप्ता वरिष्ठ पत्रकार मौजूद थे। इस अवसर पर कंपनी के समस्त अधिकारी और एम्पलाई मौजूद थे, जिसमें मुख्य रूप से एचआर हेड संजय सिंह, सेफ्टी हेड रवि शुक्ला, लॉजिस्टिक ऑफिसर सुदर्शन चतुर्वेदी, अरुण शुक्ला, अनुपम, नीरव, अवनी, धीरज के अलावा सभी ड्राइवर और ट्रांसपोर्टर बंधु मौजूद थे

उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

एडमिन यूनिट/जोन	लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	PnU-LKO-AY-WRL-82-24-1 (Pay and Use - Lounges/ Waiting / Retiring/Cloak Rooms)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	24.01.2025
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	10.02.2025 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	10.02.2025 समय 10:30 बजे
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	PnU-LKO-AY-WRL-81-24-2 (Pay and Use - Lounges/ Waiting / Retiring/Cloak Rooms)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	24.01.2025
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	10.02.2025 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	10.02.2025 समय 10:40 बजे
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	ADVT-LKO-AY-OH-465-23-1 (Advertising - Out of Home)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	23.01.2025
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	08.02.2025 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	08.02.2025 समय 10:30 बजे
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	ADVT-LKO-AYC-OH-466-23-1 (Advertising - Out of Home)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	23.01.2025
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	08.02.2025 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	08.02.2025 समय 10:40 बजे
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	ADVT-LKO-PFM-OH-546-25-1 (Advertising - Out of Home)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	28.01.2025
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	13.02.2025 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	13.02.2025 समय 10:30 बजे
नीलामी का प्रकार	Close Ended
वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 403/25

यातायात व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा को सुगम बनाने के लिए हुई बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रेजेंटेशन के दौरान जिलाधिकारी विशाख जी ने बताया गया कि आम जनमानस को सुगम यातायात व्यवस्था एवं नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद लखनऊ मे विभिन्न विभागों की अनुरक्षित सड़कों पर विभागों / कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा विभागीय कार्य हेतु सड़कों की खुदाई (रोड कटिंग) की अनुमति हेतु एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से विभागीय कार्य हेतु रोड कटिंग की अनुमति ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से समयानुसार प्राप्त की जा सकेगी। यह गत्रए द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर है जिसको सर्वप्रथम जनपद कानपुर में इंप्लीमेंट किया गया था। इस पोर्टल का मुख्य उद्देश्य रोड कटिंग के समय विभागों में के अंतर विभागीय समन्वय बनाए रखना एवं समस्त अनापत्तियां क्रमबद्ध रूप में ऑनलाइन प्रणाली से दिया जाना है। इस पोर्टल को अभी शहरी क्षेत्रों में लागू किया जाएगा। शहरी क्षेत्र की मेन रोड्स पर यदि किसी भी विभाग या निजी संस्था को रोड कटिंग करनी है तो रोड कटिंग से पहले उसे पोर्टल पर अनुमति लेना अनिवार्य हैं। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर अनुमति जारी करने की समय सीमा 7 दिवस की होगी। प्रेजेंटेशन के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि रोड कटिंग की अनुमति के लिए नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी अमित कुमार होंगे। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर रोड कटिंग की अनुमति का आवेदन करने के लिए आवेदनकर्ता संस्था/विभाग को आवेदनकर्ता अधिकारी का नाम, मोबाइल नम्बर, कब से कब तक की अनुमति चाहिए है समय सीमा का विवरण, रोड कटिंग के स्टार्टिंग प्वाइंट से एंड प्वाइंट तक के लेटलॉन्ग कोआर्डिनेट, किस विभाग की सड़क की कटिंग करना है आदि विवरण दर्ज कराने होंगे। आवेदन के बाद आवेदन को सम्बन्धित विभाग जिसकी रोड है उसको गए के लिए और ट्रैफिक पुलिस को गए के लिए ऑनलाइन पोर्टल से हीअग्रसारित हो जाएगा। संबंधित विभाग स्थलीय निरीक्षण के पश्चात अपनी अपनी गए देना सुनिश्चित करेंगे। कोई विभाग यदि रोड कटिंग के उपरांत उसकी मरम्मत हेतु धनराशि की डिमांड करते है, तो देय धनराशि जमा करने के उपरांत विभाग द्वारा गए दी जाएगी। जिसके बाद जिला प्रशासन द्वारा रोड कटिंग की अनुमति जारी की जाएगी।

जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि 11 फरवरी से 21 फरवरी तक पोर्टल का ट्रायल रन किया जाएगा। जिसके बाद मार्च से इसको लॉन्च करने की योजना बनाई जा रही है। पोर्टल लॉन्च के बाद किसी भी विभाग/संस्था द्वारा रोड कटिंग करने हेतु इस पोर्टल के माध्यम से अनुमति प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा।जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि विद्युत विभाग और जल कल विभाग के लिए इमरजेंसी एथोराइजेशन का आप्शन भी दिया जा रहा है। ताकि किसी आकस्मिक स्थिति में कार्य बाधित न होने पाए। उक्त बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी कानपुर, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी लखनऊ सहित विभिन्न विभाग एवं टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

वाटरशेड यात्रा वैन के रायबरेली पहुंचने पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । जल का मानव जीवन में महत्व एवं भूमि संरक्षण के बारे में लोगों में व्यापक जागरूकता लाने के लिए लखनऊ से आगे बढ़ी वाटरशेड यात्रा वैन के रायबरेली पहुंचने पर भूमि संरक्षण अधिकारी, कृषि विभाग रायबरेली की अगुआई में राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी वॉटरशेड विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. हीरा लाल ने ग्रामीणों, ग्राम प्रधानों व जनप्रतिनिधियों के साथ रमईपुरकला (हसनापुर), ब्लाक सरेनी में वैन का स्वागत किया।

डॉ. हीरा लाल ने वैन के पहुंचने पर कहा कि पेड़ लगाने में बहादुरी नहीं है, पेड़ को जीवित रखने में बहादुरी है। वाटरशेड यात्रा में स्कूली बच्चों ने सुबह प्रभात फ़ेरी निकालकर जल, जंगल, जमीन बचाने का सन्देश घर-घर पहुँचाया है। इसके साथ ही मोटर साइकिल रैली एवं स्वयं सहायत समूह की महिलाएं व अन्य ग्रामीण महिलाओं द्वारा वाटरशेड यात्रा के उद्देश्य को सफल बनाने के लिए कलश यात्रा निकाली गयी है। कृषक विद्या मंदिर विद्यालय में स्कूली बच्चों व ग्रामवासियों द्वारा नाटकीय रूप देते हुए जल संरक्षण पर आधारित नुक्कड़ नाटक किया है।

इस दौरान मृदा और जल संरक्षण पर आधरित निबन्ध प्रतियोगिता में अव्वल आयी छात्राओं को डॉ. हीरा लाल द्वारा पुरस्कृत किया गया। सभी लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. हीरा लाल ने विद्यालय में उपस्थित सभी लोगों को धरती माँ के मुख्य घटक जल जंगल जमीन के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि हमारी दो माता हैं। दूसरी माता पृथ्वी हैं, जो जल, जंगल और जमीन से बनी हैं। सभी लोग धरती माता की रक्षा, सुरक्षा करके शुद्ध हवा, शुद्ध पानी एवं शुद्ध भोजन प्राप्त कर अपना जीवन सम्पन्न और खुशहाल बनायें।

राही पर्यटक आवास गृह खुर्ज़ा को पीपीपी मोड पर देकर संचालित करने के लिए एग्रीमेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की उपस्थिति में आज उनके आवास पर पर्यटन विभाग के राही पर्यटक आवास गृह खुर्जा बुलन्दशहर को पीपीपी मोड पर संचालित करने के लिए एग्रीमेंट किया गया। इसी प्रकार की 09 और सम्पत्तियों के लिए भी शीघ्र समझौता किया जायेगा,जबकि 11 सम्पत्तियां पूर्व में ही पीपीपी मोड पर दी जा चुकी है। इन समझौतों से सकारात्मक परिणाम आयेगा।

एग्रीमेंट के पश्चात मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन के प्रति बढ़ते आकर्षण के कारण उप्र. पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने जा रहा है। इसको देखते हुए पुराने राही पर्यटक आवासों को पीपीपी मोड पर हस्तान्तरित कर संचालित करने के लिए दिया जा रहा है। अपनी गौरवशाली संस्कृति, ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व एवं धार्मिक विरासतों तथा समृद्ध प्राकृतिक वन संपदा के चलते पर्यटन के क्षेत्र में निवेश आकर्षित हो रहा है, जिससे रोजगार के अवसर तथा प्रदेश जयवीर सिंह ने बताया कि पहले चरण में कैबिनेट से स्वीकृत 11 राही पर्यटक आवास गृहों को पीपीपी मोड पर दिया जा चुका है। द्वितीय चरण में स्वीकृत चार राही पर्यटक आवास गृहों की स्वीकृति मिली थी, जिसमें राही पर्यटक आवास गृह खुर्जा, बुलंदशहर का आज श्री कृष्णा कंट्रैक्टर्स के साथ एग्रीमेंट हुआ है। शेष तीन राही पर्यटक आवास गृह भदोही, राही पर्यटक आवास गृह मुंशीगंज अमेठी तथा राही पर्यटक आवास गृह देवा शरीफ बाराबंकी का शीघ्र एग्रीमेंट होगा।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि तृतीय चरण में राही पर्यटक आवास गृह सुमेर सिंह किला (इटावा), राही पर्यटक आवास गृह कपिलवस्तु (सिद्धार्थनगर), राही पर्यटक आवास गृह शिकोहाबाद (फिरोजाबाद), विन्ध्याचल (मीरजापुर), झील महल रेस्टोरेंट (मऊ) व गोपीगंज (भदोही) को पीपीपी पर देने के लिए बुधवार को कैबिनेट ने स्वीकृति दी है। शीघ्र ही इनका भी एग्रीमेंट किया जाएगा। कैबिनेट ने राही पर्यटक आवास गृह बस्ती और वृंदावन की निविदा आमंत्रित करने पर भी अपनी मुहर लगा दी है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्राचीन धरोहर भवनों एडाप्टिव रियूज के अंतर्गत 13 इकाइयों को पीपीपी पर देने के लिए कैबिनेट ने स्वीकृति दी है। इसमें बालबेहट फोर्ट ललितपुर, टहरौली फोर्ट झांसी, सीताराम महल कोटवन किला मथुरा, रघुनाथ राव महल झांसी, वजीरगंज की बारादरी गोंडा, आलमबाग भवन लखनऊ, सेनापति महल कुलपहाड़ महोबा, कोठी गुलिस्तान-ए-इरम दर्शन विलास लखनऊ, टिकैत राय बारादरी कानपुर नगर, मस्तानी महल महोबा, भूरागढ़ फोर्ट बांदा, रनगढ़ फोर्ट बांदा और लेक पैलेस तालकोठी चरखारी महोबा शामिल है।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि देश में पर्यटन उद्योग का परिदृश्य निरंतर बदल रहा है। उक्त इकाइयों के निर्माण एवं संचालन में प्रशिक्षित/विशेषज्ञ संस्थाओं की आवश्यकता है, जिनका निर्माण एवं संचालन विशेषज्ञ संस्थाओं/निजी निवेशकों द्वारा कराया जाना पर्यटन के दृष्टिकोण से लाभकारी एवं लोकप्रिय होगा। इससे पर्यटन उद्योग से जुड़े हुए व्यवसायियों एवं सेवा प्रदाताओं का आर्थिक उन्नयन होगा।

बच्ची के अपहरण और हत्या का सनसनीखेज खुलासा, अंधविश्वास की बलि चढ़ी मासूम छात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, दुबग्गा । कोतवाली क्षेत्र के भरावन कला में 8 वर्षीय बच्ची के अपहरण और हत्या की दिल दहला देने वाली घटना का पर्दाफाश लखनऊ पुलिस ने किया है। पुलिस ने अपनी तत्परता और कुशल जांच के जरिए इस जघन्य अपराध को सुलझाया और आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। यह मामला अंधविश्वास से जुड़ा हुआ था। जिसमें एक मासूम बच्ची की जान ले ली गई। घटना 24 जनवरी 2025 की है, जब बच्ची के पिता श्री छोटे लाल ने दुबग्गा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी 8 वर्षीय बेटी अचानक घर से गायब हो गई थी। बच्ची के लापता होने के बाद, पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बच्ची की तलाश शुरू की। कोतवाली दुबग्गा और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने मामले की गहराई से जांच शुरू की और सुराग जुटाने में सफलता प्राप्त की। पुलिस द्वारा जारी जांच में 2 फरवरी को पीड़िता का शव थाना सैरपुर क्षेत्र से बरामद किया गया। शव की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में यह सामने आया कि बच्ची की हत्या की गई थी। इसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश तेज़ कर दी। 6 फरवरी को पुलिस ने जांच के आधार पर आरोपी महिला जुगनू को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान जुगनू ने पूरी सच्चाई उगलते हुए बताया कि उसके पति सोनू पंडित ने तंत्र-मंत्र के जरिए बलि चढ़ाने की योजना बनाई थी। जिसमें मासूम बच्ची की हत्या की गई।

जुगनू ने बताया कि 23 जनवरी को उसके पति ने बच्ची को घर बुलाया और तंत्र-मंत्र के माध्यम से उसे बलि चढ़ाने की योजना बनाई। इस पूरे षड्यंत्र में पत्नी जुगनू भी शामिल थी। इसके बाद सोनू पंडित ने बच्ची का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। दोनों ने मिलकर बच्ची की हत्या की और शव को बॉक्स में बंद करके घटनास्थल से करीब 6 किलोमीटर दूर नाले में फेंकने का षड्यंत्र रचा। पुलिस की तमाम कोशिशों के बाद करीब 9 दिन बाद शव को सैरपुर थाना क्षेत्र से बरामद किया गया।

आत्महत्या और पुलिस पर गंभीर आरोप

हालांकि, महिला जुगनू और उसके पति सोनू पंडित को पुलिस ने शक के आधार पर थाने बुलाया था। पूछताछ के दौरान कई अहम कड़ियां जुड़ी, जिससे पूरा मामला स्पष्ट हो गया। इस घटनाक्रम के बीच आरोपी सोनू पंडित ने सजा के डर से आत्महत्या कर ली। वहीं, पत्नी जुगनू ने पुलिस पर गंभीर आरोप भी लगाए।

महत्वपूर्ण साक्ष्य की बरामदगी:

इस मामले में पुलिस आयुक्त श्री अमरेंद्र कुमार सेंगर, डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव, एसीपी काकोरी शकील अहमद, थाना प्रभारी अभिनव कुमार वर्मा और अन्य पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम ने सफलता प्राप्त की। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार किया और इस जघन्य अपराध में शामिल कई महत्वपूर्ण साक्ष्य, जैसे काले रंग की साइकिल, रस्सी, सफ़ेद पारदर्शी पन्नी और तंत्र-मंत्र से संबंधित सामग्री बरामद की।

अभिषेक ने की धुआंधार बल्लेबाजी, गुरुकुल ने जीता मैच

लखनऊ । अंडर-25 करीम चिश्ती मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुकुल क्रिकेट क्लब ने सिद्धार्थ ग्लोबल क्लब को 211 रन से मात दे दी। इस मैच में अभिषेक सिंह ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 70 बाल पर 102 रन बनाये। गुरुकुल क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में सात विकेट गवांकर 327 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज शिवांश सिंह मात्र 20 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। वहीं अभिषेक सिंह ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 11 चौका और छह छक्का की मदद से 70 बाल पर 102 रन जड़े। अभिषेक यादव ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए छह चौका और दो छक्का की मदद से 52 बाल पर 60 रन बनाये। अभिषेक यादव ने शानदार गेंदबाजी भी की और मात्र दो रन देकर तीन विकेट झटक लिये। उत्कर्ष वर्मा ने छह चौका और दो छक्का की मदद से 40 बाल पर 56 रन बनाये। आदित्य ने 38 रन का योगदान दिया। सिद्धार्थ ग्लोबल की पूरी टीम 116 रन बनाकर ही पवेलियन लौट गयी और गुरुकुल ने 211 रन से मैच को जीत लिया।

एनसीसी युवाओं को नेतृत्व और आत्मनिर्भरता की दिशा में करता है प्रेरित : आनंदीबेन पटेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में गुरुवार को राजभवन में एन.सी.सी. कैडेट अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने एन.सी.सी. कैडेट्स, ए.एन.ओ., पीआई स्टाफ एवं अधिकारियों को पदक एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले ग्रुप को एनसीसी बैनर देकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान यह सम्मान विशेष रुप से गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स का दिया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स की अनुशासन, देशभक्ति और कर्तव्यपरायणता की भावना की सराहना करते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि एन0सी0सी0 युवाओं को नेतृत्व, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रसेवा की दिशा में प्रेरित करता है। उन्होंने कैडेट्स को आगे बढ़ने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने एनसीसी कैडेट्स की उपलब्धियों की सराहना की। युवाओं से विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उन सभी एनसीसी कैडेट्स का अभिनंदन किया, जिन्होंने राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस शिविर में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस परेड में चयनित होना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है और यह अनुभव कैडेट्स के जीवन की एक अमिट स्मृति बनेगा। राज्यपाल ने कहा कि एनसीसी की स्थापना में राष्ट्रीय एकता और अनुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने इस पर प्रसन्नता व्यक्त की कि आज एन0सी0सी0 कैडेट्स की संख्या 20 लाख तक पहुंच गई है, जिसमें 08 लाख से अधिक महिला कैडेट्स शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में एनसीसी का दायरा बढ़ाया गया है और इसे सीमावर्ती तथा तटीय क्षेत्रों तक विस्तार दिया गया है। इस विस्तार से सीमावर्ती क्षेत्रों के युवाओं को नई दिशा और अवसर मिले हैं।

राज्यपाल ने कहा कि एनसीसी दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन है, जो युवाओं को नेतृत्व, राष्ट्रसेवा और अनुशासन का प्रशिक्षण देता है। उन्होंने इस बात पर गर्व जताया कि भारत के युवा वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बना रहे हैं और विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति को सशक्त करने के लिए सरकार ने बीते 10 वर्षों में अनेक प्रयास किए हैं, जिनमें कौशल विकास, डिजिटल सेवाओं का विस्तार, सिंगल विंडो सिस्टम, शिक्षा में सुधार, आसान बैंक लोन और मुद्रा लोन जैसी योजनाएं शामिल हैं। ये सभी पहल युवाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं।राज्यपाल ने एनसीसी ग्रुप गाजियाबाद को एडीजी एनसीसी बैनर जीतने पर बधाई दी, साथ ही सभी पुरस्कार विजेताओं को उनकी उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएं दीं।

सपा सांसद के गनरों ने जबरन टोल बैरियर हटाया, भाजपा ने कार्यवाही की करी मांग

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी से इटावा के सांसद जितेंद्र कुमार दोहरे के बंदूकधारी गनरों ने जबरन टोल बैरियर हटाया और 35 लग्जरी कारों को बिना टोल चुकाए निकाल लिया। इस दौरान टोल कर्मियों ने विरोध किया तो उन्हें धमकाया गया। इस मामले के चर्चा में आने पर भाजपा पदाधिकारियों में गुस्सा व्याप्त है और उन्होंने समाजवादी पार्टी सांसद के लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय ने सांसद के लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग करते हुए कहा कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर लाल टोपी काले कारनामे वालों की गुंडागर्दी सामने आई है। इटावा के सांसद जितेंद्र कुमार दोहरे और उनके गुंडों ने टोल कर्मियों से अभद्रता की और टोल दिए बिना वहां से निकल गए। जहां सपा रहेगी वहां गुंडागर्दी होगी। भाजपा के प्रवक्ता राकेश ने कहा कि वर्तमान समय में समाजवादी पार्टी के लोग बिल्कुल नहीं बदले हैं, उनके गुंडागर्दी वाले रवैया में कोई बदलाव नहीं है। समाजवादी पार्टी सांसद के इस बर्ताव के लिए उनके विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं, आगरा के रहनकलां टोल पर हुई घटना में टोल प्रबंधक नारायण सिंह ने समाजवादी पार्टी के सांसद के दो गनरों रंजीत कुमार और शिवम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आगरा के पुलिस उपायुक्त नगर सोनम कुमार ने बताया कि गनर रंजीत कुमार और शिवम कुमार के विरुद्ध अभद्रता एवं मौके पर उकसाने का प्रयास करने, स्थानीय प्राधिकरण की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

थाइलैंड के प्रो. नथिसुवन ने कहा, हड़जोड़ और जिम्नेमा जैसे धरोहर को संजोने पर करें काम

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। सी.एस.आई.आर-सीमैप, लखनऊ में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का गुरुवार को समापन हुआ। सत्र की शुरुआत डॉ? अजीत कुमार शासनी, निदेशक, सी.एस.आई.आर-एन.बी.आर.आई, द्वारा की गई, जिन्होंने औंस पौधों में सेकेंडरी मेटाबोलाइट्स से आत्मरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। थाइलैंड के प्रोफ़ेसर नथिसुवन ने अपने देश में हर्बल उत्पादों का पारिस्थितिकी तंत्र पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने हड़जोड़ और जिम्नेमा पौधों से स्वास्थ्य लाभों के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संजोएं। डॉ. माया कैसरी, निदेशिका वैज्ञानिक, सी.वाई.आर.ओ.आई, फ्रांस ने एलो मैक्रा के उदाहरण से एक्सट्रेक्टोथेक की भूमिका पर अपनी प्रस्तुति दी। डॉ. कैसरी ने बायोडायवर्सिटी संरक्षण, कृषि विकास और बायोकैमिकल विश्लेषण के महत्व पर भी चर्चा की। डॉ. आर. सतीश कुमार, प्रोफ़ेसर और विभागाध्यक्ष, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारथिअर विश्वविद्यालय, कोयंबटूर द्वारा साल्विया ऑफिसिनियालिस (गार्डन सेज) के मेटाबोलिक इंजीनियरिंग से उच्च मूल्य वाले डाइटरपिन्स, कार्नोसोल और कार्नोसिक एसिड के संवर्धन पर वार्ता की। सम्मेलन के समापन सत्र में पोस्टर प्रतियोगिता और फ़्लैश टॉक के विजेताओं को मेंटो और सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया। समापन समारोह में आई.ओ.आर.ए के निदेशक डॉ. मोहम्मद रजा संजाबी ने सी.एस.आई.आर-सीमैप का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस सम्मेलन ने सभी शोधकर्ताओं को एकत्र करने का अद्वितीय अवसर प्रदान किया है और प्रोफ़ेसर सुरकित नथिसुवन ने सीमैप के कार्यों की सराहना की। उन्होंने भारत को वैश्विक पहचान दिलाने में इसके योगदान की तारीफ की। उन्होंने कहा कि सीमैप का काम निस्वार्थ एवं प्रेरणादायक है।समारोह में डॉ? प्रबोध कुमार त्रिवेदी, निदेशक, सीएसआईआर - सीमैप ने सम्मेलन को शिक्षाप्रद और संवादात्मक बताया और कहा कि यह भविष्य के सहयोग और परियोजनाओं के लिए एक बेहतर पलटफ़ॉर्म प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य क्षमता निर्माण और सहयोग बढ़ाना था और उन्होंने अन्य देशों से भी भागीदारी की उम्मीद जताई।

राजभवन में प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी सात से नौ फरवरी

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बसन्त ऋतु में प्रतिवर्ष राजभवन प्रांगण में लगने वाली तीन दिवसीय 'प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी' 07 से 09 फरवरी तक आयोजित की जा रही है। इसका उद्घाटन शुक्रवार को पूर्वाह्न 10 बजे किया जाएगा। इसके साथ ही प्रदर्शनी जनसामान्य के अवलोकन हेतु खोल दी जाएगी। इस वर्ष प्रदर्शनी में कुल 1774 प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न वर्गों में अपने प्रदर्शों का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शनी में प्रमुख आकर्षण के रूप में विभिन्न प्रकार के प्राकृतिक फूलों से बनाई गई विशालकाय गणपति की प्रतिमा, ग्रह मण्डल, श्री राम जन्मभूमि मन्दिर, अपना प्यारा घर, विभिन्न पशु पक्षी, भारत एवं उत्तर प्रदेश का मानचित्र ओडीओपी दर्शाते हुए, मगरमच्छ एवं आदिवासी किसान सहित आकृतियां आदि प्रदर्शित की जाएंगी।

शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर्स के रूप में प्रशिक्षित करेगी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । प्रदेश में विद्यालय प्रबंधन और संचालन को सुदृढ़ बनाने के लिए योगी सरकार 75 जिलों से 150 शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर्स के रूप में प्रशिक्षित करने जा रही है। यह राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बक्शी का तालाब, लखनऊ में आयोजित होगा। यह 11 फरवरी से 18 फरवरी तक चलेगा। तीन चरणों में संपन्न होने वाले इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स को विद्यालय प्रबंधन, शिक्षण व्यवस्था और एसएमसी के प्रभावी संचालन पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। मार्च के अंत तक लगभग 20 लाख से अधिक प्रशिक्षकों की प्रभावी श्रृंखला तैयार कर ली जाएगी। इसके साथ ही शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ कराने की राह आसान होने लगेगी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने और विद्यालयों के संचालन को सुचारु बनाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रशिक्षित शिक्षक अपने अनुभवों और सीख को आगे बढ़ाकर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाएंगे, जिससे भविष्य की पीढ़ी को बेहतर शिक्षा प्राप्त हो सकेगी। प्रशिक्षण में शामिल होने वाले सभी शिक्षकों के लिए फोटो पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य किया गया है। पहचान पत्र न होने पर प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी और चयनित प्रशिक्षणार्थी को वापस लौटना पड़ेगा। विभाग द्वारा प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने जिलों में ब्लॉक स्तर पर चयनित दो-दो अन्य शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। ये प्रशिक्षित शिक्षक आगे अपने संबंधित ब्लॉक में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से सभी प्रधानाध्यापकों और विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) के अध्यक्षों को प्रशिक्षित करेंगे। इसके बाद, एसएमसी अध्यक्ष अपनी विद्यालय प्रबंध समिति के अन्य सदस्यों को उनके कार्य और दायित्वों की विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे, जिससे विद्यालय संचालन अधिक प्रभावी और सुचारु हो सके।

मास्टर ट्रेनर्स जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत ब्लॉक स्तर के 3,544 चयनित शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। फिर ये शिक्षक अपने ब्लॉक के सभी प्रधानाध्यापकों और विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) के अध्यक्षों को प्रशिक्षित करेंगे, जिससे 2,67,176 प्रशिक्षितों की एक प्रभावी श्रृंखला तैयार होगी। जिसके माध्यम से विद्यालय प्रबंध समिति के शेष बचे सदस्यों को विद्यालय स्तर पर मार्च तक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे लगभग कुल 20 लाख से अधिक प्रशिक्षित सदस्य तैयार हो जाएंगे।

बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा, ''योगी सरकार के नेतृत्व में हम यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं कि प्रदेश के प्रत्येक छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। विद्यालयों के संचालन में सुधार और प्रबंध समितियों के सदस्यों को प्रशिक्षित कर उन्हें अधिक सक्षम बनाना हमारी प्राथमिकता है। हम इस दिशा में आगे बढ़ चुके हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर्स के रूप में तैयार किया जाएगा, जिससे शिक्षा क्षेत्र में नए बदलाव का मार्ग प्रशस्त होगा और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक अवसर मिलेंगे।

बाक्सिंग : केडी सिंह बाबू स्टेडियम ने जीती सीनियर व जूनियर वर्ग की ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी

लखनऊ। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के मुक्केबाजों ने समन्वय लखनऊ जिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सीनियर और जूनियर वर्ग की ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। वहीं, सब-जूनियर और मिनी वर्ग में माडर्न अकादमी ने ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। बॉक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ और क्षेत्रीय खेल कार्यालय, लखनऊ के समन्वय से आयोजित इस चैंपियनशिप में सीनियर और जूनियर वर्ग में केडी सिंह बाबू स्टेडियम ने 34 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि किड फिट स्पोर्ट्स फिटनेस जोन (केएफएसएफजेड) 26 अंकों के साथ उपविजेता बना। सब-जूनियर और मिनी वर्ग में माडर्न अकादमी ने 38 अंकों के साथ जीत दर्ज की, जबकि एलपीसी-विनम्र खंड 31 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। चैंपियनशिप के दौरान बेस्ट बॉक्सर का पुरस्कार जीतने के लिए कड़ा मुकाबला देखने को मिला। इसमें सब-जूनियर वर्ग में एलपीसी-विनम्र खंड के वंश को बेस्ट बॉक्सर घोषित किया गया। जूनियर वर्ग में माडर्न अकादमी के मोनीरुल इस्लाम को बेस्ट बॉक्सर का पुरस्कार मिला।

वार्षिक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में की शिरकत शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पहला सीतापुर । जनपद सीतापुर के पहला क्षेत्र में स्थित श्री महावीर प्रसाद मिश्र मेमोरियल शिक्षण संस्थान में गुरुवार को रजत जयंती के अवसर पर वार्षिक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवता से भाजपा विधायक ज्ञान तिवारी ने शिरकत की।समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर और मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीतापुर के विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, महमूदाबाद एसडीएम शिखा शुक्ला और क्षेत्राधिकारी वेद प्रकाश श्रीवास्तव मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रबंधक श्रीनिवास मिश्र, उपप्रबंधक गौरव मिश्र, कृतार्थ मिश्र और मधुकर मिश्र ने सभी अतिथियों का मां सरस्वती , श्रीराम चंद्र और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया।

प्रधानाचार्या एकता मिश्रा ने एसडीएम को स्मृति चिन्ह भेंट किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत समेत कई अन्य गीतों की प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई , कार्यक्रम में विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं, पूर्व छात्रों और पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, ग्राम प्रधान और विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अर्पित शुक्ला ने किया। विशेष रूप से सहयोग छात्र शिक्षा समिति के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार ने विधायक और एमएलसी को रामचरित मानस भेंट कर सम्मानित किया।

54वें पड़ाव पर पधारे जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा (सीतापुर) । आपसी प्रेम, सौहार्द, सामाजिक समरसता तथा प्रभु की भक्ति की प्रेरणा जगाते हुये 86 दिवसीय जनजागरण यात्रा लेकर जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज जी महाराज कल सायंकाल मछरेहटा, बहोरनपुर के रामलीला मैदान पर अपने 54वें पड़ाव हेतु पधारे। स्थानीय भाई-बहनों ने फूलमालाओं, कलशों तथा वाद्ययन्त्रों के साथ यात्रा का भावपूर्ण स्वागत किया। आज यहां सत्संग संदेश सुनाते हुये संत जी ने कहा कि यह मानव जीवन अनमोल है। इसी शरीर में रहते हुये किसी जगे हुये महात्मा की ''जिन्होंने सुरत शब्द योग की साधना करके अपनी आत्मा को जगाकर परमात्मा का दीदार कर लिया हो'', तलाश करके उनसे भजन का रास्ता लेकर चैबीस घण्टे में एक घण्टा, दो घण्टा भजन कर लें नहीं तो यह जीवन खाने-पीने तथा दुनिया के ऐशो आराम में व्यर्थ चला जा रहा है। यहां का एक तिनका भी अपने साथ नहीं ले जा सकते हो। यह मृत्यु लोक है। खाली आये थे और खाली ही चले जायेंगे। इसलिये आपस में बिना किसी भेदभाव के हिलमिलकर रहें। एक-दूसरे के काम आयें। छोटे से प्यार तथा बड़ों का सम्मान करें। जिस प्रकार शरीर को आप दोनों समय भोजन देते हो उसी प्रकार अपने शरीर में बैठी जीवात्मा को भी भोजन दो। जीवात्मा का भोजन-भजन है। महाराज जी ने भजन की तीन क्रियायें पहला सुमिरन, दूसरा ध्यान तथा तीसरा भजन को भी विधिवत समझाया। संस्थाध्यक्ष ने कहा कि यदि आप अच्छा समाज बनाना चाहते हैं तो पहले शाकाहारी बने और दूसरे किसी भी प्रकार के नशों का परित्याग करें। जब तक इन दो परहेजों को आप नहीं अपनायेंगे तब तक आंखों में मां बहन बेटी की पहचान कायम नहीं होगी। और देश को घृणित कृत्यों से शर्मसार होना पड़ेगा।

उन्होंने 13 मार्च से 15 मार्च तक जयगुरुदेव आश्रम मथुरा में होने वाले होली पर्व पर आने का निमन्त्रण भी दिया। समारोह में पुलिस प्रशासन का भी सहयोग रहा।

इस अवसर पर मोती लाल, शिवराज सिंह, वीरपाल, बहोरनपुर ग्राम प्रधान मो. कलीम, बबलू अवस्थी ब्लॉक प्रमुख, प्रधान अंकित सिंह, रामपाल सिंह, रजनीश मिश्रा, राम दयाल, शंभू नाथ वर्मा, ब्रह्मानन्द, सुश्री पूनम सिंह, डिम्पू यादव, डा. दिलकेश्वर यादव, शंभू प्रसाद वर्मा आदि सहित कई सम्मानितजन उपस्थित रहे।

सत्संग के बाद जनजागरण यात्रा अगले पड़ाव हेतु प्रा. स्वास्थ्य केन्द्र संदना के लिये प्रस्थान कर गई। जहां कल (आज) दिन में 12.30 बजे से सत्संग आयोजित हैं ।

बेटियां बनीं कोतवाल व तहसीलदार, सुनी फरियाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहम्मदी-खीरी।छात्रों का आत्म विश्वास बढ़ाने को लेकर शासन की मंशा के अनुरूप महिला सशक्ति कार्यक्रम के अनुसार बृहस्पतिवार को सुनैना एक दिन की तहसीलदार एवं आकांक्षा को कोतवाल बनाया गया।इस दौरान दोनों छात्रा ने जनता की समस्या को सुनकर निर्देश दिए।

मिशन शक्ति फ़ेस 5 के अंतर्गत छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाने को लेकर गुरेला विद्यालय इंचार्ज गरिमा सिंह कुशवाहा ने कक्षा 8 की छात्रा को एक दिन के लिए तहसीलदार बनवाया।तहसील में पहुंचते ही तहसीलदार प्रीति सिंह ने एक दिन की बनी तहसीलदार सुनैना का स्वागत स्वागत कर अपनी कुर्सी पर बैठाया और जनता की समस्याओं को निस्तारण के लिए सुनैना ने निर्देशित किया।कंपोजिट विद्यालय गुरेला कक्षा 8 की छात्रा आकांक्षा कुशवाहा को एक दिन का कोतवाल बनाया गया प्रभारी निरीक्षक ने अपनी कुर्सी पर बैठाकर कोतवाली का भ्रमण कराया रखरखाव का निरीक्षण कराया।भ्रमण के दौरान विस्तार में कोतवाल आकांक्षा को जानकारी दी कोतवाली में आई समस्याओं को लेकर आकांक्षा ने संबंधित पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया।बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी,खंड शिक्षा अधिकारी शशांक सिंह ने इंचार्ज गरिमा सिंह कुशवाहा की जमकर तारीफ की।इस मौके पर सत्येंद्र बहादुर सिंह,अमित कुशवाहा, रेनू श्रीवास्तव सहित अन्य स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

सुनैना को एक दिन की तहसीलदार एवं आकांक्षा को बनाया कोतवाल

मनरेगा घोटाले में अव्वल बेहटा, हवा में बन गया अमृत सरोवर व बांध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलस्मी जिम्मेदारों ने तिलस्मी काम करते हुए मोदी जी के सपनों के पंखों पर चला दिया आरा,फर्जी कामों के जरिए लाखों का हो गया वारा न्यारा।

बेहटा(सीतापुर) । सीतापुर मनरेगा कामों में राज्य के कुछ जिलों में अव्वल नजर तो आ रहा पर इसमें प्रमुख योगदान ब्लॉक बेहटा के कुछ कर्मठ ग्राम प्रधानों,सचिवों व उच्चाधिकारियों का अतुलनीय सहयोग को भुलाया नहीं जा सकता जिन्होंने हवा में ही बना डाला मोदी जी के ड्रीम प्रोजेक्ट अमृत सरोवर और करवा लिया फर्जी तरीके से लाखों का भुगतान। ग्राम पंचायत सिड़किड़ा के निवासी समाजसेवी ने शपथपत्र के माध्यम से ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव के द्वारा ग्राम पंचायत में कराए गए मानक विहीन कार्यों की जांच कराने को लेकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से शिकायत की है।मालूम हो कि शिकायती पत्र में ग्राम प्रधान व अन्य जिम्मेदारों के द्वारा मनरेगा सहित अन्य वित्त से लाखों रुपए के कामों को मानक विहीन व हवा में ही दिखा कर सरकारी धन का बंदरबांट कर लिया गया है।प्रधानमंत्री जी के ड्रीम प्रोजेक्ट अमृत सरोवर को न खुदवा कर फर्जी एम बी के जरिए फर्जी मजदूरों के खातों पर लाखों की धनराशि आहरित कर ली गई,यही नहीं बंधा निर्माण के नाम पर,पुलिया निर्माण के नाम पर भी यही खेल खेला गया जिससे आहत हो ग्रामवासी ने शिकायत की तो उसे डराया धमकाया गया।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत सिड़किड़ा तो मात्र एक बानगी है क्षेत्र बेहटा की तकरीबन 5 दर्जन ग्राम पंचायतों में इसी खेल के चलते सीतापुर में ही नहीं समूचे उत्तर प्रदेश में मनरेगा कामों में बेहटा ने अपना लोहा मनवाया है।

अब सवाल यह उठता है कि ऐसे ग्राम प्रधानों,सचिवों,तकनीकी सहायकों सहित अन्य जिम्मेदारों के खिलाफ इन कामों की कब होती है धरातलीय जांच और दोषियों को किस स्तर तक मिलता है दण्ड या यूं ही धमकी व भय खाता रहेगा शिकायतकर्ता और सरकारी धन को लूटते रहेंगे जिम्मेदार?

ज्वलनशील पदार्थ लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची महिला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

झांसी। पुस्तैनी संपत्ति को बिना बंटवारा के बेचने का आरोप लगाकर कई दिनों से कार्यवाही की मांग कर रही महिला आज जिलाधिकारी कार्यालय में तेल की पिपिया लेकर पहुंच गई। जिसे समय रहते वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने पकड़ लिया। महिला को तत्काल जिलाधिकारी से वार्ता कराकर उसे थाना कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। कोतवाली थाना क्षेत्र के बड़ागांव गेट बाहर निवासी प्रियंका पत्नी अनूप कुशवाहा गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। वह अपने हाथ में एक थैला लिए थी। जिसके अंदर मिट्टी के तेल की पिपिया रखी थी। बताया जा रहा है उसके अन्दर ज्वलनशील पदार्थ था। इससे पहले कि महिला कोई आत्मघाती कदम उठाती उसे वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने पकड़ लिया। महिला की तत्काल जिलाधिकारी से वार्ता कराई गई। महिला ने बताया कि उसकी पुस्तैनी संपत्ति को परिवार जनों ने बिना बंटवारे के ही बेच दिया। इस संबंध में वह कई बार शिकायती पत्र दे चुकी लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। महिला की पूरी बात सुनने के बाद उसे कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

साप्ताहिक पैठ बाजारों को हटाए जाने के विरोध में लोनी के भाजपा विधायक ने बेची सब्जी

गाजियाबाद । जिले के मुख्य मार्गों पर लगने वाले साप्ताहिक पैठ बाजारों को हटाए जाने के विरोध में लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने अनूठे तरीके से विरोध शुरू कर दिया। उन्होंने गुरुवार को लोनी में सब्जी का ठिया लगाकर सब्जी बेची। विधायक का सब्जी बेचने का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो गया। जिसके बाद यह जिले में चर्चा का विषय बन गया। गाजियाबाद के पैंठ बाजार बंद करने के आदेश के विरोध में लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर लोनी दो नंबर में नीलम फैक्टरी रोड पर सब्जी बेचने पहुंचे। उन्होंने सब्जी का ठिया लगाया। इस मौके पर विधायक ने पुलिस कमिश्नर और लखनऊ में बैठे अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए। विधायक ने बताया कि कमिश्नर द्वारा बाजार बंद करने के आदेश के बाद लोगों को व्यापार करने में परेशानी आ रही है। अब लोगों पर व्यापार नहीं है। लोग भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। कुछ व्यापारी उनसे मिलने उनके निवास पर पहुंचे थे।

शेरपुर कलाँ में ज़ियारत-ए-हरमैन शरीफैन कॉन्फ्रेंस का शानदार आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। शेरपुर कलां बरकाती अकैडमी की जानिब से ''हरमैन शरीफैन कॉन्फ्रेंस'' का शानदार आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुफ़्ती मोहम्मद हामिद रज़ा बरकाती और उनकी वालिदा व बहन के मुबारक सफर-ए-उमराह पर रवाना होने के मौके पर रखा गया था। इस मुबारक महफ़िल की सदारत मुफ़्ती मंज़ूर आलम रज़वी (शैख़ुल हदीस, दारुल उलूम ग़ौसिया) ने फ़रमाई, जबकि दिल्ली से तशरीफ लाए मशहूर आलिम-ए-दीन मुफ़्ती तस्लीम रज़ा खान ने इसमें ख़ास तौर पर शिरकत की। इस आयोजन का मकसद हरमैन शरीफैन की फज़ीलत, वहां की हाजिरी की अहमियत और इस सफर की बरकतों पर रोशनी डालना था।कार्यक्रम का आगाज़ तिलावत-ए-क़ुरान और नात-ए-पाक से हुआ। इसके बाद मुफ़्ती मंज़ूर आलम रज़वी ने अपने बयान में हरम शरीफ मक्का-मदीना की अज़मत और वहां की हाजिरी की अहमियत पर रोशनी डाली। उन्होंने कहाः''दुनिया में बहुत से मुक़द्दस मक़ामात हैं, लेकिन हरम शरीफ और मदीने शरीफ की फज़ीलत सबसे आला और बेमिसाल है। इसके बाद मुफ़्ती तस्लीम रज़ा खान ने अपने बयान में कहाः''हरम शरीफ की हाजिरी अल्लाह तआला का एक अज़ीम इनाम है। जब कोई वहां जाता है, तो उसे चाहिए कि वह अल्लाह की इबादत में मशगूल रहे, तवाफ करे, नमाज़ें अदा करे और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगे। उन्होंने ताकीद की कि मुफ़्ती हामिद रज़ा बरकाती इस मुबारक सफर में मुल्क, मिल्लत और तमाम उम्मत-ए-मुस्लिमा के लिए दुआ करें। इस मौके पर कई वक्ताओं ने मुफ़्ती मोहम्मद हामिद रज़ा बरकाती की तालीमी और दीनी खिदमात को सराहा। वक्ताओं ने कहा कि, ''बरकाती अकैडमी के तहत उन्होंने जिस तरह से इल्म और तर्बियत के मैदान में नई रोशनी फैलाई है, वह काबिले-तारीफ है। उन्होंने न सिर्फ बच्चों की तालीम बल्कि समाज में इस्लामी तालीमात के प्रचार-प्रसार में भी अहम भूमिका निभाई है।कॉन्फ्रेंस के आखिर में मुफ़्ती मंज़ूर आलम रज़वी ने खास दुआ करवाई, जिसमें बड़ी तादाद में मौजूद उलेमा-ए-किराम, मशाइख, तलबा और अकीदतमंदों ने मुफ़्ती हामिद रज़ा बरकाती, उनकी वालिदा और बहन के सफर की सलामती और कबूलियत के लिए दुआ की। मौलाना हामिद रज़ा बरकाती साहब के साथ हज और उमराह पर जाने वाले शेरपुर कला और पूरनपुर के जायरीन को मौलाना शाने रज़ा खान (ग़ौसिया हज टूर ट्रेवल्स) की जानिब से गुल पोशी करवाई गई, उसके बाद तमाम जायरीन को मुबारकबाद पेश की गई।मुबारकबाद देने वालों में मौलाना साजिद रज़ा खान, हाफिज शाहिद रज़ा,हाफ़िज़ मोहम्मद आसिफ, हाजी रियाजत, नूर खान, पूर्व प्रधान जावेद खान, हाजी असलम कुरैशी, हाजी नदीम, हाजी फैयाज अहमद, अकरम कुरैशी, यूसुफ़ कुरैशी, लल्ला लाइट वाले, यामीन कुरैशी, हसीब कुरैशी एडवोकेट समीत कस्बे के तमाम लोगों ने शिरकत की।कॉन्फ्रेंस का समापन दरूद-ओ-सलाम और अल्लाह की बारगाह में इबादत की कुबूलियत की दुआ के साथ हुआ है।

कार की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

झरेखापुर सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीतापुर लखीमपुर मार्ग पर कार की टक्कर से दो बाइक सवार घायल हो गए।घायलों को 112 पी आर वी की गाड़ी से जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां से लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।महेन्द्र निवासी अंगरासी थाना तालगांव गुरुवार शाम मिश्री लाल निवासी डीह पुरवा थाना कोतवाली देहात बाइक से डीहपुरवा जा रहे थे।कोतवाली देहात क्षेत्र के उल्जापुर मोड़ के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मारते हुए चली गई।टक्कर से दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को 112 पी आर वी की गाड़ी से जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया।

डीएम ने किया निर्माणाधीन आचार्य नरेन्द्र देव स्मृति पार्क सीतापुर का स्थलीय निरीक्षण

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने गुरुवार को निर्माणाधीन आचार्य नरेन्द्र देव स्मृति पार्क, सीतापुर का स्थलीय निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने वाकिंग ट्रैक, वाटर बॉडी, टायलेट ब्लॉक, वाच टॉवर, आर.सी.सी. बेंच सहित अन्य निर्माण कार्यों को देखा। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त कार्यों की शीघ्र मरम्मत कराते हुए शेष कार्यों को समय से पूर्ण कराएं। कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। इसके साथ ही पार्क के सौंदर्यीकरण हेतु आवश्यक प्रस्ताव तैयार कराते हुए अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। पार्क के प्रवेश स्थल पर गेट एवं मार्ग के निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रेषित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पार्क को शीघ्र संचालित कराए जाने हेतु आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाये। पार्क को निर्धारित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित कराते हुए वन विभाग को हस्तांतरित कराए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि पार्क में सुरक्षा के भी समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाए। जिलाधिकारी ने इलासिया बाल वनोद्यान का भी निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

तोतानगर में हाइड्रा की टक्कर से बाइक सवार तीन बच्चों की हुई मौत

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के गांव तोता नगर मजरे जुगराजपुर में एक तेज रफ्तार हाइड्रा की टक्कर से बाइक सवार तीन बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना के बाद चालक हाइड्रा छोड़कर भाग निकला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन के साथ ही तीनों शवों को कब्जे में ले लिया है।थाना क्षेत्र के गांव रुकुनपुर निवासी कमलेश पुत्र राम किशोर, सूरज पुत्र राजेन्द्र व सर्वेश पुत्र रमेश अलगू गुरुवार की शाम को अपने परिजनों के साथ राजा फतेहपुर के गांव पूरे त्रिवेदी गांव में निमंत्रण से घर लौट रहे थे।वह गांव तोतानगर के पास पहुंचे ही थे कि सेमरौता की तरफ से आ रही तेज रफ्तार हाइड्रा ने बाइक में तेज टक्कर मार दी जिससे तीनों बच्चों की मौके पर मौत हो गई है। इस दर्दनाक घटना के बाद क्षेत्र में कोहराम मच गया और भारी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गये लेकिन घटना के बाद चालक हाइड्रा छोड़कर भाग निकला।घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सच्चिदानंद राय मय दलबल के साथ मौके पर पहुंच गये और वाहन के साथ ही तीनों शवों को कब्जे में ले लिया है।

नाबालिग के साथ गैंगरेप, 15 दिन बाद भी एफआईआर नही हुई दर्ज

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में एक चौंका देने वाला मामला सामने आया है, जहां कक्षा 6 की 14 वर्षीय छात्रा के साथ चार युवकों ने गैंगरेप किया, घटना 20 जनवरी की रात की है, लेकिन पुलिस ने 15 दिनों तक पीड़िता की एफआईआर दर्ज नहीं की। घटना के अनुसार, मोहल्ले का मिशान नाम का युवक अपने तीन साथियों रंगबाज, साहिल और अज्जू के साथ सफ़ेद रंग की गाड़ी में आया, आरोपियों ने नाबालिग को हथियार की नोक पर गाड़ी में बिठाया और शहर के गभड़िया स्थित सुनसान इलाके में ले गए. वहां चारों ने बारी-बारी से उसका शारीरिक शोषण किया. पीड़िता बेहोश हो गई, जिसके बाद आरोपी उसे कार में डालकर लखनऊ के चारबाग स्टेशन पर छोड़ गए। पीड़िता के पिता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मोबाइल लोकेशन से मिशान को पकड़ा, लेकिन बाद में उसे और उसके साथियों को छोड़ दिया गया. पीड़िता और उसके माता-पिता लगातार न्याय के लिए थाने और पुलिस कार्यालय के चक्कर काट रहे थे, लेकिन केवल आश्वासन ही मिलता रहा। एसपी कुंवर अनुपम सिंह से मुलाकात के बाद मामले में एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं.एसपी ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है. यह घटना पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है, जहां एक नाबालिग के साथ हुए जघन्य अपराध में भी तत्काल कार्रवाई नहीं की गई।

भुगतान के बाद भी कार्य में देरी पर अधिशाषी अभियंता से की जाए रिकवरी : जिलाधिकारी

कानपुर । जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने गुरुवार को अल्पसंख्यक विभाग द्वारा पीएमजेवीके के अन्तर्गत छावनी में निर्माणाधीन सार्वजनिक बारात घर सद्भाव मण्डप का जायजा लिया। दो करोड़ पच्चीस लाख रुपये की परियोजना जनवरी 2020 में प्रारम्भ हुयी थी जिसका पूरा भुगतान भी 2023 में हो चुका है लेकिन निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है। इसके साथ ही जितना कार्य पूर्ण हुआ भी है उसमें कई तरह की खामियां भी पायी गयीं हैं। जिसे देख उन्होंने वक्फ विकास निगम के अधिशाषी अभियंता खिलाफ विभागीय कार्रवाई और घटिया निर्माण की रिकवरी करवाने की बात कही है। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) योजना के तहत अल्पसंख्यक समाज के होने वाले मांगलिक कार्यकमों के लिए शासन की ओर से निर्माणाधीन सार्वजनिक बारात घर सद्भाव मण्डप के निर्माण की गुणवत्ता बेहद कम पायी गयी। पत्थर की जो टाइलिंग की गयी है उसका लेवल बराबर नहीं है। भवन में किया गया प्लास्टर अभी से निकल रहा है। बाहर की दीवारों पर नमी और स्टील के फ्रेम में जंग लग चुकी है।

खेत में सरसो काट रहे किसान पर तेंदुए ने किया हमला, दर्दनाक मौत, दहशत का माहौल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रेंजर गजेन्द्र सिंह यादव ने टीम के साथ घटनास्थल का लिया जायजा,किसानों को किया एलर्ट

निघासन-खीरी। दक्षिण निघासन रेंज अंतर्गत जंगल के बीचों-बीच बसे गांव में तेंदुए ने एक किसान को मौत के घाट उतार दिया।लगातार दूसरे दिन तेंदुए द्वारा इंसानों पर की गई,इस प्राणघातक घटना से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हैं।सूचना मिलने पर रेंजर गजेन्द्र बहादुर सिंह यादव ने वनविभाग की टीम के साथ फौरन घटना स्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया और ग्रामीणों को तेंदुए से सावधान रहने की अपील की।

जानकारी के अनुसार दक्षिण निघासन रेंज लुधौरी अंतर्गत ग्राम बैलहाडीह निवासी किसान नंदकिशोर यादव (50) अपने खेत में सरसों की फसल काट रहा था।कि तभी पड़ोस के गन्ने खेत से निकले तेंदुए ने नंदकिशोर यादव पर हमला कर दिया और उसकी गर्दन काटकर मौत के घाट उतार दिया।चीख पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक नंदकिशोर की मौत हो चुकी थी।इस घटना की सूचना पाकर रेंजर निघासन गजेंद्र बहादुर सिंह यादव वन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों को तेंदुए से अलर्ट रहने की अपील की।ज्ञातव्य हैं कि पहले ग्रामीणों द्वारा किसान की मौत बाघ के हमले से होने का कयास लगाया जा रहा था।लेकिन रेंजर ने बताया कि किसान की मौत तेंदुए के हमले से हुई हैं,यहां पर गौरतलब है कि गत बुधवार को ग्राम अदलाबाद निवासी रामनरेश गुप्ता पर भी तेंदुए ने प्राण घातक हमला किया था। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया था,उल्लेखनीय हैं कि डीहा गांव चारों तरफ खेर के जंगलों के बीच में बसा हैं,जिसकी वजह से जंगली जानवरों का खतरा हमेशा बरकरार रहता हैं।रेंजर गजेन्द्र सिंह ने किसानों को अलर्ट किया हैं इस घटना की वजह से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गई हैं वहीं वन विभाग की टीम तेंदुए को पकड़ने के लिए डेरा डाल दिया हैं।

ठगी का शिकार हुआ पुलिसकर्मी साइबर टीम ने लौटवाए पैसे

फिरोजाबाद। थाना साइबर अपराध पुलिस टीम ने गुरूवार को साइबर ठगी का शिकार हुए पुलिसकर्मी के 46,000 रुपए उसे सकुशल वापस लौटवाए है। पैसे पाकर पुलिसकर्मी के चेहरे पर खुशी आ गई। फिरोजाबाद जिले के थाना शिकोहाबाद क्षेत्र आगरा गेट अमृत नगर निवासी सिपाही विजय कुमार पुत्र स्व. सोपाली सिंह वर्तमान में जीआरपी जनपद हाथरस में तैनात है। उन्होंने ऑनलाइन शिकायती पत्र दिया कि किसी अज्ञात के द्वारा मोबाइल फोन कॉल के माध्यम से उनसे धोखाधड़ी कर विभिन्न खातों में रुपये डलवाकर साइबर ठगी कर ली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद के पर्यवक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह थाना साइबर क्राइम को घटना के शीघ्र अनावरण हेतु निर्देशित किया। थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने समयबद्ध प्रयास करते हुए सम्बन्धित बैंकों को पत्राचार किया। जिसके क्रम में पीड़ित सिपाही के कुल 46,000 रुपये उसे सकुशल वापस कराए गए है। पीड़ित सिपाही द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित एवं थाना साइबर अपराध पुलिस टीम का धन्यवाद प्रकट किया गया है।

थाई मंदिर में माघी पूजा को लेकर हुई बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। बुद्ध स्थली स्थित थाई मंदिर परिसर में माघी अमावस्या के अवसर पर 20 से 24 फरवरी तक आयोजित चार दिवसीय बुद्ध धातु शोभायात्रा समारोह को लेकर एक तैयारी बैठक की गई। जिसमें आयोजन की सफलता को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी गई। बुधवार की शाम को आयोजित बैठक थाई मंदिर के प्रमुख भिक्षु फ्राविडेश्वचिरायन (डा0 पी सोम पोंग) के देख रेख में हुई बैठक में माघी पूजा को लेकर विचार विमर्श किया गया। भिक्षु फ्राविडेश्वचिरायन ने बताया कि तथागत बुद्ध के निर्वाण के बाद अंतिम संस्कार के बाद उनकी राख को आठ गणराज्यों में बांटा गया था। कार्यक्रम में 20 फरवरी को बुद्ध पर आधारित गीत प्रतियोगिता में 30 स्कूलों के बच्चे भाग लेंगे। 21 फरवरी को बुद्ध व थाई राजाओं पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता, मेडिटेशन, 22 फरवरी को बुद्ध का विशेष पूजन, थाई क्लिनिक में निःशुल्क चिकित्सा कैंप, 23 फरवरी को थाई मंदिर में किंग रामा 9 की प्रतिमा के समक्ष कैंडल जलाकर आह्वान पूजन, 16 थाई अतिथियों की उपस्थिति में विशेष पूजा, ओपनिंग सेरेमनी/वार्षिकोत्सव, बुद्ध धातु शोभायात्रा थाई मंदिर से महापरिनिर्वाण मंदिर तक, 24 फरवरी को बुद्ध धातु शोभायात्रा महापरिनिर्वाण मंदिर से रामा स्तूप तक, शाम को थाई मंदिर स्थित चैत्य पर 108 अतिथियों व भिक्षुओं द्वारा पूजन से होगा। इस अवसर पर फ्रा खू सोन क्रान, अंबिकेश त्रिपाठी, ओमप्रकाश कुशवाहा, विवेक कुमार गोंड, सूरज यादव, ध्रुव सिंह पटेल, विनोद कुमार जायसवाल, आरडी यादव, टीके राय आदि मौजूद रहे।

सिंदूरदान विवाह की पूर्णता है : अंकुश जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। कसया नगर स्थित श्रीरामजानकी मंदिर (मठ) में पंद्रहवें वर्ष दस दिवसीय श्रीराम महायज्ञ के तीसरे दिन बुधवार की रात अयोध्या धाम से आये कलाकारों ने श्रीरामलीला के अंतर्गत प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव का मंचन कर दर्शाया कि प्रभु ने संसार के कल्याण हेतु धरा धाम पर अवतार लिया। वहीं चौथे दिन गुरुवार को दोपहर में वृंदावन से आये कथा वाचक अंकुश जी महाराज ने श्रीराम कथा के अंतर्गत शिव पार्वती विवाह के प्रसंग का वर्णन करते हुए सिंदूरदान के महत्व को बताया और कहा कि सिंदूरदान के बाद विवाह मान्य होता है और स्त्री पति को समर्पित होती है। लेकिन आज पढ़ी लिखी महिलाओं में मांग का सिंदूर छुपाने का चलन चल पड़ा है। बड़े शहरों में विवाहित और अविवाहित में अंतर करना मुश्किल हो रहा। कथावाचक ने कहा कि मांग के जितना अंदर तक सिंदूर रहेगा पति की उम्र उतनी ही लंबी होगी। उन्होंने सुहागिन महिलाओं को खुले बाल न रखने की बात कही। शिव पार्वती विवाह की कथा के दौरान 'हे भोला सिंदूर ले के दुल्हन की मांग भरो, मांग भरो वर सोहाग भरो' के भजन से कथा मंडप गूंज उठा। कथा का प्रारम्भ यजमान नगर पालिका परिषद कुशीनगर की अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल द्वारा व्यास पीठ के पूजन से हुआ। इस दौरान आचार्य रामजी पांडेय के देख रेख में श्रीराम महायज्ञ एवं अयोध्या धाम से आये संतो द्वारा अखंड श्रीसीताराम नाम संकीर्तन चलता रहा। श्रद्धालु भारी संख्या में यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते रहे।

इस अवसर पर महंत त्रिभुवन शरण दास, व्यवस्थापक देव नारायण शरण, विष्णु शरण, परशुराम दास, सचिन पाठक, ममता कश्यप, राजेश मद्देशिया, मंटू मद्देशिया, दिनेश तिवारी, कुश कुमार, अवधेश पांडेय, गंगोत्री देवी, सीता देवी, कृष्णावती देवी, गायत्री देवी, गुड्डी मद्देशिया, खुशी, रिद्धिमा, मणि प्रकाश यादव, शिवम राय, निशांत सिंह, राज गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

खिलाड़ियों के लिए भारत सरकार ने खोला खजाना: मनीष मिश्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

औरैया। जिला ओलंपिक संघ के महासचिव व उत्तर प्रदेश वालीबाल संघ के प्रदेश पदाधिकारी मनीष मिश्रा ने गुरुवार को हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि केंद्रीय बजट 2024 -25 में केंद्रीय सरकार ने खेल बजट में अप्रत्याशित वृद्धि करते हुए पिछले वर्ष की तुलना में 351 करोड़ रुपए की वृद्धि की और इस वर्ष 3794 करोड़ रुपए खेल बजट के लिए जारी किए ।

2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी को देखते हुए केंद्र सरकार ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अच्छी सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार ने खजाने का मुंह खिलाड़ियों के लिए खोल दिया है। इस वर्ष बजट में खेल संघों को मिलने वाली सहायता में भी बढ़ोतरी कर 400 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं । राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में डोपिंग न हो, इसके लिए डोपिंग पर कार्य करने वाली संस्था राष्ट्रीय डोपिंग टेस्ट लैबोरेट्री के लिए बढ़ाया गया । भारत सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना खेलो इंडिया के लिए भी पिछले वर्ष की तुलना में 200 करोड रुपए बढ़कर इस वर्ष 1000 करोड़ रुपए का बजट जारी किया गया । इस बड़े हुए बजट से निश्चित ही खिलाड़ियों को अच्छे कोच, तकनीकी सहायता, क्रीड़ा मैदान व अन्य सुविधाओं के लिए अधिक सहायता मिलेगी । जिससे खिलाड़ी खेलों में अपना सर्वोच्च प्रदर्शन कर अधिक से अधिक मेडल पा सकेंगे । मनीष मिश्रा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय खेलों में मेडल लाने वाले खिलाडियों को उत्तर प्रदेश सरकार ने खेल कोटे के अंतर्गत पुलिस विभाग में डीएसपी व जिला युवा कल्याण अधिकारी जैसे कई विभागों में जनपद स्तर के पद के नियुक्ति पत्र खिलाड़ियों को दिए गए हैं । इस वर्ष खेल विश्वविद्यालय व भारतीय खेल प्राधिकरण का भी बजट, भारत सरकार ने बढ़ाया है । सभी प्रकार के खेलों के प्रोत्साहन और प्रगति के लिए भारत सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा खेलों की उन्नति के लिए इस वर्ष बजट बढ़ा कर दिया गया है ।

छात्रों के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए प्रशिक्षित हुए शिक्षक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। दुदही विकास खंड के उच्च प्राथमिक व उच्चतर माध्यमिक स्तर के शिक्षक कक्षा छह से 12वीं तक (10 से 19 आयु वर्ग) के छात्रों में स्वस्थ जीवन शैली, उनके भावनात्मक कल्याण व मानसिक स्वास्थ्य, जेंडर समानता आदि छात्रों के स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु प्रशिक्षित हुए।

आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत दुदही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के तत्वावधान में चार दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम बैच में 40 शिक्षकों को हेल्थ एंड वैलनेस ब्रांड एम्बेसडर के रुप प्रशिक्षण दिलाया गया। प्रशिक्षकगण चिकित्साधिकारी डा. सुभाष यादव व एआरपी रामेश्वर प्रसाद यादव ने चर्चा, परिचर्चा व संवाद के माध्यम से

उक्त बिंदुओं के अतिरिक्त इंटरनेट मीडिया के सुरक्षित उपयोग, हिंसा व चोट के विरुद्ध सुरक्षा, पोषण, स्वास्थ्य व स्वच्छता, पारस्परिक संबंध आदि विषयों पर शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। बीईओ डा. प्रभात चंद राय, चिकित्साधिकारी डा. अरविंद कुमार, एमओ डा. पूनम यादव, डा. संदीप कुमार द्वारा प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक विद्या सिंह, बालकृष्ण, योगेंद्र शर्मा, नरेंद्र शर्मा, गिरीश उपाध्याय, मुनव्वर अली, व्यास मिश्र, ममता गुप्ता, रामजीत पटेल, जितेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

न्याय नहीं मिलने पर गरीब ब्राह्मण परिवार सम्पत्ति बेचने पर मजबूर

पडरौना,कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के रामकोला थाना क्षेत्र के गाँव सिंघाहा निवासी एक गरीब ब्राह्मण परिवार के साथ दबंग पड़ोसी द्वारा विभिन्न तरीके से उत्पीड़न व आतंकित करने के कारण पीड़ित परिवार के मुखिया ने घर व संपति बेचकर अन्यत्र चले जाने की लिखित शिकायत और पोस्टर मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित किया है। उक्त गांव सिंगहा निवासी ब्राह्मण परिवार के मुखिया हेमवंत मणि त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री को संबोधित अपने शिकायती पत्र में लिखा है कि विपक्षी गण गोलबंद व दबंग किस्म के लोग है। इनका मुख्य पेशा ही राजनीतिक संरक्षण में अपराध करना है। इन लोगों की गलत नीयत प्राथी के घर व खेत हड़पने की है।जिसके लिए ये लोग बराबर मारपीट करते रहते है।घर में रखा कीमती सामान जबरिया उठा ले गए है।विरोध करने पर घर के महिलाओं के साथ मारपीट करते है।सत्ताधारी पार्टी व मुख्यमंत्री से संबंध रखने वाले लगभग दर्जनों इन दबंगों के भय से मुकामी पुलिस भी इनसे डरती है।इन विपक्षियों के खिलाफ दर्जनों बार लिखित शिकायती पत्र स्थानीय पुलिस को दी गई है। परंतु कोई कार्यवाही नही होने के वजह से उक्त निर्णय लिया है।

वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

राजापाकड़/कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। तुर्कपट्टी पुलिस ने वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हीरालाल पुत्र लखीचन्द, निवासी मछरिया दलजीत कुंवर, थाना तुर्कपट्टी, जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के खिलाफ थाना तुर्कपट्टी में मामला पंजीकृत था। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, उप-निरीक्षक विनायक यादव और कांस्टेबल राहुल प्रसाद शामिल रहे। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

इटावा में किसान ने लाखों की गोभी फसल को ट्रैक्टर से किया नष्ट

इटावा। उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के भरथना क्षेत्र में एक किसान ने गोभी की फसल में भारी नुकसान से खिसिया कर अपनी लाखों की फसल पर ट्रैक्टर चलवा दिया। ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत भरथना सरैया के समीप स्थित नगला हरलाल निवासी किसान प्रभाकर शाक्य ने छह बीघा खेत में खड़ी अपनी गोभी की फसल पर ट्रैक्टर चलवा दिया। किसान प्रभाकर सिंह शाक्य ने बताया कि उन्होंने अपने छह बीघा के खेत में गोभी की फसल को लगाया था। फसल की लागत लगभग 55 हजार रुपए आई थी। खुले बाजार में इस समय गोभी की कीमत थोक में डेढ़ से दो रुपये है। बाजार में बेचने के लिए पहले गोभी को खेत से तुड़वाए फिर ढुलाई इतनी अधिक थी कि गोभी की फसल का मूल्य नहीं निकल पा रहा था और अगली फसल का समय सीमा के अंदर में बुवाई करनी है इसलिए गोभी की फसल को बाजिव मूल्य न मिल पाने के कारण जुतवा दिया। उसने बताया कि अगर फसल का अच्छा मूल्य मिलता तो कम से कम दो से ढाई लाख रुपए का उसे फायदा होता । ट्रैक्टर चलवाने से पहले किसान ने आस-पास के गांव के लोगों को खेत में लगी गोभी को तोड़ कर ले जाने के लिए कहा जिसको लेकर गांव की अधिकांश महिला पुरुष खेत में लगी गोभी को तोड़कर अपने-अपने घर ले जाने लगे ।

बदायूं में सड़क हादसे में मां बेटे की मौत,दो घायल

बदायूं। उत्तर प्रदेश में बदायूं जिले के उझानी कोतवाली क्षेत्र में एक एसयूवी की चपेट में आने से बाइक सवार मां बेटे की मृत्यु हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि बीती रात लगभग 11.30 बजे कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव यूसुफनगर निवासी विजय (30) अपनी मां ममता (50), बहन भावना (20) और भतीजे(2) के साथ उझानी नगर स्थित ज्ञान बैंकट हॉल में आयोजित एक शादी समारोह से वापस अपने गांव लौट रहे था। चारों एक ही बाइक पर सवार थे। जैसे ही वे वैंक्वेट लॉन से निकलकर हाइवे पर आए, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में घायल चारों को राजकीय मेडिकल कॉलेज लिया गया जहां डॉक्टरों ने विजय और उनकी मां ममता को मृत घोषित कर दिया, जबकि भावना और मासूम बच्चे को गंभीर चोटें आईं।

अपनी योग्यता व क्षमताओं को बढ़ाते हुए असाधारण बनेः अजित दीक्षित

गोरखपुर। सरस्वती शिशु मंदिर (10+2) पक्कीबाग गोरखपुर में आज कक्षा द्वादश के छात्रों का आशीर्वाद समारोह संपन्न हुआ। जिसमें छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सी.बी.एस.ई बोर्ड के सिटी को- ऑर्डिनेटर अजित दीक्षित ने कहा कि साधारण न बने अपनी योग्यता व क्षमताओं को बढ़ाते हुए असाधारण बने। असाधारण व्यक्ति के लिए कोई समस्या नहीं होती न ही वह कभी जीवन में असफल होता है।

खेतिहर मजदूरों का जिला स्तरीय परिचर्चा संपन्न

मजदूरों को नहीं मिलती है न्यूनतम मजदूरी और कार्य स्थल पर सुविधाएं : सुनैना देवी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। खेतिहर मजदूरों का जिला स्तरीय परिचर्चा बैठक का आयोजन सुनैना देवी की अध्यक्षता में पडरौना नगर स्थित एक होटल सभागार में बुधवार को संपन्न हुआ जिसमें 240 मजदूरों ने भागीदारी कर खेतिहर मजदूरों के जीवन में आने वाली बाधाओं पर चर्चा कर शासन प्रशासन और जन प्रतिनिधियों को अपने बेहतरी के लिए अवगत करने की योजना बनाए।

बैठक में सुनैना देवी ने मजदूरों के परिचय क्रम में कही कि किसी मजदूर को न्यूनतम मजदूर और कार्य के दौरान सुरक्षा और सुविधाएं नहीं मिल पाती है। जालंधर प्रसाद ने कहा कि हम अपने समस्याओं के प्रति जागरूक नहीं हैं जिससे उचित विभाग और अधिकारी से संपर्क नहीं कर पाते हैं। पानमती देवी कहीं की हम लोग खेतों में सुबह से शाम तक कार्य करते हैं लेकिन उचित और सम्मान जनक मजदूरी नहीं मिलता है। दिन भर की मजदूरी रुपया 130 से 150 ही मिलता है। उर्मिला देवी कहीं कि खेतिहर मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा मजबूत नहीं है योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। सोहरी देवी ने कहा कि भूमिहीन और आवास विहीन मजदरों को चिन्हित कर कृषि आवासी भूमि पट्टा और आवास मिलनी चाहिए। रामानंद प्रसाद ने कहा कि गांव में मनरेगा के अंतर्गत समय से काम नहीं मिल पर रहा है। आशा देवी कहीं कि ई-श्रम में पंजीयन हुआ परन्तु अभी तक कोई लाभ नहीं मिला है। बैठक के अंत में मजदूरों ने तय किया कि गांव गांव की मूलभूत समस्याओं और मजदूरों के रोजगार, सुरक्षा और सम्मान से जुड़े समस्याओं तथा उसके पूर्ति के लिए संचालित योजनाओं की प्राप्ति के लिए संबंधित विभाग को जानकारी कराते हुए जिलाधिकारी के साथ संवाद स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर रामवृक्ष गिरि, राजू प्रसाद, रामबहाल सिंह, दुर्गा देवी, दिनेश प्रसाद, तुरंती देवी, शकीला देवी, आशा देवी, जुबैदा खातून, हीरा प्रसाद, कमली, राजेश, उर्मिला, कुंती, आदि उपस्थित रहे।

अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

राजापाकड़/कुशीनगर। सेवरही पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 106 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की। थानाध्यक्ष धीरेन्द्र राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मंगलवार को साहेब कुमार मांझी (निवासी नारायण चक माधोपुर, थाना मढवरा, जिला सारण, बिहार) को गिरफ्तार किया। उसके पास से 96 अदद 08 पीएम (प्रत्येक 180 एमएल) और 10 बोतल रॉयल स्टेज (प्रत्येक 750 एमएल) बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ सेवरही थाने में आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष धीरेन्द्र राय,उपनिरीक्षक शेषनाथ यादव, उपनिरीक्षक अभिनव कुमार राय, कांस्टेबल रामनिवास यादव आदि शामिल रहे।

बेहतर मातृत्व स्वास्थ्य बनाना सम्मेलन का उद्देश्य : आशुतोष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। सीएचसी कसया के अन्तर्गत आयुष्मान आरोग्य मन्दिर चकदेईया के परिसर में गुरुवार को सास-बेटा-बहू सम्मेलन आयोजित कर उपस्थित लोगों को परिवार नियोजन हेतु जागरूक किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार मिश्र ने कहा कि सास-बेटा-बहू सम्मेलन कराने का उद्देश्य यह है कि मातृत्व शिशु मृत्यु दर में कमी लाने और बेहतर मातृत्व स्वास्थ्य के लिये जरूरी है कि शादी के दो साल बाद पहले बच्चे के जन्म की योजना बनाई जाये। और दूसरे बच्चों में कम से कम तीन वर्ष का अंतराल अवश्य रखे। परिवार में सभी मिलकर एक साथ रहे। परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों का उपयोग कर खुशहाल जीवन व्यतीत करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्लाक लेखा प्रबन्धक राकेश पांडेय पिंटू ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं तथा नवजात शिशुओं को जो भी सुविधाएं दी जा रही है उसका उपयोग आप सभी करे तथा कोई भी स्वास्थ्य सम्बन्धी दिक्कत हो तो तत्काल अपनी आशाओं को सूचित करें। गर्भवती महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं अतिथियो का स्वागत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी स्वाती सिंह ने किया।आगन्तुकों के प्रति आभार एएनएम पूनम कन्नैजिया एवं सविता मौर्य ने व्यक्त किया। इस दौरान आशा पुष्पा, होसिल, रिंकी,कुशमावती,अंजली, इसरावती, निर्मला,सरिता शर्मा,प्रेमलता,कुसुम,कविता आदि मौजूद रहीं।

'क़ानूनी सहायता' विषय पर कार्यशाला आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट आफ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ के विधि संवर्ग के छात्र दल ने क़ानूनी सहायता के विषयों पर सरोजनी नगर क्षेत्र के अपने सन्निकट रानीपुर गांव का आज परिभ्रमण किया।

उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ के अपर निदेशक पुलिस उप महानिरीक्षक श्री राजीव मल्होत्रा ने बताया कि न्याय नवाचार विषय पर कार्यशाला के हिस्से के रूप में आज संस्थान के 50 छात्रों के दल ने रानीपुर गांव, दरोगा खेड़ा का फील्ड विजिट कर ग्रामीणों के बीच उनकी छोटी मोती समस्याओं को जाना तथा उन समस्याओं के निदान हेतु आवश्यक क़ानूनी सहायता, नियम संगत दिशा एवं सुझाव दिया।

संस्थान के अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा ने बताया कि न्याय नवाचार पर कार्यशाला का उद्देश्य कानूनी पेशेवरों, नीति निर्माताओं और नागरिक समाज संगठनों सहित हितधारकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना है, ताकि अधिक न्यायपूर्ण और समतावादी समाज के लिए अभिनव समाधान तैयार किए जा सकें। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य फोरेंसिक विज्ञान संस्थान एक प्रमुख संस्थान है जो नवाचार, अनुसंधान और शिक्षा के माध्यम से फोरेंसिक विज्ञान को आगे बढ़ाने और न्याय को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। न्याय नवाचार पर आयोजित कार्यशाला के हिस्से के रूप में कानूनी विशेषज्ञों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और छात्रों सहित प्रतिभागियों की कुल 8 टीमों ने स्थानीय समुदाय के सामने अस्तित्व के लिए अपने दैनिक संघर्ष में आने वाली चुनौतियों का अवलोकन और समझने के लिए यह फील्ड विजिट किया।

श्री मल्होत्रा ने कहा कि इस परिभ्रमण का उद्देश्य न्याय नवाचार पर सैद्धांतिक चर्चाओं और हाशिए के समुदायों के सामने आने वाली जमीनी हकीकत के बीच की खाई को पाटना है । फील्ड विजिट से कई ऐसे दबाव वाले मुद्दे जैसे स्वच्छ जल और स्वच्छता तक पहुँच की कमी, अपर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएँ, शैक्षिक बाधाएँ, भूमि अधिकार और आजीविका, लैंगिक असमानता तथा सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता की कमियां सामने आयी द्य जिसका अवलोकन कर छात्र दल ने अपने कार्यशाला के विषय में शामिल किया उन्होंने बताया कि इस दौरान, टीम ने ग्रामीणों के साथ बातचीत की ताकि उनके दृष्टिकोण को समझा जा सके और लीगल एड से सम्बंधित समस्याओ कि जानकारी जुटाई जा सके कि कैसे अभिनव न्याय समाधान उनकी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। प्रतिभागियों ने न्याय और बुनियादी सुविधाओं तक पहुँच में सुधार के लिए कानूनी सहायता क्लीनिक, जागरूकता अभियान और स्थानीय अधिकारियों के सहयोग जैसे विषयों पर भी चर्चा की।

श्री मल्होत्रा ने बताया कि रानीपुर गाँव का फील्ड दौरा एक विशेष अनुभव था। न्याय नवाचार में जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है, समाधान की दिशा में उनका सहयोग करना हमारा कर्तव्य भी है। फील्ड विजिट से प्राप्त निष्कर्षों को एकीकृत किया जाएगा, जिसमें प्रणालीगत असमानताओं को दूर करने और हाशिए के समुदायों के लिए न्याय तक पहुंच में सुधार करने के लिए कार्रवाई योग्य रणनीति विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

नानपारा से मैलानी तक ब्रॉडगेज कराने के लिए स्टेशन अधीक्षक मिहींपुरवा को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। केंद्र की मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास के साथ कार्य कर रही है किंतु तराई क्षेत्र में ऐसे भी गांव है जो विकास से कोसों दूर है, जहां पर आजादी के बाद से अब तक बिजली पानी नेटवर्क एवं सड़क तक नहीं पहुंच पाई है। कुछ क्षेत्र ऐसे भी हैं जहां वन विभाग के अड़ंगे के कारण विकास कार्य नहीं पहुंच पाये हैं नानपारा मैलानी रेलमार्ग को ब्रांड गेज में परिवर्तित न होना इस क्षेत्र की सबसे बडी समस्या बन गई है जो लोगों को मुख्य धारा से जोड़ती है रेलों का संचालन बंद होने के कारण क्षेत्र के लोगों को आवागमन में भारी असुविधा हो रही है जिन दो ट्रेनों का संचालन नानपारा से मैलानी तक किया जा रहा है उसकी समय सारणी के कारण क्षेत्र के लोगों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है क्षेत्र के लोगों को रेल के किराये से काफी अधिक किराया अदाकार अपने गन्तव्य स्थान तक जाना पड़ता है। साथ ही व्यापार भी प्रभावित है जिसको लेकर लोगों में भारी निराशा तथा वन विभाग व रेलवे के खिलाफ भारी आक्रोश है। जिसके दृष्टिगत तराई विकास संस्थान के बैनर तले क्षेत्रीय लोगों के एक बड़े समूह ने रेल बचाओ संघर्ष समिति के माध्यम से नानपारा से मैलानी तक ब्रॉड गेज कराने के लिए संघर्ष करने का एलान किया है। जिसको लेकर तराई विकास संस्थान द्वारा मिहींपुरवा के रामलीला मेला मैदान में रामलीला समिति एवं समाजसेवियों के साथ बैठक कर नानपारा से मैलानी तक बड़ी लाइन के अमान परिवर्तन के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं प्रधानमंत्री के नाम स्टेशन अधीक्षक मिहींपुरवा को ज्ञापन सौंपा। वही रेल बचाओ संघर्ष समिति के महामंत्री सत्य प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर द्वारा जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी गई सूचना के जबाब में बताया गया है कि 31 मार्च 2016 को बहराइच से मैलानी तक छोटी लाइन से बड़ी लाइन के अमान परिवर्तन का प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई थी किंतु 2017-18 में नानपारा से मैलानी तक बड़ी लाइन का अमान परिवर्तन रोक दिया गया। उसी के साथ सादर अनुरोध करते हुए नानपारा से मैलानी तक होने वाले अमान परिवर्तन में आने वाली रुकावट को खारिज कर उक्त अमान परिवर्तन को पुनः बनाने का आदेश पारित कर हमें अनुग्रहित करें क्योंकि भारत नेपाल बॉर्डर की सुरक्षा संरक्षण व जनहित भी अत्यंत प्रभावित होंगे हम सब का राष्ट्रीय सुरक्षा पर अति महत्वपूर्ण व सर्वोत्तम लक्ष्य भी है नानपारा से मैलानी ब्रॉड गेज बचाओ संघर्ष समिति का आवाहन प्रत्येक स्टेशन पर किया जाएगा, जिससे कि हमारी मांग को जनहित में जन-जन द्वारा ब्रॉड गेज बचाने का सिलसिला भरपूर जारी किया जाए। जिसको लेकर समाजसेवियों ने भी अपनी अपनी राय रखी, इस दौरान तराई विकास संस्थान तिकुनिया के साथ तराई विकास संस्थान शाखा में मिहींपुरवा के पदाधिकारी जुगल पोरवाल, अरविंद चौधरी, मंसाराम वर्मा, प्रेम प्रकाश सिंह, दीपक मदेशिया, कमल सोनी, ऋषि मोदनवाल, अंकुर मदेशिया सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

खोली है सांवरे ने खिड़की नसीब की, बिन मांगे भर गई है झोली गरीब की : सरदार रोमी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । दुआ बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर का वार्षिको त्सव तीन दिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिन सांयकाल की बेला पर बाहर से आयें हुए आमंत्रित भजन कलाकारों द्वारा बाबा श्याम का गुणगान हुआ।भजन की शुरुआत स्थानीय भजन गायक गोकुल चंद्र शर्मा,पुनीत बंसल, और परमानन्द शर्मा ने किया।उसके बाद बाबा श्याम की लाडली भजन गायिका मानसी अग्रवाल ने गाया - भूला नहीं हूं बाबा,कृपा से पहले क्या था कृपा के बाद क्या हैं ...कदे कदे तो बाबा तेरी ...आई सिंह पे सवार मैय्या ओढ़े चुनरी ...आदि भजनों का गुणगान किया।उसके बाद रूद्रपुर के भजन गायक रितेश मनोचा ने गाया - मेरी दुनिया ही बदल दी तूने,कि क्या जरा सा मैंने तेरा नाम लिया,ऐसा क्या काम किया हमने तेरा,जो मेरा हाथ तूने थाम लिया बाबा कृपा लुटाने लगा है, हमको खाटू बुलाने लगा है ...मेरे शीश के दानी का सारे जग मे डंका बाजें आदि भजनों की प्रस्तुति दी फिर उसके बाद खलीलाबाद के सुप्रसिद्ध भजन गायक सरदार हरमहेन्द्र सिंह रोमी ने गाया- तेरी कठपुतली पे तू ही नाच नचाता है ,तू ही नचाता है जैसा चाहे हमको तुम नाच नचा लोगे,चित से सब चिन्ता ए बाबा तुम ही निकालोगे खोली है सांवरे ने खिड़की नसीब की, बिन मांगे भर गई है झोली गरीब की ।

तेरा नाम लेकर चलता रहूंगा इतना भरोसा है श्याम तुम पर ..मेरा छोटा सा परिवार, संभालने का काम आपका आवन चाहूं मै सांवरो-आवन चाहूं मैं,इक बार भेज बुलाओ खाटू आवन चाहूं मैं..और धमाल भजनों पर श्याम प्रेमी खूब झूमे। मंदिर प्रांगण में बाबा खाटू श्याम और दादीजी का दरबार इतना मनमोहक सजा हुआ था कि भक्त दरबार को निहारते रहे। भक्तों ने पंक्ति में लगकर बाबा - दादी का दर्शन कर आर्शीवाद लिया। कीर्तन में बलरामपुर, इटिया थोक,अयोध्या धाम,पयागपुर,बहराइच,करनैलगंज, आदि आसपास के कई जगहों से श्याम प्रेमी शामिल हुए। आये हुए भजन गायकों को कमेटी के सदस्यों ने दुप्पटा पहनाकर स्वागत और सम्मान किया।कार्यक्रम का संचालन पुनीत बंसल ने किया।मंदिर वार्षिक उत्सव के समापन पर आतिशबाजी हुई।सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।इस दौरान श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका,विमलेश सिंघल,सुशील पचेरिया,अनिल मित्तल,अरिहंत जैन,उत्कर्ष सिंघल,पुनीत बंसल, आशीष भावसिंहका,विशाल बंसल, गोविंद जालूका, राजेश बंसल,शलभ गर्ग अजय अग्रवाल, बलरामपुर से अनूप अग्रवाल एवं श्री श्याम मंदिर महिला मंडल की अध्यक्ष सरोज अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल,नीतू गर्ग पूनम मित्तल ,प्रेमलता सिंघल ,रोली पचेरिया, रेनू बंसल,प्रिया भावसिंहका, विभा अग्रवाल,अंशू पचेरिया, भावना सोमानी,सहित अन्य लोग मौजूद रहीं।

नियमों को ताक पर रख क़र संचालित हो रहे हैं पैथोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक सेंटर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से जिले भर में मृत्यु दर बढ़ी हैं।जानकारी के मुताबिक तहसील क्षेत्र कर्नलगंज, तरबगंज,मनकापुर,सदर क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है और अवैध पैथो लॉजी पर बिना किसी सक्षम डॉक्टर के जांच की रिपोर्टिंग की जा रही है यहां तक की परसपुर, कर्नलगंज बेलसर, तर बगंज, मनकापुर, और धानेपुर में डायग्नोस्टिक सेंटर और पैथोलॉजी जो की स्वास्थ्य विभाग द्वारा रजिस्टर्ड है फिर भी वहां पर मात्र डी.एम.एल.टी.के द्वारा जांच कर रिपो र्टिंग कर दी जा रही है और एमबीबीएस डॉक्टर का नाम मात्र दिखावे के लिए है।किसी भी पैथो लॉजी पर एमबी बीएस डॉक्टर कभी भी उपलब्ध नहीं मिलता केवल उसके नाम से रिपोर्टिंग की जा रही है जो की मरीज के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और मरीज के साथ अवैध वसूली की जा रही है।यही नहीं डायग्नोस्टिक सेंटरों पर भी बिना सक्षम डॉक्टर की उप स्थित होने के बावजूद भी अल्ट्रासाउंड एवं अन्य जांच की जा रही हैं जबकि अल्ट्रा साउंड केंद्रों पर रेडियोलॉजिस्ट का होना आवश्यक है।सूत्र बता रहें हैं कि परसपुर में दो अल्ट्रा साउंड केंद्र हैं परंतु किसी पर भी कोई रेडियोलॉजिस्ट नहीं बैठता है।जिला मुख्यालय पर कई ऐसे नामी अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालित है।यहां तक की बहु चर्चित है।कुछ अल्ट्रा साउंड केंद्र पर दूर-दूर तक कहीं रेडियोलॉजिस्ट की उप स्थिति नहीं दिख ती है,जिससे मरीज के जीवन के साथ खि लवाड़ हो रहा है और उनकी जेबों पर डकैती डालने का काम किया जा रहा है।यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि स्वास्थ्य विभाग की सीएमओ और एडिशनल सीएम ओ और अन्य स्वा स्थ्य कर्मचारी एवं अधिकारियों को क्या यह बड़ा-बड़ा लगा हुआ पोस्टर और होल्डिंग नहीं दिख रही है अथवा देखना ही नहीं चाहते।यह कहावत पूर्ण रूप से साकार होती है कि दीपक तले अंधेरा,स्वास्थ्य की टीम जिस रास्ते से हमेशा गुजरती है तमाम क्लीनिक,अवैध और अवैध डायग्नोसिस सेंटर चल रहे हैं और झोलाछाप डॉक्टरों के बदौलत क्लीनिक चलाई जा रही है।जहां पर हमेशा मरीज के जीवन को खतरा बना रहता है और उनके जेब पर खुलेआम डकैती डाली जा रही है।विचारणीय प्रश्न या उठता है कि परसपुर सीएचसी प्रभारी के द्वारा इस प्रकार के अवैध हॉस्पिटलों, पैथोलॉजी, डायग्नोसिस सेंट्रो पर कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है क्या यह उनकी सह पर फल - फूल रहे हैं।यदि ऐसा है तो जिलाधिकारी के आदेश पर जांच प्रक्रिया मात्र दिखावा ही है,यदि गहन जांच प्रक्रिया की जाए तो आम जनमानस के जीवन के साथ खिलवाड़ और उनकी जेब पर डाली जा रही डकैती पर प्रतिबंध लग सकेगी और झोलाछाप डॉक्टरों के द्वारा आए दिन की जा रही धनउगाही पर प्रतिबंध लग सकती है।परसपुर कस्बे से हटकर यदि देखा जाए तो कर्नलगंज में स्थित है बहुचर्चित झोलाछाप डॉक्टर मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ करते हुए धन उगाही का कार्य कर रहे है। धानेपुर, बाबागंज, तरबगंज, बेलसर, उमरी बेगमगंज,अला वल देवरिया, इटियाथोक,सालपुर, मैजापुर आदि अर्थात हर छोटी-छोटी बाजारों में झोलाछाप डॉक्टर धड़ले से मरीज के जीवन के साथ खिलवाड़ करते हुए धनउगाही का कार्य कर रहे हैं और स्वास्थ्य विभाग की टीम कुंभकरणी नींद में मस्त है।सूत्रों की यदि माने तो यह भी प्रकाश में आया हुआ है कि तमाम ऐसे सेंटर गोपनीय ढंग से चलाए जा रहे हैं।जहां पर मात्र भ्रूण हत्या का ही कार्य किया जा रहा है और वहां पर कोई भी इलाज न करते हुए मात्र धन उगाही का कार्य किया जा रहा है।इस पर स्वास्थ्य विभाग की टीम की नजर नहीं पड़ रही है यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर उस केंद्र में ऐसा क्या है कि किसी भी स्वास्थ्य विभाग की टीम की नजर उस पर नहीं पड़ रही है।

गुरु गोरखनाथ चिकित्सा सेवा शिविर कल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर में प्रस्तावित गुरु गोरखनाथ चिकित्सा सेवा यात्रा आयोजन के संबंध में बैठक कर चिकित्सा शिविर, नशा उन्मूलन एवं पर्यावरण चौपाल के प्रभावी आयोजन को अंतिम स्वरूप प्रदान किया गया।आयोजको ने चिकित्सा शिविर से आमजन को जोड़ने ने लिए जन जागरण अभियान चलाए जाने की शुरुआत की है। गुरु गोरखनाथ चिकित्सा सेवा यात्रा का कार्यक्रम का शिविर आगामी 8 फरवरी को सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज (रामपुर) के परिसर में आयोजित किया जाएगा जिसमे मेडिकल कॉलेज लखनऊ, राम मनोहर लोहिया संस्थान व पी0जी0आई0 के वरिष्ठ चिकित्सक सीमावर्ती क्षेत्र के शोषित, वंचित, निर्धन, अशक्त,वृद्ध व विकलांग लोगो का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरण करंगे तथा उनका शारीरिक व मानसिक परीक्षण भी करेंगे। कॉलेज प्रबंधक मालवीय मिशन अध्यक्ष अवध क्षेत्र संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि आयोजित चिकित्सा शिविर के कॉलेज परिसर में ही नशा उन्मुलन चौपाल का आयोजन किया जाएगा इसमें नशा, पीड़ित व्यक्तियों को बेहतर उपचार की व्यवस्था कराई जाएगी तथा नशा मुक्त गांव विषमुक्त खेती विषय पर शपथ भी दिलाया जाएगा। संघ विचारक समाजसेवी अरुण पाठक ने बताया कि आयोजित चिकित्सा शिविर को प्रभावी बनाने के लिए संगठन की ओर से जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है । किसान परिषद संयोजक शिव पूजन सिंह ने बताया कि क्षेत्र के पीड़ित व्यक्तियों को चिन्हित कर बेहतर उपचार दिलाये जाने की प्रभावी व्यवस्था बनाई जा रही है। समाजसेवी चंद्र प्रकाश मिश्रा ने बताया कि वृद्ध व असहाय लोगो को चिकित्सा शिविर तक पहुचाने की भी बेहतर प्रबंधन किया जा रहा है। आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से कॉलेज प्राचार्य शुभम श्रीवास्तव, आयोजक आयुष वर्मा ,दीपेश, अभय, पर्यावरणविद प्रवक्ता राजीव श्रीवास्तव ,संघ चिंतक कृष्णानंद जी शुक्ल ,साहित्यकार कवि आर0के 0 मिश्र शैलानी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

डीएम ने डिजिटल क्रॉप सर्वे तथा फार्मर रजिस्ट्री कार्यों में तेजी लाये जाने के दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लक्ष्य की पूर्ति न होने पर होगी कार्यवाही

बहराइच । शासन से जारी ई -खसरा पड़ताल (डिजिटल क्रॉप सर्वे) की प्रगति की रैंकिंग में जनपद बहराइच 53वें स्थान पर है। कम प्रगति पाए जाने पर डीएम मोनिका रानी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिये है कि 28 फरवरी 2025 तक 80 प्रतिशत डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। डिजिटल क्रॉप सर्वे में 28 फरवरी 2025 तक खराब प्रगति वाले कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार रबी 2024-25 में बोई गई समस्त फसलों का डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य 11 जनवरी 2025 से प्रारंभ किया गया है इसके अंतर्गत 5 फरवरी 2025 तक कुल 44628 गाटों का सर्वे पूरा किया जा चुका है जो निर्धारित लक्ष्य का 4.6 प्रतिशत है।

डीएम ने बताया कि इस कार्य के लिए कृषि, राजस्व, पंचायती राज और मनरेगा विभाग के कर्मचारियों को लगाया गया है इसके तहत कुल 10 लाख 48784 गाटों का सर्वे 31 मार्च 2025 के पूर्व शत प्रतिशत कराया जाना है। डीएम ने कृषि, राजस्व, मनरेगा एवं पंचायत राज विभाग के लगे सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे का 80 प्रतिशत कार्य 28 फरवरी 2025 तक करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होनें फार्मर रजिस्ट्री में अपेक्षित प्रगति न होने के कारण भी नाराजगी व्यक्त करते हुए जनपद के कृषि, राजस्व विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारीयो, अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री कार्य में अपेक्षित प्रगति लाना सुनिश्चित करें अन्यथा जिम्मेदार कार्मिकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

अरगा ब्रांड की बड़ी उपलब्धि, गोंडा की एसएचजी दीदियों ने अमेज़न पर पहला ऑर्डर किया डिस्पैच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए जिले की स्व यं सहायता समूह (एसएचजी)दीदियों ने आज 'अरगा' ब्रांड के तहत अपना पहला अमेजन ऑर्डर सफलतापूर्वक डिस्पैच कर दिया।यह उपलब्धि न केवल इन महिलाओं की मेहनत और लगन का प्रमाण है,बल्कि 'अरगा' ब्रांड को एक नई पहचान भी दिला रही है।'अरगा' ब्रांड गोंडा जिले की एसएचजी (स्वयं सहायता समूह) से जुड़ी महिलाओं द्वारा संचालित एक स्थानीय उत्पाद ब्रांड है, जो पूरी तरह से प्राकृतिक, शुद्ध और घरेलू उत्पादों के लिए जाना जाता है।इस ब्रांड के तहत ग्रामीण महिलाएं मसाले,आचार, अनाज के उत्पाद,हर्बल जूस और अन्य खाद्य सामग्री तैयार करती हैं।यह ब्रांड न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहा है, बल्कि महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता की ओर भी अग्रसर कर रहा है।

पहला ऑर्डरः आत्मनिर्भरता की नई उड़ान

लखनऊ निवासी कुशाग्र पांडेय ने 'अरगा' ब्रांड के तहत मक्के का आटा, भरवां मिर्च अचार और आंवला जूस का ऑर्डर दिया था। यह ऑर्डर इस बात का प्रमाण है कि एस एचजी दीदियों के उत्पादों को उपभोक्ताओं का विश्वास और सराहना मिल रही है।अपने शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के कारण 'अरगा' ब्रांड अब स्थानीय से राष्ट्रीय स्तर की ओर बढ़ रहा है।जिला अधिकारी नेहा शर्मा ने इस उप लब्धि पर खुशी जताते हुए कहा,''यह सिर्फ एक ऑर्डर नहीं,बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है।एसएचजी दीदियों ने यह साबित कर दिया है कि आत्मनिर्भर भारत की नींव गांवों से ही रखी जा रही है। 'अरगा'ब्रांड से जुड़ी महिलाओं की मेहनत और लगन का बिले-तारीफ है और जिला प्रशासन हर संभव सहायता प्रदान करता रहेगा ताकि यह ब्रांड और ऊंचाइयों तक पहुंचे।''

महिला सशक्तिकरण को नई दिशा

इस सफलता से यह स्पष्ट होता है कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भरता की राह पर मजबूती से आगे बढ़ रही हैं। 'अरगा' ब्रांड केवल एक व्यापारिक नाम नहीं है, बल्कि महिला उद्यमिता,संघर्ष और सफलता की एक मि साल है। राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से यह ब्रांड महिलाओं के लिए आर्थिक स्वतंत्रता और रोजगार के नए अवसर खोल रहा है।अरगा' ब्रांड से जुड़ी महिलाओं को प्रोत्साहित करने और उनके उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा। यह ब्रांड न केवल गोंडा,बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश की महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन सकता है।

ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के प्रबंधक से धमकी देकर 15 हजार लिए वसूल

गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में ओरियंटल इंश्योरेंस कंपनी के शाखा प्रबंध क से जबरन वसूली करने का मामला सामने आया है। नगर कोतवाली पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।शाखा प्रबंधक आशीष कुमार द्विवे दी ने नगर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी।वैभव मिश्रा और गौरव मिश्रा ने उन्हें धमकी देकर 15 हजार रुपए की जबरन वसूली की है।शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी,नगर कोतवा ल संतोष कुमार मिश्रा के अनुसार,जांच में जबरन वसूली की बात की पुष्टि हुई।इसके बाद दोनों आरोपियों को गिर फ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।न्यायालय ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।यह दोनों आरोपी आए दिन इसी तरीके की घटनाओं को अंजाम दिया करते हैं।दरअसल शराब की लत लगने के कारण यह दोनों आरो पी लोगों के साथ मारपीट भी करते रहते हैं।

जनपद में 07 फरवरी से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न का वितरण

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह फरवरी 2025 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 07 से 25 फरवरी 2025 तक होगा। अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (18 कि.ग्रा. चावल 17 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (2.70 कि.ग्रा. चावल तथा 2.30 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 25 फरवरी 2025 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। समस्त उचित दर विक्रेताओं को सचेत किया गया है कि वितरण अवधि में निर्धारित चौहद्दी में ही कार्डधारकों से ई-पास मशीन पर अंगूठा लगवाकर तत्समय ही लाभार्थी को मानक के अनुसार खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करें। यदि किसी विक्रेता के विरूद्ध अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

चोरी के आभूषण, नकदी सहित शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना उत्तर पुलिस टीम ने गुरूवार को एक शातिर अभियुक्त को चोरी के आभूषण सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त ने कर्ज चुकाने के लिए मकान से आभूषण व नकदी चोरी की थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना उत्तर पुलिस टीम ने चोरी के मुकदमे में वांछित अभियुक्त रवि शर्मा पुत्र स्व. सुनील शर्मा निवासी इन्द्रानगर नई आबादी लालऊ रोड़ थाना उत्तर को मथुरा नगर रोड़ के पास झाड़ी युक्त खाली मैदान थाना उत्तर से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी के मुकदमे से सम्बन्धित माल 1 पेन्डल, 1 अंगूठी, 1 जोडी कान की झुमकी, 2 चैन, 1 जोड़ी हाथ के खडुआ तथा 250 रुपये बरामद किए है।

पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि उसके पिता की मृत्यु हो चुकी है, और बहनों की शादी के कारण उसके ऊपर काफी कर्ज़ा हो गया था, जिसको चुकता करने के लिए लगभग दो महीने पहले उसने शांती नगर जलेसर रोड़ में एक बन्द पड़े मकान की छत के रास्ते मकान में अंदर घुसकर कमरे चोरी की थी। उसने वहां से अलमारी से जेवर और 6,000 रुपये चोरी किए थे। चोरी किये गये रुपयों में से मेरे पास केवल 250 रुपये बचे है इस लिये मैं चोरी किये गये जेवर बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में निकला था। इसी दौरान पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पाण्डेय, अपराध निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह सोलंकी, उपनिरीक्षक विधान चन्द्र चौकी प्रभारी विभव नगर थाना उत्तर आदि है।

साइबर ठगी : किसान के बैंक खाते से उड़ाए 1.5 लाख रुपये

मुरादाबाद। मुरादाबाद जिले के थाना छजलैट क्षेत्र निवासी एक किसान ने पुलिस अधीक्षक देहात को दिए प्रार्थना पत्र में अज्ञात साइबर ठग पर डेढ़ लाख रुपए उड़ाने का आरोप लगाया। पीड़ित किसान का कहना है कि आरोपित ने पहले उसके मोबाइल पर दो-तीन ओटीपी भेजे और फिर उसे झांसे में लेकर वह पूछ लिया। कुछ देर बाद उसके बैंक खाते से 1.5 लाख रुपये साफ हो गए। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह के आदेश पर थाना छजलैट पुलिस ने गुरुवार को अज्ञात ठग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी । छजलैट क्षेत्र के गांव फत्तेहपुर विश्नोई निवासी किसान हरिभजन सिंह ने बताया कि उसका खाता स्टेट बैंक की अगवानपुर शाखा में है। उसने यहां एक चेक जमा किया था, लेकिन चेक के संबंध में जानकारी करने के लिए उसके पास बैंक का फोन नंबर नहीं था। इस पर उसने नेट पर सर्च कर मिले मोबाइल नंबर पर फोन किया और चेक के बारे में जानकारी मांगी। जिसके बाद उक्त नंबर से उसके व्हाट्सएप और मोबाइल नंबर पर एक के बाद एक ओटीपी आने लगे। इसके बाद आरोपित साइबर ठग ने उसे झांसे में लेकर वह ओटीपी पूछ लिए और उसके खाते से 1.5 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए गए। इसके बाद नंबर रिसीव करने वाले ने फोन काट दिया था।

शास्त्री डिग्री कालेज में हुई विवेकानंद क्लब की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । स्वामी विवेकानंद जयंती से प्रारंभ युवा पखवाड़ा के अंतर्गत श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज में हुई विभि न्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को समाहित करते हुए घोषित ल्ल विवेका नंद क्लब ल्ल की स्थापना को आज मूर्त रूप प्रदान कर दिया गया।विवेकानंद क्लब के संयोजक व नैक समन्वयक प्रो. जितेंद्र सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में शैक्षिक सांस्कृ तिक,खेलकूद,स्वच्छता,सामाजिक कार्यों को इस क्ल ब के सदस्य विद्यार्थियों द्वारा गति प्रदान की जाएगी।आज की बैठक में क्लब के कुशल संचालन हेतु विवेकानंद क्लब संविधान का ड्राफ्ट सभी छात्र,छात्राओ की सहमति से तैयार किया गया।महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा ड्राफ्ट अनु मोदित होने के पश्चात,महाविद्यालय की समस्त शैक्षणिक गतिविधियों में विवेकानंद क्लब द्वारा पारित प्रस्तावों को समाहित करते हुए कार्य किए जाएँगे।प्रो.सिंह ने बताया कि सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पदाधिकारियों के चयन की नियमावली को पारित किया।क्लब के सदस्यों ने प्रबं धन के अनुमोदन की प्रत्याशा में सर्वसम्मति से ११ सदस्यी य कार्यवाहक कार्यकारिणी का गठन किया।इस कार्यकारि णी में सत्येंद्र चौधरी एम ए त्रतीय सेमेस्टर,साक्षी तिवारी एम.ए.प्रथम सेमेस्टर,श्वेता गुप्ता बी एस सी कृषि सप्तम सेमेस्टर , इशिता मिश्र बी कॉम पंचम सेमेस्टर,सौम्या सिंह व मधु सिंह बी ए पंचम सेमेस्टर,प्रिया शुक्ला बी ए त्रतीय सेमेस्टर,अनुष्का विशेन व वंदना भारती बी एस सी तृतीय सेमेस्टर,अर्पिता व दृष्टि श्रीवास्तव बी ए प्रथम सेमेस्टर को क्लब की सामान्य सभा द्वारा अनुमोदित किया गया। महा विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो बिनोद प्रताप सिंह ने बता या कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार भारतीय ज्ञान परं परा (आई के एस) के कार्यों को नवगठित विवेकानंद क्लब द्वारा संचालित किया जाएगा ।जिससे विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास,आध्यात्मिक विकास व मानसिक विकास होगा।ड्राफ्ट के अनुसार महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो रवींद्र कुमार क्लब के सरंक्षक,वरिष्ठतम प्रोफ़ेसर प्रो बी पी सिंह सह संरक्षक , नैक समन्वयक प्रो जितेंद्र सिंह क्लब के समन्वयक व आई क्यू ए सी प्रभारी प्रो राम समुझ सिंह सह समन्वयक होंगे ।क्लब के पदाधिकारियों (अध्यक्ष उपाध्यक्ष, सचिव,सह सचिव व कार्यकारिणी सदस्यों) का चयन सामान्य सभा द्वारा किया जाएगा। क्लब की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु श्री देवांश त्रिपाठी कार्यालय सचिव व श्री रोहित सिंह को सह कार्यालय सचिव का कार्यभार प्रदान किया गया ।इस अवसर पर क्लब के सदस्यों द्वारा खेल गतिविधियों, विभिन्न प्रतियोगताओं में विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि के सुझाव दिए गए , जिनमे सूचनाओं को वेबसाइट के साथ साथ क्लास रूम ,नोटिस बोर्ड पर लगाने के सुझाव प्राप्त हुए।क्लब के संविधान ड्राफ्ट गठन के समय राजनीति विभाग के असिस्टेंट प्रो बैजनाथ पाल , शिक्षा शास्त्र के असिस्टेंट प्रो मनीष मोदनवाल , शारीरिक शिक्षा विभाग प्रभारी डॉ अरुण वर्मा ,कार्यालय सचिव देवांश त्रिपाठी , कार्यालय सह सचिव रोहित सिंह ,राम भरोश सहित क्लब की सामान्य सभा के 44 प्रतिभाशाली छात्र/ छात्राए मौजूद रहे ।

मेगा चिकित्सा शिविर में विभिन्न विभागों के लगेंगे स्टाल

बहराइच । नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन, अवध प्रांत के तत्वावधान में 09 फरवरी 2025 को पूर्वान्ह 09:00 बजे से गेंदघर मैदान में आयोजित होने वाले मेगा चिकित्सा शिविर को जनोपयोगी बनाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया है कि आयोजकों से समन्वय कर मरीजों के पंजीकरण डेस्क की स्थापना इस प्रकार से करायी जाये कि मरीज़ों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मेगा शिविर में स्वास्थ्य जांच की उचित व्यवस्था के साथ-साथ मरीजों के लक्षणों के आधार पर उचित रोग निदान की व्यवस्था की जाय। यदि किसी गंभीर स्थिति का पता चलता है, तो उन्हें उच्च चिकित्सा सुविधा के लिए रेफर भी कराया जाय। मेगा शिविर में सामान्य बीमारियों के आवश्यक औषधि की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए परामर्श के अनुसार मरीज़ों को औषधि कराये तथा बायोमेडिकल कचरे के निस्तारण के लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। सीएमओ को निर्देश दिया गया है कि शिविर में विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों से पम्पलेट एवं चश्मा का वितरण भी कराया जाय। जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया गया है ।

सीडीओ के निरीक्षण में आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक विद्यालय में मिली तमाम खामियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने गुरुवार को विकास खण्ड बाजार शुकुल अंतर्गत बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय, पोषाहार उत्पादन इकाई व प्राथमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने सर्वप्रथम सीडीपीओ कार्यालय बाजार शुकुल का निरीक्षण किया कार्यालय परिसर में बने आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने पाया कि आंगनबाड़ी केंद्र पर मुख्यालय से बच्चों के खेलने के लिये खिलौने भेजे गये थे जिन्हें बच्चों को नही दिया गया।आंगनबाड़ी कक्ष में बच्चों को चढ़ाने के लिये दो जीना बनवाये जाने थे जिन्हें नही बनाया गया जिससे बच्चों को कमरे के अंदर जाने में कठिनाई हो रही है इसके अतिरिक्त निरीक्षण के दौरान सीडीओ द्वारा पोषाहार वितरण रजिस्टर मांगा गया जो नही दिखाया गया जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुये सीडीपीओ धर्मेंद्र कुमार का एक दिन का वेतन रोकने के साथ ही स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिया है।इसके अतिरिक्त पर्यवेक्षणीय दायित्वों में लापरवाही बरतने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव से भी स्पष्टीकरण प्राप्त करने को कहा। वही मुख्य मार्ग से सीडीपीओ कार्यालय तक जाने वाली सड़क काफी जर्जर स्थिति में पाई गई इसके निर्माण के लिये मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माण खण्ड को निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने सीडीपीओ कार्यालय के पास बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक स्कूल का निरीक्षण किया। विद्यालय में पिछले साल लगाई गई टाइल्स जगह जगह टूटी पाई गई साथ ही विद्यालय में पुताई का कार्य भी नही पाया गया तथा साफ सफाई की स्थिति बहुत ही दयनीय स्थिति में पाई गई एवं शौचालय के गड्ढों को कवर नही किया गया था जिसके लिये सीडीओ ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार त्यागी को कारण

सीडीपीओ का एक दिन का वेतन रोकने के साथ ही डीपीओ से मांगा स्पष्टीकरण

सीडीओ ने सीडीपीओ कार्यालय, टीएचआर प्लांट व प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उन्होंने पोषाहार उत्पादन इकाई बाजार शुकुल का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने टीएचआर प्लांट में पोषाहार उत्पादन की जानकारी ली एवं उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए इसके साथ ही उन्होंने प्लांट में पोषाहार उत्पादन व वितरण तथा रॉ मैटेरियल से संबंधित रजिस्टरों को का विस्तृत निरीक्षण करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा डीसी मनरेगा को दिया। निरीक्षण के दौरान डीसी मनरेगा शेर बहादुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, खण्ड विकास अधिकारी अंजलि सरोज सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

डीएम ने समस्त इकाइयों पर पोषाहार के उत्पादन को बढ़ाने का दिया निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जिलाधिकारी निशा अनंत ने कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित टेक होम राशन इकाई में पोषाहार उत्पादन व वितरण को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी इकाइयों पर उत्पादन बढ़ाने का निर्देश दिया। बताते चलें कि जनपद में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संरक्षित स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित टेक होम राशन इकाई जनपद में चार जगह संचालित है, जिसमें आस्था प्रेरणा लघु उद्योग जगदीशपुर, जागृति माइक्रो इंटरप्राइजेज गौरीगंज, संगम प्रेरणा माइक्रो एंटरप्राइजेज शुकुल बाजार तथा हौसला माइक्रो एंटरप्राइजेज मुसाफिरखाना द्वारा पोषाहार उत्पादन किया जा रहा है इन इन इकाइयों द्वारा छ माह से तीन वर्ष तक के बच्चों के

स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित टेक होम राशन इकाई में पोषाहार उत्पादन व वितरण को लेकर हुई बैठक

लिए आटा बेसन हलवा,तीन वर्ष से छह माह तक के बच्चों के लिए आटा बेसन बर्फी प्रीमिक्स, दलिया मूंग दाल खिचड़ी, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के लिए आटा बेसन बर्फी प्रीमिक्स, दलिया मूंग दाल खिचड़ी तथा छह माह से तीन वर्ष तक के बच्चों के लिए ऊर्जा युक्त हलवा का उत्पादन किया जाता है। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी इकाइयों पर पोषाहार उत्पादन हेतु खाद्यान्न उपलब्धता, रॉ मैटेरियल की उपलब्धता तथा भुगतान की समीक्षा किया तथा उपस्थित अधिकारियों एवं ईकाई संचालकों को सभी इकाइयों पर उत्पादन बढ़ाने के साथ ही समय से खाद्यान्न उठान, निर्मित पोषाहार को जांच करने हेतु लैब भेजने के साथ ही भुगतान सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में इकाई बंद नहीं होनी चाहिए, कच्चे माल की आपूर्ति के लिए समय से संबंधित वेंडर को सूचित कर दिया जाय जिससे वह समय रहते कच्चा माल उपलब्ध करा सके। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी इकाइयों पर निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करें जिससे टेक होम राशन इकाई सुचारू रूप से चलती रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, बीएसए संजय तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

गंगा जमुनी तहजीब का संगम है दाता करीम शाह का मेला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। जिले के पश्चिमी छोर पर स्थित तहसील बल्दीराय मुख्यालय से सात कि0मी0 की दूरी पर स्थित इसौली के गोमती नदी के तट पर एक माह तक लगने वाला दाता करीम शाह का मेला जिसे धूनी का मेला भी कहा जाता है, क्षेत्र की गंगा जमुनी तहजीब का संगम है मेले में हिन्दू मुस्लिम दोनो आपसी सदभाव रखते हुए आस्था रखते है। हमारे संवाददाता ने दाता करीमशाह के पौराणिक मेले के इतिहास पर खोज की तो बडे बुजुर्गो के अनुसार बता दे कि तब का यह ईश गढ एक वीरान भयावह जंगल था यहां लोग आने से डरते थे सैकड़ो वर्ष पूर्व इस जंगल में तीन मित्र साधू का भेष धारण किए जंगल में प्रवेश किए कई दिनो तक घुम घूम कर आस पास के गांवो का भ्रमण किया इन तीन मित्रो ने इस घने जंगल में लगभग कई माह व्यतीत किए तीन मित्र साधू में एक मित्र का नाम करीम था करीम ने जंगल में ही घास फूस की एक कुटिया का निर्माण किया अन्य दो मित्र जब करीम का मन परख लिया कि यह अब यही रहने का प्रयत्न कर रहा है तो ये दोनो मित्र साधू करीम को वही जंगल में छोड़कर एक मित्र तो उत्तर दिशा की ओर तथा दूसरा मित्र पूरव दिशा की ओर प्रस्थान कर दिया करीम के समझाने के बावजूद भी ये दोनो मित्र नही माने लेकिन करीम को यह वीरान जंगल रमणीक लगा और आजीवन यही रहने का प्रण कर लिया।

करीम की धूनी की राख से लोगों के दुःख दूर होते थे

इस भयावह जंगल में करीम ने कुटिया तो बना ली लेकिन दूर दूर तक कोई जंगल में प्रवेश नही करता था परन्तु करीम अकेले ही अपनी धूनी जला कर ईश्वर की भक्ति में लीन हो गए धीरे धीरे करीम की धूनी दूर दूर तक चर्चित हो गई बताते है कोई भी दुखियारा अपना दुख करीम को सुनाता तो वह धूनी की राख को उसके ऊपर डाल देते और थोड़ी राख दे देते करीम को सिद्धी प्राप्त थी जिससे लोगों का दुःख दर्द धूनी की राख से मिट जाता था।

करीम के पूर्व भी जंगल में बनी थी अलाली की मजार

इस वीरान जंगल में जब करीम की धूनी रम गई तो लोगों में तरह तरह की चर्चाए होने लगी जिस जंगल में अलील की मजार व करीम की धूनी थी वह जंगल एक हिन्दू परिवार का था करीम कई वर्षो तक धूनी में रमे रहे अन्त में अपनी आयु पूरी कर शरीर का परित्याग कर दिया आस पास के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इसी जंगल में करीम की एक मजार बनवा दी बताते है इस जंगल की जमीन जोशी परिवार की थी जिस पर मजार बनवाना लोगों को नागवार लगा इस मामले का एक वाद भी न्यायालय में दायर हुआ लेकिन उस समय न्यायाधीश की सूझ बूझ से दो पक्षो के मामले का पटाक्षेप हो गया क्योकि न्यायाधीश ने दोनो समुदायो की आस्था को देखते हुए करीम की मजार को दाता करीम शाह तथा अलील की मजार को अलील शाह का नाम देकर दोनो पक्षो को डिग्री दे दी आज दोनो समुदाय के लोग दाता करीम शाह में अपनी अपनी आस्था रखते है।

एक माह तक लगने वाले दाता करीम शाह के मेले में बंगाल का जादूगर मौत का कुंआ बड़ा झूला श्रृंगार मिठाई की दुकान आसपास जनपदो की कपड़ो की दुकान लोहे की दुकान लकड़ी की दुकान समेत सैकड़ो दुकाने मेलार्थियो के लिए आकर्षक बनी हुई है क्षेत्र के लोग मेले से अपनी जरूरत मंद सामानो की खरीददारी मेले में करते है।

अकेलवा चौराहे पर एक ही रात में आधा दर्जन दुकानों से लाखों रुपये की सामग्री चोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जायस अमेठी,थाना फुरसतगंज क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने पुलिस की रात्रि गश्त की कलई खोलते हुये अकेलवा चौराहे पर स्थित आधा दर्जन दुकानों से लाखों रुपये की सामग्री समेत नकदी पार कर दिया है। आधा दर्जन दुकानों में हुई चोरी की वारदात से स्थानीय दुकानदारों के साथ ही आम जनमानस में भी भय का माहौल व्याप्त हो गया है। पुलिस ने अभियोग दर्जकर मामले की छानबीन में जुट गई है लेकिन पुलिस के हाथ कामयाबी नही लग सकी है। थाना क्षेत्र के पूरे कुम्हारन मजरे निगोहां निवासी कमलेश कुमार पुत्र स्वर्गीय राम अवध अकेलवा चौराहे पर जलपान का होटल खोल कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। पीड़ित दुकानदार कमलेश कुमार की मानें तो बेखौफ चोरों द्वारा दुकान में रखा तीन रिफाइण्ड,दो गस्ता डालडा व दो सिलेण्डर व कुछ नकदी उठा ले गये है तथा मेरे बगल में चांद की दुकान में किराना स्टोर का सामान तथा मोबीन की दुकान में बिसातखान का सामान भी पार कर दिया है। बेखौफ चोरों ने इसके बाद पालजी की पान की दुकान तथा रफीक की पान की दुकान को अपना निशाना बनाया और वहां से खानपान की सामग्री उठा ले गये और इसके बाद धनंजय टेलर की दुकान का सामान तथा सददाम की दुकान से इलेक्ट्रिक स्कूटी बैट्री, दो चार चार्जर,टूल बाक्स भी उठा ले गये है। अकेलवा चौराहे पर एक ही रात में आधा दर्जन दुकानों में हुई चोरी की वारदात की खबर जंगल में लगी आग की तरह फैल गई और स्थानीय दुकानदारों के साथ ही आम जनमानस में भी आक्रोश व्याप्त हो गया और असुरक्षा की भावना पैदा होने लगी। स्थानीय पुलिस इन चोरी की वारदातों को सर्वप्रथम तो दबाने का प्रयास किया लेकिन स्थानीय दुकानदारों की नाराजगी देखकर अभियोग दर्जकर मामले की इतिश्री कर दिया है और घटना के छत्तीस घण्टे बीत जाने के बावजूद पुलिस के हाथ कामयाबी नही लग सकी है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि इन चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिये पुलिस टीम गठित की गई है और जल्द ही इसका खुलासा किया जायेगा।

इन्हौना पुलिस ने पांच सौ अस्सी लीटर शराब नष्ट कराया

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना इन्हौना पुलिस द्वारा क्षेत्राधिकारी की निगरानी में सैंतीस अभियोगों से सम्बंधित कुल पांच सौ अस्सी लीटर देशी कच्ची, नाजायज शराब का विनष्टीकरण कराया गया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में माल विनष्टीकरण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में जिसके अन्तर्गत बरामद,मुकदमाती मालों,अवैध शराब विनष्टीकरण कराया जा रहा है।इसी क्रम में शराब विनष्टीकरण के तहत न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय जनपद रायबरेली के आदेश प्राप्त होने के उपरांत आज दिनांक बुधवार को तिलोई के क्षेत्राधिकारी अजय कुमार सिंह व थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह की उपस्थिति में थाना इन्हौना में वर्ष 2022, 2023 व 2024 के कुल सैंतीस अभियोगों से सम्बंधित पांच सौ अस्सी लीटर देशी,कच्ची,नाजायज शराब को नष्ट कराया गया है।

साइबर क्राइम पुलिस ने धोखाधड़ी से निकाला गया सवा तीन लाख रुपया कराया वापस

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददात। थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा माह जनवरी में पीड़ितों के बैंक खातों से साइबर धोखाधड़ी कर निकाले गये तीन लाख अठाइस हजार रुपये को वापस कराया गया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम के नेतृत्व में थाना साइबर क्राइम की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह द्वारा बीती एक जनवरी से इकतीस जनवरी तक साइबर धोखाधड़ी कर पीड़ितों के बैंक खातों से निकाली गयी धनराशि तीन लाख अठाइस हजार रुपये पीड़ितों के बैंक खातों में वापस कराये गये। थाना साइबर क्राइम की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह ने बताया कि साइबर अपराध घटित होने की स्थिति में साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

गुमशुदा बालक की तलाश कर परिजनों को सौंपा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददात। थाना अमेठी पुलिस द्वारा गुमशुदा बालक की तलाश कर सकुशल परिजनों को सुपुर्द कर परिजनों की मुस्कान लौटाई गई। परिजनों ने पुलिस के प्रति आभार जताया है। थाना क्षेत्र के गांव परसांवा निवासी राम अचल पुत्र बृजलाल द्वारा मंगलवार को थाना अमेठी पर तहरीर दी गयी कि सोमवार को उनका पुत्र बिना बताये कहीं चला गया है।उक्त के सम्बंध में थाना अमेठी पुलिस ने अभियोग दर्जकर लिया था। उक्त गुमशुदा की तलाश के क्रम में थाना अमेठी के उप निरीक्षक दिनेश सिंह मय हमराह प्रदीप तिवारी द्वारा गुरुवार को गुमशुदा बालक को सकुशल बरामद कर नियमानुसार उनके पिता को सुपुर्द किया गया।परिजनों ने अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया है।

महिला नगदी और सोने चांदी के जेवरात लेकर हुई फरार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददात। थाना माधोथाना क्षेत्र के ग्राम भीमपुर नौगजा निवासी नेतराम पुत्र बनवारी लाल ने थाना माधोटांडा पुलिस को दी शिकायती पत्र में कहा की मेरी पत्नी 28 जनवरी को सुबह 4:00 बजे मेरे 12 वर्ष के पुत्र हरीश कुमार के साथ?60000 नगद और सोने चांदी के जेवरात लेकर घर से कही चली गई पीड़ित ने अपनी पत्नी व पुत्र को काफी तलाश किया लेकिन पुत्र और पत्नी का कहीं कोई पता नहीं लगा पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर पत्नी और पुत्र बरामद करने की मांग की है।

सोनू ढाबा फिर एक बार सुर्खियों में ढाबा स्वामी ने अपने साथियों के साथ मिलकर दलित दंपति के साथ की मारपीट पुलिस से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददात। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महद खास निवासी दुर्वेश कुमार पुत्र डोरी लाल ने कोतवाली प्रभारी नरेश कुमार त्यागी से मिलकर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया शिकायत में दुर्गेश कुमार ने लिखा कि में उक्त पते का निवासी हूं। पीड़ित लगभग 15 सालों से लगातार सोनू ढाबा पर मैनेजर के पद पर कर रहा है। पीड़ित बीमार होने के कारण करीब 2 माह से ढाबे पर काम करने नहीं जा रहा है। दिनांक 6 फरवरी को समय करीब 1:00 बजे पीड़ित अपने घर पर बैठा था। तभी सोनू ढाबा के स्वामी गुरप्रीत सिंह व इकराज पुत्र रंजीत सिंह निवासी खमरिया पट्टी थाना पूरनपुर अपने साथी अतुल और कैलाश के साथ घर में घुसता और पीड़ित से कहता है कि हमारे ढाबे पर काम करने चल तेरे बगैर हमारा ढाबा नहीं चल रहा है।पीड़ित ने उपरोक्त लोगों से कहा कि मैं अभी बीमार हूं इतना सुनते ही उपरोक्त सभी लोग आग बबूला हो गए और मेरे साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अपमानित करने लगे जब मैं इस बात का विरोध किया तो ढाबा स्वामी गाली गलौज करके लात घुसो से मारपीट शुरू कर दी। गुरप्रीत सिंह ने ईट पत्थर उठाकर मेरे पैर के अंगूठे पर मार दी जिससे गंभीर चोटे आई इतना सुनते ही मेरी पत्नी मीना देवी बीच बचाव करने आई कोशिश तो उसको भी जाति सूचक शब्द कहते हुए गंदी-गंदी गाली दी और मारपीट शुरू कर दी।पीड़ित इस घटना की जानकारी देने के लिए कोतवाली जा रहा था तभी उक्त लोगों ने पीड़ित की मोटर साइकिल यूपी 26 वाई 5840 जबरदस्ती छीन ली और जाते जाते धमकी दे गए कि मेरे ढाबे पर काम नहीं किया तो तुझे जान से मार देंगे पीड़ित व पीड़ित के परिवार को उक्त लोगों से जान माल का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कोतवाली में तहरीर दी हैं।

लाइनमैन की मौत का कारण स्पष्ट

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददात। कोतवाली क्षेत्र के गांव सबलपुर खास के रहने वाले राम सिंह पुत्र बलवंत सिंह बिजली विभाग में संविदा पर लाइनमेन पद पर लगभग 15 बर्ष से कार्यरत थे।बिजली विभाग से कर्मचारियों की छटनी किए जाने पर राम सिंह सहित अन्य 20 संविदा कर्मचारियों को बाहर कर दिया गया। तब से राम सिंह काफी परेशान थे। मंगलवार सुबह उनका शव घर में फर्श पर पड़ा मिला। जानकारी लगते ही बिजली विभाग के सभी संविदा कर्मचारी,नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी,कोतवाल नरेश कुमार त्यागी,क्राईम इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह कर्मचारी के घर पहुंच गए और मामले की जानकारी कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया था। गुरुवार चार बजे क्राइम स्पेक्टर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका बिसरा जाँच के लिए सुरक्षित किया है।

सीएमओ ने एमसीएच विंग का किया निरीक्षण,खत्म होगा 6 साल इंतज़ार जल्द होगा शुरू

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददात। सीएमओ ने महिला अस्पताल का निरीक्षण किया और फरवरी माह के अंत तक गर्भवती महिलाओं को प्रसव व ओपीडी की सुविधा नई बिल्डिंग में शुरू की जाएगी। इसके लिए कार्य शुरू कर दिया गया है। सीएमओ डॉ.आलोक कुमार ने रंगाई-पुताई व्यवस्थित करने,पानी की व्यवस्था दुरुस्त कराने शीशे सही कराने के आदेश दिए हैं। ब्लॉक के समीप 50 शैय्या युक्त एमसीएच विंग का निर्माण कंस्ट्रक्शन को ठेका दिया गया था। फरवरी 2019 में एमसीएच विंग का निर्माण शुरू हुआ और भवन का वर्ष 2023 में हैंडओवर ले लिया गया पर अभी तक शुरू नहीं हो सका था। सीएमओ आलोक शर्मा ने बताया कि इस माह एमसीएच विंग शुरू हो जाएगा।

वैलेंटाइन डे के विरोध में उतरी हिन्दू महासभा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। अखिल भारत हिन्दू महासभा ने गुरुवार को युवा नगर अध्यक्ष राहुल राठौर के नेतृत्व में वैलेंटाइन डे के दौरान शहर में बढ़ती अश्लीलता एवं पश्चिमी संस्कृति के प्रचार प्रसार को रोकने के संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया।ज्ञापन में कहा गया है कि आगामी 14 फरवरी को पश्चिमी सभ्यता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा वैलेंटाइन डे मनाया जाता है जिससे जिले की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जाता है। इस दौरान शहर के प्रतिष्ठित होटल, कैफ़े, रेस्टोरेंट एवं पार्कों जैसी जगहों पर अश्लीलता अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाती है। शहर के कई रेस्टोरेंटों में पर्सनल कैविन भी बने हुए हैं जहां सबसे ज्यादा अमर्यादित गतिविधियां होती हैं। यहां तक कि शिक्षा के पवित्र केंद्रों स्कूलों, कालेजों एवं कोचिंग संस्थानों के आस पास के रेस्टोरेंट तक में भी इस पश्चिमी संस्कृति का अनुकरण खुलेआम होता है। जो न केवल सामाजिक मर्यादाओं का उल्लंघन करता है बल्कि युवा पीढ़ी को भी दिग्भ्रमित करता है। कहा गया है कि अखिल भारत हिन्दू महासभा इसका पुरजोर विरोध करती है हिन्दू महासभा ने वैलेंटाइन डे के दौरान शहर में सख्त निगरानी रखने की मांग की है, ताकि प्रेम के नाम पर फैल रही अश्लीलता एवं लव जिहाद जैसी कुप्रथाओं को रोका जा सके। हिन्दू महासभा के युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा ने कहा कि संगठन की टीमें 14 फरवरी को विभिन्न स्थानों पर प्रवास करेंगी और यदि किसी भी स्थान पर अमर्यादित गतिविधियां होती पाई जाती हैं तो पुलिस प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग करेंगी एंव अमर्यादित गतिविधियां करने बालो का विरोध करेंगी। हिन्दू महासभा ने जिला प्रशासन द्वसे इस पर तत्काल प्रभाव से अंकुश लगाया जाने की मांग की है जिससे पीलीभीत जिले की गरिमा बनी रहे। ज्ञापन देने वालों में युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना, युवा नगर अध्यक्ष राहुल राठौर, जितेंद्र मौर्य, विरेंद्र कश्यप, आशु राठौर, शिवम राठौर, आकाश मिश्रा, अनिल कुमार, अमित कुमार, महिला जिलाध्यक्ष बिंदु सिंह, संजू शुक्ला, भगवंती देवी, राखी आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राशन कार्ड धारकों से मित्रता पूर्वक व्यवहार करें कोटेदार : डीएसओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश कुमार मौर्य ने बताया कि जनपद सुलतानपुर में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह फरवरी 2025 के सापेक्ष आबंटित खाद्यान्न का अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी योजना के राशन कार्ड धारको में निःशुल्क गेहूँ व चावल का वितरण दिनांक 07 फरवरी 2025 से 25 फरवरी 2025 के मध्य होगा, जिसके अन्तर्गत अन्त्योदय राशन कार्ड धारको को 17 किग्रा0 गेहूँ व 18 किग्रा0 चावल (कुल 35 किग्रा0 निःशुल्क) प्रति कार्ड तथा पात्र गृहस्थी कार्ड धारको को उनके कार्ड से सम्बद्ध प्रत्येक यूनिट पर 2.30 किग्रा0 गेहूँ व 2.70 किग्रा0 चावल (कुल 05 किग्रा0 प्रति यूनिट निःशुल्क) दर से खाद्यान्न वितरण ई-वेइंग लिंक्ड ई-पॉस मशीन से होगा। निःशुल्क खाद्यान्न के वितरण की अन्तिम तिथि दिनांक 25 फरवरी 2025 है। जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओ को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से नियमानुसार वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। उपरोक्त के क्रम में जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओ को निर्देशित किया जाता है कि उक्त वितरण तिथियों में शासन की मंशा के अनुरुप नोडल /पर्यवेक्षक अधिकारियो की उपस्थिति में उचित दर दुकान से सम्बद्ध समस्त अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी योजना के राशन कार्ड धारको को निर्धारित अनुमन्य मात्रा में गेहूँ व चावल का निःशुल्क वितरण ई-वेइंग लिंक्ड ई-पॉस मशीन से नियमानुसार किया जाएगा।

जल जीवन मिशन की बैठक में मानव श्रम बढ़ा कर कार्य में तेजी लायें : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। डीएम कुमार हर्ष की अध्यक्षता व सीडीओ अंकुर कौशिक की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में ओवरहेड टैंक, ट्यूबेल, पाइप लाइन, पम्प हाउस, सोलर इंस्टालेशन, हर घर जल, क्षतिग्रस्त सड़कों पर पुर्ननिर्माण व पाइप लाइन बिछाने की प्रगति आदि के सम्बन्ध में बिन्दुवार विस्तृत चर्चा की गयी। अधिशाषी अभियन्ता जल जीवन मिशन द्वारा जल जीवन मिशन योजना के बारे में अवगत कराते हुए कहा गया कि भारत सरकार की एक महात्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार को स्वच्छ जल उपलब्ध कराना है।

जल जीवन मिशन योजना फ़ेज-2 और फ़ेज-3 के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था गायत्री प्रोजेक्ट यूनीवर्सल, विध्या टेलीलिंक के माध्यम से जनपद में निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि मानवश्रम बढ़ाते हुए कार्य में प्रगति लायें। विभिन्न एजेन्सियों द्वारा जनपद में 764 बोरिंग के सापेक्ष 761 का लक्ष्य पूरा किया जा चुका है। रेगुलर वाटर सप्लाइ 339 ग्रामों में हो रही है। जिलाधिकारी द्वारा सभी कार्यदायी संस्थाओं को सख्त निर्देश देते हुए कहा गया कि पाइप लाइन बिछाते समय क्षतिग्रस्त हो रही सड़कों के मरम्मत का कार्य सावधानी पूर्वक करें कहीं से कोई शिकायत नहीं आनी चाहिये। विभिन्न एजेन्सियों द्वारा अब तक कुल पाइप लाइन बिछाने के लक्ष्य 14408 कि0मी0 के सापेक्ष 13555 कि0मी0 का लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा अवशेष बची पाइप लाइन बिछाने के लक्ष्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि मैन पावर बढ़ाते हुए कार्य को समय पर पूरा करें। डीएम द्वारा सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि अवशेष बचे सिविल वर्क- पम्प हाउस निर्माण, बाउण्ड्रीवाल निर्माण, कैम्प के अन्दर के कार्य आदि को यथाशीघ्र पूर्ण करें। जिलाधिकारी द्वारा टी.पी.आई. (थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन) एजेन्सी को सख्त निर्देश दिये गये कि किये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता का नियमित अवलोकन कर समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने एक्सीएन जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया कि कार्य में प्रगति लाते हुए जनपद की रैंक में सुधार लायें। कार्यदायी संस्था मेसर्स यूनीवर्सल के 32 पेयजल योजनायें आपरेशन एण्ड मेन्टीनेन्स लेवल पर पूर्ण कर दी गयी हैं। डीएम द्वारा सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जनपद के दूर वाले गॉव में भ्रमण कर यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी ग्राम केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन से वंचित न रह जाये।

जबरन वापसी

यह विडंबना ही है कि पूरे विश्व को लोकतांत्रिक मूल्यों, मानव अधिकारों व आदर्श जीवन मूल्यों की नसीहत देने वाले अमेरिका ने विभिन्न देशों के कथित अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई को बलपूर्वक अंजाम दिया है। सुनहरे सपनों की आस में घर-खेत दांव पर लगाकर व एजेंटों को लाखों रुपये देकर अमेरिका पहुंचे युवाओं ने सपने में नहीं सोचा होगा कि उन्हें अपराधियों की तरह वापस उनके देश भेजा जाएगा। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता ही है कि हमारी युवा शक्ति दुनिया के विभिन्न देशों में लुट-पिटकर अपमानजनक स्थितियों का सामना कर रही है। कभी उन्हें पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधी बंधक बनाकर ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं, तो कभी उन्हें धोखे से बिचौलिए रूसी सेना में भर्ती करवा देते हैं। कभी उन्हें इस्राइल-हमास के भयावह युद्धग्रस्त इलाके में काम की तलाश में पहुंचा दिया जाता है। लाखों भारतवंशियों ने अपनी मेधा व पसीने से अमेरिका की प्रतिष्ठा पर चार-चांद लगाए हैं। अंतरिक्ष में इतिहास रचने वाली कल्पना चावला से लेकर भारतवंशी कमला हैरिस, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से अमेरिका में उपराष्ट्रपति पद तक हासिल किया। यह विडंबना ही है कि मूलतरू प्रवासियों द्वारा बसाये देश अमेरिका में आज सेना के बल पर बेहतर भविष्य की तलाश में आए प्रवासियों को खदेड़ा जा रहा है। मैक्सिको की सीमा पर दीवार खड़ी करके सेना तैनात की जा रही है। यह विडंबना ही कि प्रधानमंत्री मोदी की वाशिंगटन यात्रा से कुछ दिन पहले एक अमेरिकी सैन्य विमान से दो सौ से अधिक कथित अवैध भारतीय प्रवासियों को जबरन वापस भारत लाया गया है। निश्चित रूप से संकीर्णतावादी सोच का पक्षधर ट्रंप प्रशासन दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत के साथ वैसा व्यवहार नहीं कर सकता जैसा कि वह अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला, होंडुरास, पेरू के प्रवासियों के साथ कर रहा है। हालांकि, एक अध्ययन में दावा किया गया है कि भारत, अमेरिका में गए सर्वाधिक अवैध अप्रवासियों वाले देशों में शुमार है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा से पूर्व जबरन की गई 'निर्वासन उड़ान' विसंगतियों व विडंबनाओं की ही घोतक है। हालांकि, भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से अवैध अप्रवासन पर समयानुकूल निर्णय लेकर दोनों देशों में संबंध सामान्य बनाने का प्रयास किया। दरअसल, अमेरिका की हालिया यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जमीनी स्तर पर बेहतर कूटनीतिक प्रयास किये। उन्होंने ट्रंप प्रशासन को इस बात को लेकर आश्वस्त किया कि भारत अपने भटके हुए नागरिकों की वैध वापसी के लिये तैयार है। निस्संदेह, भारत ने समझदारी से टकराव टालने का सार्थक प्रयास किया ताकि मोदी-ट्रंप की मुलाकात से पहले दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट न घुले। निश्चय ही तुनक मिजाज ट्रंप व उनके प्रशासन से इस मुद्दे पर अड़ने में कोई समझदारी भी नहीं थी। ऐसी ही स्थिति पर कोलम्बिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो द्वारा अपने प्रवासी नागरिकों से भरे अमेरिकी सेना के जहाज को न उतरने देने की घोषणा करके अपने लिए अपमानजनक स्थितियां पैदा कर दी थी। पहले उन्होंने निर्वासित लोगों को ले जाने वाली सैन्य उड़ानों को स्वीकार करने से मना कर दिया था। लेकिन फिर राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा कोलंबिया पर टैरिफ और प्रतिबंध लगाने की धमकी के बाद उन्होंने यू-टर्न ले लिया। अब वही कोलंबिया के राष्ट्रपति प्रवासियों से तुरंत घर आने और 'सामाजिक संपदा' के निर्माण में योगदान का अनुरोध कर रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या भारत के पास अमेरिका से निर्वासन के लिये चिन्हित अपने करीब अट्ठारह हजार कथित अवैध प्रवासी नागरिकों के पुनर्वास को लेकर कोई योजना है? सरकार कैसे सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में ये लोग फिर किसी आप्रवासन का दुस्साहस नहीं करेंगे? निश्चित रूप से समय की मांग है कि बेईमान ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी कार्रवाई की जाए, जो युवाओं को सुनहरे सपने दिखाकर अवैध रूप से अमेरिका व अन्य देशों में भेजते हैं। निस्संदेह, विकसित भारत का सपना दूर की कौड़ी है, लेकिन सबसे पहली प्राथमिकता देश की युवा शक्ति को कुशल बनाने तथा रोजगार के आकर्षक अवसर पैदा करना होनी चाहिए। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान कानूनी प्रवासन को सुव्यवस्थित करने का एजेंडा सर्वोपरि होना चाहिए।

प्रयागराज महाकुंभ में वाटर एटीएम की सफलता के मायने

प्रयागराज महाकुंभ में वाटर एटीएम के प्रयोग ने ऐसे धार्मिक आयोजनों में इसकी सार्थकता पर चार चांद लगा दिए हैं। उम्मीद है कि देश में होने वाले ऐसे आयोजनों में वाटर एटीएम की व्यवस्था की जाएगी। भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीआईबी) की विज्ञप्ति में वाटर एटीएम के प्रयागराज महाकुंभ-2025 में मिल रही लोकप्रियता पर चर्चा की गई है। इसमें कहा गया है कि महाकुंभ में देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन ने वाटर एटीएम के माध्यम से स्वच्छ और शुद्ध पेयजल की व्यापक व्यवस्था की गई है। महाकुंभ मेला क्षेत्र में 233 वाटर एटीएम स्थापित किए गए हैं। यह सभी 24 घंटे बिना किसी बाधा के संचालित हो रहे हैं। इनसे प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु शुद्ध आरओ (रिवर्स ऑस्मोसिस) जल प्राप्त कर रहे हैं। मेला प्रशासन के अनुसार, 21 जनवरी से एक फरवरी तक 40.85 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने इन वाटर एटीएम का लाभ उठाया। महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए मेला प्रशासन ने वाटर एटीएम के माध्यम से निःशुल्क पेयजल वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की है। पहले यह सुविधा एक रुपये प्रति लीटर के शुल्क पर उपलब्ध थी। तब श्रद्धालु या तो सिक्का डालकर या यूपीआई स्कैन के माध्यम से भुगतान कर आरओ जल प्राप्त कर सकते थे। अब यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क है। इसके मकसद यह है कि श्रद्धालुओं को स्वच्छ जल प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। यही नहीं प्रत्येक वाटर एटीएम पर एक ऑपरेटर तैनात किया गया है। वह श्रद्धालुओं के अनुरोध पर बटन दबाते ही शुद्ध जल उपलब्ध कराता है। इससे यह सुनिश्चित किया जाता है कि श्रद्धालुओं को जल प्राप्त करने में कोई समस्या न हो और पेयजल की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहे। महाकुंभ में स्थापित वाटर एटीएम आधुनिक तकनीक से लैस है। इन मशीनों में सेंसर-आधारित निगरानी प्रणाली लगी हुई है, जो किसी भी तकनीकी खामी का तुरंत पता लगाती है। यदि किसी वाटर एटीएम में कोई तकनीकी समस्या आती है, तो इसे जल निगम के तकनीशियन तुरंत ठीक कर देते हैं। महाकुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की विशाल संख्या को देखते हुए प्रत्येक वाटर एटीएम से प्रतिदिन 12 से 15 हजार लीटर आरओ जल की आपूर्ति की जा रही है। सभी वाटर एटीएम में सिम-आधारित तकनीक का प्रयोग किया गया है। इस वजह से यह प्रशासन के केंद्रीय नेटवर्क से जुड़े रहते हैं। इस तकनीक के जरिये कुल जल खपत, जलस्तर प्रबंधन, जल की गुणवत्ता और वितरण की मात्रा पर निरंतर निगरानी रखी जाती है। हर बार जब कोई श्रद्धालु वाटर एटीएम का उपयोग करता है तो एक लीटर शुद्ध जल निकलता है, जिसे वह मशीन में लगी टोंटी के नीचे रखी बोतल में भर सकता है। पिछले महाकुंभ आयोजनों में देखा गया था कि संगम और अन्य घाटों के आसपास प्लास्टिक की बोतलों और अन्य कचरे की समस्या गंभीर रूप से बढ़ जाती थी। इस बार प्रशासन ने न केवल स्वच्छ जलापूर्ति की व्यवस्था की है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया है। महाकुंभ मेला प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि वाटर एटीएम पूरे आयोजन के दौरान बिना किसी बाधा के कार्य करते रहें। इसके अलावा प्रयागराज प्रशासन आगे भी इसी तरह की पहल करने पर विचार कर रहा है। इसका सबसे बड़ा लाभ श्रद्धालुओं को तो मिल ही रहा है, इससे प्रशासन को पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक कचरे में कमी लाने की दिशा में भी सफलता मिल रही है। यह प्रयोग श्रद्धालुओं के लिए अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल बन गया है। यह प्रयोग ऐतिहासिक और अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय है। वाटर एटीएम का विचार नया नहीं है। सुरक्षित पेयजल की चुनौती को देखते हुए सरकार ने वैकल्पिक समाधान के रूप में वाटर एटीएम और जल शुद्धिकरण यंत्र जैसे छोटे जल उद्यमों को मान्यता देनी शुरू की है। सेफ वॉटर नेटवर्क के अनुसार, देश में सामुदायिक जलशोधन संयंत्रों की संख्या वर्ष 2014 में 12,000 थी। यह 2018 में बढ़कर लगभग 50,000 हो चुकी है। वर्तमान में यह संख्या और ज्यादा होगी। सरकार 2030 तक हर घर जल के अंतर्गत तेजी से काम कर रही है। देश के लाखों लोगो को शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के लिए वाटर एटीएम की शुरुआत 2008 में पीरामल फाउंडेशन के सेल्स हेड धर्मवीर सिंह ने की थी। उन्होंने इसके लिए सर्वजल अभियान शुरू किया था। यह वाटर एटीएम वाटर बूथ भी कहलाते हैं। जैसे की मिल्क बूथ होते हैं जो दूध उपलब्ध कराते है और ये वाटर बूथ पानी उपलब्ध कराते है। ये वाटर बूथ दिखने में एटीएम की तरह होते है, इसलिए इन्हें वाटर एटीएम भी कहा जाता है। -मुकुंद

भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीआईबी) की विज्ञप्ति में वाटर एटीएम के प्रयागराज महाकुंभ-2025 में मिल रही लोकप्रियता पर चर्चा की गई है। इसमें कहा गया है कि महाकुंभ में देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन ने वाटर एटीएम के माध्यम से स्वच्छ और शुद्ध पेयजल की व्यापक व्यवस्था की गई है। महाकुंभ मेला क्षेत्र में 233 वाटर एटीएम स्थापित किए गए हैं। यह सभी 24 घंटे बिना किसी बाधा के संचालित हो रहे हैं। इनसे प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु शुद्ध आरओ (रिवर्स ऑस्मोसिस) जल प्राप्त कर रहे हैं। मेला प्रशासन के अनुसार, 21 जनवरी से एक फरवरी तक 40.85 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने इन वाटर एटीएम का लाभ उठाया। महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए मेला प्रशासन ने वाटर एटीएम के माध्यम से निःशुल्क पेयजल वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की है। पहले यह सुविधा एक रुपये प्रति लीटर के शुल्क पर उपलब्ध थी। तब श्रद्धालु या तो सिक्का डालकर या यूपीआई स्कैन के माध्यम से भुगतान कर आरओ जल प्राप्त कर सकते थे। अब यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क है। इसके मकसद यह है कि श्रद्धालुओं को स्वच्छ जल प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। यही नहीं प्रत्येक वाटर एटीएम पर एक ऑपरेटर तैनात किया गया है। वह श्रद्धालुओं के अनुरोध पर बटन दबाते ही शुद्ध जल उपलब्ध कराता है। इससे यह सुनिश्चित किया जाता है कि श्रद्धालुओं को जल प्राप्त करने में कोई समस्या न हो और पेयजल की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहे। महाकुंभ में स्थापित वाटर एटीएम आधुनिक तकनीक से लैस है।

मोहन के जापान दौरे से मप्र के औद्योगिक विकास को मिली नई दिशा

हर्षवर्धन पाण्डे

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जापान यात्रा ने न केवल जापान की औद्योगिक प्रगति और विकास को करीब से समझने का अवसर प्रदान किया बल्कि वहां के लोगों की जीवनशैली, संस्कृति, तकनीकी विकास को भी करीब से देखा। जापान सरकार और प्रवासी भारतीयों द्वारा डॉ. यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जापान में उनकी यात्रा का उद्देश्य मध्य प्रदेश और जापान के सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों को मजबूत करना रहा। जब वह टोक्यो पहुंचे तो उनका वहां स्थानीय प्रशासन द्वारा स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जापान दौरे के पहले दिन टोक्यो में विभिन्न महत्वपूर्ण बैठकों और कार्यक्रमों में शामिल हुए। टोक्यो में जापान के निवेशकों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों के साथ मध्य प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों के बढ़ावा देने वाले क्षेत्रों और संभावनाओं के विषयों पर चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ''फ्रेंड्स ऑफ एमपी-जापान'' टीम के साथ भेंट करने के साथ ही टोयोटा मोटर कॉरपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ औद्योगिक और निवेश सहयोग के विषय पर बैठक की जिसके बाद टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में ''सेलिब्रेटिंग इंडिया-जापान रिलेशनशिप : फोकस मध्यप्रदेश'' रोड-शो में भी सहभागिता की । जापान के तकनीकी विकास से डॉ. मोहन यादव को काफी प्रभावित किया। उन्होंने देखा कि कैसे जापान अपने अत्याधुनिक तकनीकी अविष्कारों और इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से दुनिया भर में एक महत्वपूर्ण स्थान बना चुका है। वहाँ की रेल प्रणाली ने उन्हें खासा प्रभावित किया। उन्होंने बुलेट ट्रेन की सवारी की और महसूस किया कि कैसे यह तकनीकी दृष्टि से दुनिया के सबसे तेज और सुरक्षित परिवहन साधनों में से एक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के साथ टोक्यो के मिनाटो-कू में विस्तृत चर्चा की जिसमें जापानी कंपनियों के मध्य प्रदेश में निवेश को लेकर संभावनाओं और सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श हुआ। जेट्रो ने मध्यप्रदेश सरकार के साथ बड़े निवेश पर चर्चा की। डॉ. मोहन यादव ने जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी को मध्यप्रदेश में हाइड्रो प्रोजेक्ट में निवेश करने के लिये आमंत्रित किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिकित्सा उपकरणों का उत्पादन करने वाली कंपनी एएनडीडी मेडिकल के निदेशक डाइकी अराई ने मध्य प्रदेश में निर्माण इकाई स्थापित करने की मंशा जाहिर की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टोक्यो में एएनडी मेडिकल कम्पनी के निदेशक डाइकी अराई से मुलाकात कर मध्य प्रदेश में चिकित्सा उपकरण निर्माण के अवसरों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन के अत्याधुनिक मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश के लिये आमंत्रित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार औद्योगिक इकाइयों को रियायती दरों पर भूमि उपलब्ध करा रही है। उन्होंने इस पार्क को भारत के तेजी से विकसित हो रहे हेल्थ केयर और मेडिकल डिवाइस सेक्टर का एक महत्वपूर्ण केन्द्र बताया। उज्जैन में बन रहे मेडिकल डिवाइस और मुख्य रूप से मेडिकल सेक्टर के लिए भी जापान के उद्योगपतियों से निवेश की बात कही है। सीएम डॉ. यादव के प्रयासों से मध्य प्रदेश में मेडिकल और फार्मास्यूटिकल मैन्युफैक्चरिंग का नया हब बनने जा रहा है जिसके लिए जापान से निवेशकों के बड़े प्रस्ताव भी मिले हैं। उन्होंने सिस्मेक्स की अत्याधुनिक मेडिकल डिवाइस निर्माण तकनीक का अवलोकन किया और मध्यप्रदेश में सिस्मेक्स को आमंत्रित किया। एएंडडी मेडिकल ने मध्य प्रदेश में अपनी निर्माण इकाई स्थापित करने में विशेष रूचि दिखाते हुए इसे वर्ष के अंत तक इसे शुरू करने की बात कही है। जापान की एएंडडी मेडिकल कम्पनी वैश्विक स्तर पर चिकित्सा उपकरण और स्वास्थ्य निगरानी उत्पादों का उत्पादन करती है। डॉ. मोहन यादव ने कोबे और ओसाका में स्थित हेल्थ केयर और डॉयग्नोस्टिक कम्पनी साइसमेक्स प्रमुख औद्योगिक कम्पनियों के उद्योगपतियों के साथ बैठक की और हेल्थ केयर, ऊर्जा और मैन्युफेक्चरिंग क्षेत्रों में निवेश एवं साझेदारी पर भी चर्चा की। उन्होंने जापानी कार निर्माता कंपनी 'टोयोटा मोटर कॉरपोरेशन' के वरिष्ठ अधिकारियों से भी मुलाकात कर उनसे मध्य प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की।पैनासोनिक एनर्जी कपंनी लिमिटेड, डॉयग्नोस्टिक कंपनी साइसमेक्स सहित कई औद्योगिक कंपनियों ने बैटरी निर्माण और प्रदेश में ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में गहरी रूचि दिखाई और मध्य प्रदेश में भरपूर निवेश का भरोसा दिलाया।

सेहत मंत्र

सेहत के लिए फायदेमंद है अदरक-नींबू की चाय

बहुत से घरों में सुबह की शुरूआत चाय के साथ ही होती है। माना जाता है कि चाय सेहत के लिए अच्छी नहीं होती, पर यह पूरी तरह सच नहीं है। अदरक-नींबू की चाय सेहत को कई तरह के लाभ प्रदान करती ह। अदरक-नींबू की चाय का सेवन करने का एक लाभ यह है कि यह बढ़ते वजन पर लगाम लगाता है। दरअसल, जब आप इसका सेवन करते हैं तो अदरक के कारण आपको अतिरिक्त भूख नहीं लगती, वहीं दूसरी ओर, नींबू इंसुलिन प्रतिरोध क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ शरीर में फैट की मात्रा को भी कम करता है। इन दोनों का एक साथ सेवन करने पर व्यक्ति को मेलाबॉलिज्म बेहतर तरीके से काम करता है, जिससे वजन कम करने में सहायता मिलती है। अगर आप अपने दिमाग की कार्यक्षमता में वृद्धि करना चाहते हैं तो भी अदरक-नींबू की चाय आपके लिए फायदेमंद होगी। इसमें एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं। साथ ही इसके सेवन से याददाश्त मजबूत होती है और अल्जाइमर का खतरा भी कम होता है। कुछ लोगों की रोग-प्रतिरोधक क्षमता इतनी कमजोर होती है कि वह बहुत जल्द बीमार पड़ते है। लेकिन अगर आप नींबू-अदरक की चाय को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं तो यकीनन आपको बीमारियों से लड़ने की शक्ति मिलेगी। दरअसल, नींबू में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। साथ ही नींबू और अदरक दोनों संक्रमण से लड़ने में काफी प्रभावशाली होते हैं। इसलिए यह आपको कई तरह के संक्रमण से बचाते हैं।अदरक नींबू की चाय व्यक्ति के भीतर शारीरिक व मानसिक तनाव को कम करने में सहायक है, जिसके कारण व्यक्ति खुद को काफी रिलैक्स महसूस करता है। जिन लोगों को मूड स्विंग की समस्या रहती है। उन्हें नींबू-अदरक की चाय अवश्य पीनी चाहिए। इससे उनकी स्थिति में काफी सुधार होता है। अदरक और नींबू की चाय का सेवन एक दर्दनिवारक के रूप में भी किया जा सकता है। दरअसल, अदरक और नींबू दोनों में ही एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो विभिन्न प्रकार के दर्द को कम करने में मदद करते हैं। इसलिए अगर आप नियमित रूप से इसका सेवन करते हैं तो आपको माइग्रेन से लेकर मासिक धर्म में ऐंठन से संबंधित हर परेशानी से छुटकारा मिलेगा।

धर्म मंत्र

करणी माता मंदिर जहां चूहों को भोग लगाने से प्रसन्न होती है माता

भारत भर में कई अजीबो-गरीब मंदिर हैं। जहां पहुंचकर कई भक्तों की मुराद पूरी होती हैं और कई मंदिर पर अनोखे चमत्कार देखने को मिलते हैं। आज हम आपको राजस्थान के बीकानेर जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर देशनोक नामक कस्बे में स्थित करणी माताजी के मंदिर के बारे में बताने जा रहें हैं। इस मंदिर की अजीब बात यह हैं कि यहां माता को प्रसन्न करने हेतु चूहों को प्रसाद खिलानी पड़ती हैं और इन चूहों की संख्या 2 हजार से अधिक बताई जाती हैं। कहा जाता है कि यह चूहे करणी माता के परिवार के सदस्य हैं और इन चूहों की झूठी प्रसाद खाने से ही माता प्रसन्न होती हैं। बताया जाता हैं कि करणी माता बीकानेर राजघराने की कुलदेवी हैं और इन्हीं के आशीर्वाद से बीकानेर और जोधपुर अस्तित्व में आए हैं। राजस्थान में करणी माता का यह मंदिर चूहों के मंदिर के नाम से भी प्रसिद्ध हैं। इस मंदिर की ख्याति समूचे भारत में फैली हुई हैं। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालु को पैर घसीटते हुए जाना होता हैं। क्योंकि यहां चूहों की तादाद बड़ी संख्या में हैं। अगर पैर उठाकर चले तो चूहों को हानि पहुँचती हैं। मंदिर परिसर में चूहों द्वारा धमाचौकड़ी मचाना आम बात हैं। मंदिर में अधिकांश काले चूहें नजर आते हैं। लेकिन अगर सफ़ेद चूहा नजर आ जाए तो उसे पुण्य माना जाता हैं। यहां आने वाले भक्तों का कहना हैं कि अगर सफ़ेद चूहें को देखकर अगर कोई मनोकामना करते हैं तो वह जल्द ही पूरी हो जाती हैं।

पर्यटन

रहस्य, रोमांच और आश्चर्य की अनोखी दुनिया रामोजी फ़िल्म सिटी

दुनिया की सबसे बड़ी रामोजी फ़िल्म सिटी आठवें आश्चर्य से कम नहीं है। हैदराबाद स्थित इस अजूबे को देखने का अवसर कुछ समय पूर्व मुझे भी मिला तो यकीन नही हुआ क्या भारत की धरती पर ऐसा भी जादुई संसार है। आश्चयों से भरी एक मुक्कमल नगरी जिसका अपना अलग ही वजूद है। प्रकृति की सुंदरता और स्वच्छ वातावरण मन को मोह लेता है। हैदराबाद से कार से करीब पोन घंटे के सफर के बाद हमारे सामने थी सपनों की यह मायावी दुनिया। प्रवेश द्वार आकर्षक और भव्य है। टिकिट लेकर अंदर प्रवेश करने पर किंकर्तव्य विमूढ़ हो गए विशाल परिसर देख कर कि किधर से शुरू करें अपनी यात्रा। हमने वहां भृमण कराने वाली बस का सहारा लेना उचित समझा। फ़िल्म सिटी में रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, कोर्ट, अस्पताल, महल, मंदिर, चर्च, गुरुद्वारा, खेल का मैदान, जंगल, समुंदर, नदियाँ, शहर, गांव, सेंट्रल जेल, ईटीवी प्लेनेट, ताल, कृत्रिम जलप्रपात, शॉपिंग कॉपलेक्स, खूबसूरत इमारतें, देहाती दुनिया, स्लम, राजपथ,एशिया का सबसे बड़ा ऐडवेंचर पार्क, बच्चों का किड पार्क, ऊंची इमारतों वाली प्रिंसेस स्ट्रीट, इतिहास की घटनाओं को बताने वाली कृपालु केव्स, जैपनीज गार्डन, सन फाउंटेन गार्डन, बोरासोरा, सेंक्चुरीज गार्डन, एंजेलस फाउंटेन, बर्ड पार्क, मुगल गार्डन, आदि किसी आश्चर्य से कम नहीं थे। देख कर लगा पूरी फिल्म ही यहीं पर बन जाये, कहीं जाने की जरूरत ही नहीं। यहां फिल्मों के कुछ सेट प्राचीन राजा-महाराजाओं के किलों की याद दिलाते हैं तो कुछ देश में बॉलीवुड का दर्शन कराते हैं। भगवंत हॉल पर्यटकों के लिए आकर्षण का विशेष केंद्र हैं जिसका मैथोलोगिकल महत्व है जिसमें भगवान कृष्ण एवं दुर्योधन का दरबार आदि प्रमुख आकर्षण है। बोरसोरा का थ्रिल पार्क रोमांच एवं रहस्य का अनूठा संसार है। गाइड ने हमें बताया कि रामोजी फिल्म सिटी में फ़िल्म के पूर्व-निर्माण, निर्माण और पश्चात निर्माण की तमाम सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसमें 500 से ज्यादा सेट लोकेशन हैं।

प्रभु राम परिवार के दर्शन पाकर झूम उठे दर्शक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। पांच दिवसीय धनुष यज्ञ मेला के अंतिम दिवस आज गुरुवार को दोपहर गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकली।रथ पर भगवान राम, लक्ष्मण, माता सीता व हनुमान की मनमोहक छबि देखते बनी। शोभा यात्रा गांव से होते हुए रामलीला मैदान में पहुंची । जहां श्रद्धालु झूम उठे। शाम करीब चार बजे भरत मिलाप प्रसंग प्रस्तुत किया गया । जिसमें प्रभु श्रीराम की अयोध्या वापसी और भरत मिलाप के दृश्य ने सभी को भावविभोर कर दिया।

रामलीला के कलाकारों द्वारा किए गए सजीव अभिनय ने दर्शकों के दिलों को छू लिया। भरत के साथ शत्रुघ्न, लक्ष्मण और माता सीता भी भावुक हो गए। राजगद्दी कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक क्षण को देखने के लिए परिसर में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर राम लीला मेला समिति पारिजात धाम बरौलिया के अध्यक्ष चन्द्रेश कुमार वर्मा वर्मा खाद भंडार, इन्द्रेश वर्मा, ग्राम प्रधान जय प्रकाश वर्मा, चंदन वर्मा, रविकांत वर्मा, मोनू, लवकुश, गोबिंद प्रसाद, विशाल वर्मा, ओमप्रकाश, रामकिशोर, मो. जाकिर, एवं समस्त कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

दो हत्या अभियुक्तों को आजीवन कारावास, अर्थ दंड भी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । अपर सत्र न्यायाधीश उमेश चंद पांडे ने हत्या कर साक्ष्य छिपाने के एक मामले में दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास तथा 60-60 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रमाकांत दुबे ने बताया कि मामला थाना सतरिख के ग्राम मोहम्मदपुर परेठिया का है ।यही के निवासी शिवराज का बड़ा लड़का संतोष कुमार 18 मई 2022 को एक कैंपस में इलेक्ट्रिशियन का काम करने हेतु सुबह 8:00 बजे निकला था ।शाम को घर न पहुंचने पर परिजनों में उसे तलाश करना शुरू किया तो जानकारी मिली कि वह मोटरसाइकिल चचेरे मामा कोमल को देकर भानमऊ जाने को बताकर चला गया था ।संतोष कुमार को ग्राम दिवि यापुर सहेलिया थाना सतरिख निवासी विजय कुमार यादव अक्सर फोन करके बुलाया करता था ।उस दिन संतोष उसी के बुलाने पर गया था ।तब से घर वापस नहीं आया ।दूसरे दिन पिता शिवराज ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी ।तलाश के दौरान संतोष कुमार का मोबाइल गौरिया घाट पुल के पास पाया गया ।20 मई को ग्राम नीदनपुर के निकट गोमती नदी में उसका शव मिला।घटना की रिपोर्ट विजय कुमार यादव व उसके साथी तेजराम के खिलाफ दर्ज कराई गई थी ।विजय कुमार यादव का विवाह वादी के चाचा दयाराम की लड़की विद्यावती के साथ हुआ था विजय गांव में ही ससुराल में रहता था तथा आए दिन अपनी पत्नी व ससुर दयाराम से मारपीट करता था। जानकारी होने पर वादी विजय को डांटते थे जिससे विजय बुरा मानता था।घटना से 1 साल पहले वह अपने गांव चला गया था। विजय कुमार ने अपने साथी तेजराम के साथ मिलकर संतोष कुमार की हत्या कर दी और शव छुपाने के लिए नदी में फेंक दिया। न्यायालय में चली सुनवाई के दौरान गवाहों के बयान व दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात न्यायाधीश ने अभियुक्त विजय कुमार यादव व तेजराम को हत्या तथा साक्ष्य छिपाने की धाराओं में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास तथा 60-60 हजार रुपये जुर्मान जमा करने की सजा सुनाई है।

जिला बार की आमसभा बिना निर्णय स्थगित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अगले शुक्रवार को पुनः आमसभा

बाराबंकी। जिला बार एसो की आमसभा 6फरवरी को बगैर नतीजे के समाप्त हो गई। अध्यक्ष वा महामंत्री ने मंत्रना कर अगले शुक्रवार तक के लिए आमसभा स्थगित कर दी।

अध्यक्ष हिसाल बारी किदवई की अध्यक्षता में शुरू हुई आमसभा का संचालन करते हुए महामंत्री अशोक वर्मा ने इस कार्यकारिणी के कार्यकाल का आय और व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया और कहा कि जिला बार एसोसिएशन लाखो रुपए के फायदे में है तथा कार्यकारिणी ने कई विकास कार्य भी कराए है। इसके बाद महामंत्री ने आमसभा का 13सूत्री एजेंडा सदन में रखा। इसमें दो वर्ष तक प्रैक्टिस वाले जूनियर वकीलों को तथा अत्यधिक ओल्ड एज वकीलों को मासिक चंदे में राहत देने, मेडिकल हेल्प राशि बढ़ाए जाने,वकालत नामा बारह की अनिवार्यता समाप्त करने,सहित अन्य मुद्दों पर वक्तावों ने वक्तव्य देना शुरू किया। बैठक में पूर्व वरिष्ट उपाध्यक्ष अमीनुद्दीन,कौशल किशोर त्रिपाठी,रमन द्विवेदी, वा सी बी सिंह ,नरेश कुमार सिंह,विजय कंात मिश्रा सहित तमाम अधिवक्ताओं ने अपना पक्ष रखा लेकिन सभी पूर्व अध्यक्ष,वरिष्ट अधिवक्ता बी के दीक्षित,पूर्व अध्यक्ष हरीश अगिनहोत्री,पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह बब्बन,पूर्व अध्यक्ष राम गोपाल शुक्ला,पूर्व अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह,पूर्व अध्यक्ष योगेन्द्र वर्मा,पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा सहित तमाम अधिवक्ता गण के विचार आने शेष रह गए और समय समाप्त हो गया। इसे देखते हुए अध्यक्ष हिसाल बारी किदवई ने महामंत्री अशोक वर्मा से डिस्कस के बाद एलान किया कि शेष आमसभा अगले शुक्रवार को होगी।फिलहाल आज किसी निर्णय के बिना आमसभा स्थगित हो गई।

दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत, एक की मौत तीन घायल

जालौन। कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तूमरा एवं महलुआ के बीच नदीगांव मार्ग पर गुरुवार की शाम को दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। घटना में एक की मौत हो गई और महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों एवं एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गुरुवार की शाम नदीगांव मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। मध्यप्रदेश के रावतपुरा निवासी 18 वर्षीय दिव्यांशु अपनी मां 36 वर्षीय पिंकी त्रिपाठी को लेकर बाइक से कोंच स्थित अपने रिश्तेदारों के यहां एक शादी समारोह में शामिल होने आ रहा था। इसी दौरान नदीगांव रोड पर तूमरा गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे 24 वर्षीय रमाकांत कश्यप निवासी रूपपुरा अपने गांव के दोस्त रामकृष्ण के साथ आ रहे थे और दोनों बाइकों में टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक के सवार चारों लोग घायल हो गए। हादसे को देख राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चारों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया जहां डाक्टर ने रमाकांत को मृत घोषित कर दिया।

डीएम का सड़क की पटरियों से अतिक्रमण हटाने का निर्देश

अतिक्रमण कारियों पर लगेगा जुर्माना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने गुरुवार को शहर के कई प्रमुख स्थानों का निरीक्षण कर सड़क पटरियों पर दुकानदारों द्वारा किये गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने आलापुर में निरीक्षण के दौरान देखा कि तमाम ठेला दुकानदारों द्वारा सड़क की पटरी पर अतिक्रमण कर अपनी दुकानें लगा रखी है।जिससे रास्ते में जाम की समस्या बनी रहती है। इस पर जिलाधिकारी ने ईओ नगरपालिका को निर्देशित करते कहा कि चिन्हाकिंत किये गए स्थान पर मिट्टी पटाई कराकर दुकानें सिप्ट कराई जाए। इसके बाद जेनेम्सा रोड पर लगने वाली सब्जी की दुकानों अन्यत्र विस्थापित किये जाने हेतु नए स्थल के चिन्हाकन के लिये कमरियाबाग, देवा रोड पर ओवरब्रिज के नीचे व मालगोदाम रोड निकट साईं मंदिर के पास के स्थलों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने ईओ नगरपालिका को निर्देशित करते कहा कि सड़क पटरियों पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर जुर्माना लगाया जाए। इस मौके पर जॉइंट मजिस्ट्रेट आर.जगत साईं, ईओ नगरपालिका नवाबगंज संजय शुक्ला, सीओ सिटी जगतराम कनौजिया सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

कंस्ट्रक्शन कंपनी की लापरवाही, जानलेवा हुआ अयोध्या मार्ग

बनीकोंडर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर तहसील व थाना रामसनेहीघाट क्षेत्र में सड़क मरम्मत का कार्य कई दिनों से सूर्य कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा कराया जा रहा है। जगह जगह सड़क को उखाड़ कर मरम्मत का कार्य हो रहा है। मरम्मत कार्य अभी तक पूरा नहीं किया जा सका। रोड़ी बिखर कर सड़क पैर फैला रही है।राहगीरों की मुसीबत का शबब बनी है। कोटवा सड़क के पास राष्ट्रीय राजमार्ग गढ्डों तब्दील हो गया है। सड़क पर बिखरी पड़ी बजरी से मोटरसाइकिल चालक चोटिल हो जा रहे हैं बड़े वाहन बगल से निकलने पर बजरी उछल कर उपर पड़ती है।तेज उ गाड़ियों के सामने गड्ढा आ जानें से ब्रेक मारने पर गाड़ियों का बैलेंस बिगड़ जाता है और गाड़ियां आपस में टकरा कर क्षतिग्रस्त हो जाती है लोग चोटिल हो जाते हैं। पिछले कई दिनों से लगातार कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।इस संबंध में सूर्य कंस्ट्रक्शन के अधिकारी सुभाष चंद्र ने बताया कि काम चल रहा था लेकिन 26 तारीख से कुंभ की वज़ह से काम बंद था अब काम शुरू हुआ है दो दिन मे कार्य करवा दिया जाएगा।

पिकअप की टक्कर से एक युवक की मौत दो गंभीर

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के त्यागी दास कुटी निकट एक तेज रफ्तार पिकप ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी।हादसे में बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हुए। जबकि एक घायल युवक की इलाज दौरान मौत हुई।पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। कुर्सी के ओदार निवासी अनुराग पुत्र राम प्रताप 20 वर्ष गुरुवार को गांव के ही अपने साथी आनंद व अमरसिंह के साथ बाइक से महमूदाबाद गए थे। जहां से तीनों एक ही बाइक से वापस घर लौट रहे थे। ।हादसे में बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलो को एम्बुलेंस से महमूदाबाद सीएचसी में भर्ती कराया।जहां पर इलाज के दौरान आनन्द की मौत हुई।उधर घटना के बाद भाग रहे पिकप वाहन को स्थानीय लोगों ने दौड़ाकर पकड़ लिया और उसे पुलिस को सौंप दी।पुलिस ने चालक व वाहन को कब्जे में लिया।थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि हादसे में घायल एक युवक की मौत हुई है।दो अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। पिकप वाहन व चालक कस्टडी में है।

अवैध खनन कर रहा ट्रैक्टर लोडर तहसीलदार ने पकड़ा

बनींकोडर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र में अवैध खनन का कारोबार फल फूल रहा है। नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी ने अवैध खनन कर रहे खनन कर रहे ट्रैक्टर लोडर को देर शाम कब्जे में ले लिया। ट्रैक्टर लोडर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। खनन माफिया मिट्टी खुदाई कर जमीन को बड़ा गड्ढा बना रहे हैं।नायब तहसीलदार ने बताया कि गांव सधवापुर इब्राहिमाबाद के बीच उक्त वाहन अवैध बेतरतीबी खनन कर रहा था।ड्राइवर कुछ बता नहीं पाया। कोतवाली प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी को सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का आदेश भेजा है।

किसान गोष्ठी में उन्नतशील बीज प्रयोग पर बल

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामनगर विकासखंड के ग्राम दुर्गापुर व लहड़रा में बसंतकालीन गन्ने की बुवाई को लेकर किसान गोष्ठी आयोजित की गई।जिसमें गन्ना विशेषज्ञों ने मिट्टी की जांच संतुलित उर्वरक उपयोग और ईख की उन्नत प्रजातियों की बुवाई पर जोर दिया।बाढ़ क्षेत्र में जलभराव से बचाव के लिए उपयुक्त गन्ना प्रजातियों की जानकारी दी गई। साथ ही कीट नियंत्रण और मिट्टी उपचार के उपाय सुझाए गए।जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों को विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने को कहा।चीनी मिल के अधिकारियों ने गन्ना भुगतान समय से करने और उन्नत किस्मों की बुवाई पर बल दिया इस गोष्ठी में बड़ी संख्या में किसान शामिल रहे।

कोर्ट के आदेश पर नष्ट की गई 5 हजार ली. शराब

रामसनेहीघाट बाराबंकी। कोतवाली रामसनेहीघाट पुलिस द्वारा गुरुवार को न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 5000 लीटर से अधिक अवैध अंग्रेजी शराब को नष्ट किया। यह शराब पिछले साल विभिन्न अवसरों पर हाईवे से गुजर रहे वाहनों से जब्त की गई थी।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश तिवारी के अनुसार, पकड़ी गई शराब को कोतवाली में रखा गया था और मामले को न्यायालय में प्रेषित किया गया था। न्यायालय से निर्देश मिलने के बाद इस अवैध शराब को नष्ट करने की कार्रवाई की गई।प्रक्रिया के दौरान पुलिस उपाधीक्षक समीर कुमार सिंह नायब तहसीलदार आबकारी निरीक्षक व सहित अन्य वरिष्ठ मौजूद रहे।

खिलाड़ियों के लिए भारत सरकार ने खोला खजाना: मनीष मिश्रा

एजेंसी

औरैया । जिला ओलंपिक संघ के महासचिव व उत्तर प्रदेश वालीबाल संघ के प्रदेश पदाधिकारी मनीष मिश्रा ने गुरुवार को हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि केंद्रीय बजट 2024 -25 में केंद्रीय सरकार ने खेल बजट में अप्रत्याशित वृद्धि करते हुए पिछले वर्ष की तुलना में 351 करोड़ रुपए की वृद्धि की और इस वर्ष 3794 करोड़ रुपए खेल बजट के लिए जारी किए ।

2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी को देखते हुए केंद्र सरकार ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अच्छी सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार ने खजाने का मुंह खिलाड़ियों के लिए खोल दिया है। इस वर्ष बजट में खेल संघों को मिलने वाली सहायता में भी बढ़ोतरी कर 400 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं । राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में डोपिंग न हो, इसके लिए डोपिंग पर कार्य करने वाली संस्था राष्ट्रीय डोपिंग टेस्ट लैबोरेट्री के लिए बढ़ाया गया । भारत सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना खेलो इंडिया के लिए भी पिछले वर्ष की तुलना में 200 करोड रुपए बढ़कर इस वर्ष 1000 करोड़ रुपए का बजट जारी किया गया । इस बड़े हुए बजट से निश्चित ही खिलाड़ियों को अच्छे कोच, तकनीकी सहायता, क्रीड़ा मैदान व अन्य सुविधाओं के लिए अधिक सहायता मिलेगी । जिससे खिलाड़ी खेलों में अपना सर्वोच्च प्रदर्शन कर अधिक से अधिक मेडल पा सकेंगे ।

मनीष मिश्रा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय खेलों में मेडल लाने वाले खिलाडियों को उत्तर प्रदेश सरकार ने खेल कोटे के अंतर्गत पुलिस विभाग में डीएसपी व जिला युवा कल्याण अधिकारी जैसे कई विभागों में जनपद स्तर के पद के नियुक्ति पत्र खिलाड़ियों को दिए गए हैं ।

इस वर्ष खेल विश्वविद्यालय व भारतीय खेल प्राधिकरण का भी बजट, भारत सरकार ने बढ़ाया है । सभी प्रकार के खेलों के प्रोत्साहन और प्रगति के लिए भारत सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा खेलों की उन्नति के लिए इस वर्ष बजट बढ़ा कर दिया गया है । खेलों का बजट बढ़ाने के लिए जिला ओलंपिक संघ औरैया के महासचिव व उत्तर प्रदेश वालीबॉल एसोसिएशन के प्रदेश पदाधिकारी मनीष मिश्रा ने भारत सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का व भारत सरकार का आभार व्यक्त किया है और आशा व्यक्त की है कि इसी प्रकार खिलाड़ियों को भारत सरकार प्रोत्साहन देती रहेगी जिस खिलाड़ी अपना सर्वोच्च प्रदर्शन देते रहेंगे ।

दरियाबाद असेंबली में सपा की बैठक में सम्मिलित हुए गोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कार्यकर्ताओं को दिया एकजुटता का मंत्र

रामसनेहीघाट बाराबंकी।दरियाबाद विधानसभा के भिटरिया समाजवादी पार्टी कार्यालय में आज गुरुवार को आयोजित महत्वपूर्ण बैठक मे पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप ने शामिल हुए ।काशीपुर प्रधान प्रतिनिधि सपा नेता विनय पांडेय समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

बैठक में अरविंद गोप ने अयोध्या लोकसभा सीट पर पीडीए की जीत का जिक्र करते हुए कहा कि भगवान राम ने भाजपा का घमंड तोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले चुनाव के दौरान गाना गाते थे कि 'जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे', लेकिन उन्हें यह नहीं पता था कि भगवान से बड़ा कोई नहीं होता। अयोध्या में भगवान राम ने न्याय किया और अपने सच्चे सेवक अवधेश प्रसाद को सांसद बनाकर भाजपा के अहंकार को चकनाचूर कर दिया। गोप ने कार्यकर्ताओं से पीडीए की नीतियों और कार्यक्रमों को हर घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सभी को साथ लेकर चलते हैं और पीडीए की मजबूती से विपक्ष में घबराहट है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारी लड़ाई समाज के विकास और गरीबों-मजलूमों के हित के लिए है। कार्यकर्ताओं को उनके सुख-दुख में शामिल होते रहना हैं।

अपनी योग्यता व क्षमताओं को बढ़ाते हुए असाधारण बने: अजित दीक्षित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । सरस्वती शिशु मंदिर (10+2) पक्कीबाग गोरखपुर में आज कक्षा द्वादश के छात्रों का आशीर्वाद समारोह संपन्न हुआ। जिसमें छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सी.बी.एस.ई बोर्ड के सिटी को- ऑर्डिनेटर अजित दीक्षित ने कहा कि साधारण न बने अपनी योग्यता व क्षमताओं को बढ़ाते हुए असाधारण बने। असाधारण व्यक्ति के लिए कोई समस्या नहीं होती न ही वह कभी जीवन में असफल होता है। शिक्षा के साथ ही अपने अंदर कोई न कोई स्किल का विकास भी करना चहिए। अपने विद्यालय और शिक्षक को कोई विस्मृत नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि आज इस विद्यालय में अपने आपको अतिथि के रूप में पाकर मुझे अत्यंत गौरव की अनुभूति हो रही है। विद्यालय के अनुशासन व संस्कार ने मुझे बेहद प्रभावित किया है। हमें अच्छी चीजों को ग्रहण करना चहिए। अंत में उन्होंने भैया बहनों को बोर्ड परीक्षा में सफलता हेतु आशीर्वाद व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परीक्षा आपके भविष्य की नींव है। अपना सर्वोत्तम प्रयास करें जिससे अपने परिवार, विद्यालय के लिए गौरव ले कर आएँ। प्रदेश निरीक्षक शिशु शिक्षा समिति राम सिंह ने कहा कि गुरु जन, माता पिता व अपने लक्ष्य के प्रति श्रद्धा होनी चाहिए। जीवन में कभी भी माता -पिता व गुरू को विस्मृत मत करियेगा। चरित्र बल सर्वोत्तम बल है। यह बात हमें अपने जीवन में कभी भूलनी नहीं चहिए। गुरुओं में सर्वश्रेष्ठ गुरु हनुमान जी को सदैव अपने मन में धारण रखियेगा। अन्य विद्यालयों में गणित, विज्ञान, कंप्यूटर आदि का पाठ्यक्रम है परंतु संस्कार का कोई पाठ्यक्रम नहीं है। यह संस्कार का पाठ शिशु मंदिर देता है, जिसे लेकर के आप अपने जीवन में आगे बढ़ेंगे। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य निर्मल यादव ने कहा कि व्यक्तिगत जीवन, पारिवारिक जीवन, राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, समाज के प्रति कर्तव्य यह हमारा मूल मंत्र है इसका हम सभी जीवन पर्यन्त पालन करेंगे। विद्यालय के सी.बी.एस.ई. प्रमुख आचार्य गिरीश चंद्र पाण्डेय ने बोर्ड परीक्षा के संदर्भ में भैया बहनों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने डॉ कलाम के जीवन वृतांत का उदाहरण देते हुए छात्र छात्रों को बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने हेतु प्रेरित किया। इसके पूर्व कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन पुष्पार्चन व वंदना के साथ हुआ। अतिथि परिचय कराते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर राजेश सिंह ने कहा कि हमें यहां मिले संस्कारों से समाज को भी पोषित करने का कार्य करना है। माता-पिता जन्म देते हैं लेकिन गुरु जीवन में पड़ने वाली हर कठिनाइयों का निदान बताता है। इस अवसर पर बहन संस्कृति सिंह, निवेदिता, अवन्तिका सिंह, सिद्धि सिंह, अनुष्का भैया मंजीत बरनवाल ने अपने-अपने अनुभव को साझा किया कि किस प्रकार से उन्होंने यहां पर अपनी शिक्षा दीक्षा पूर्ण की। आशीर्वाद समारोह में विद्यालय की प्रथम सहायक रुक्मिणी उपाध्याय सहित, द्वादश के कक्षाचार्य अविनाश श्रीवास्तव, शिवेन्द्र मिश्र, शिव प्रताप नारायण सिंह,फणीस तिवारी, प्रियांशु जायसवाल, चन्द्रमणि दुबे, आशीष धर द्विवेदी, मनीष दुबे, अभिषेक यादव सहित समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा।

किताबों के बढ़ते दाम और निजी स्कूलों की फीस वृद्धि से आम आदमी है परेशान : सपा नगर अध्यक्ष

कानपुर । पब्लिक स्कूलों में प्ले ग्रुप से लेकर नवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं की मासिक फीस बढ़ाने से अभिभावकों पर बोझ बढ़ा दिया है और दूसरी ओर कॉपी किताबों के बस्ते का भी भाव बढ़ा दिया है। जिसकी वजह से अभिभावक किताबों की कीमतों का बढ़ते बोझ से उनका पारिवारिक बजट बिगड़ रहा है। सरकार जानबूझकर किताबें कापियों के बढ़ते मूल्य पर कोई नियंत्रण नहीं कर रही है। समाजवादी पार्टी ने पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) को अधिकार दिलाने के लिए बड़ा अभियान छेड़ रखा है। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी कार्यकर्ता रोजाना पीडीए मिशन के तहत शहर के प्रत्येक वार्ड में जाकर लोगों को उनका हक़दिलाने का और इस मिशन को सफलतापूर्वक आगे बढाने के लिए लोगों को अपने साथ जोड़ रहे हैं।

नृत्यांगना सीमा मोदी ने अर्धनारीश्वर नृत्य नाटिका से दिया स्त्री और पुरुष समान होने का सन्देश

फिरोजाबाद । फिरोजाबाद महोत्सव में वृहस्पतिवार को नृत्यांगना सीमा मोदी ने अर्धनारीश्वर नृत्य नाटिका से स्त्री और पुरुष के एक होने का सन्देश दिया। इसके साथ ही बॉलीवुड डांस से धमाल मचाया। नृत्यांगना और रंगमंच कलाकार, फ़िल्म अभिनेत्री सीमा मोदी ने वृहस्पतिवार को फिरोजाबाद महोत्सव में नृत्यनाटिका अर्धनारीश्वर शिव शक्ति के माध्यम से नारी व पुरूष के एकरूपता का भाव दिखाया।

ब्रह्मा की रचाई सृष्टि पर अर्धनारीश्वर बन जगत को दिखाया की शिव और शक्ति नारी और पुरुष की एकरूपता, फिर दोनों में यह भेद किसने किया। जबकि लैंगिक समानता के आधार पर दोनों है एक समान है। शिव ने अर्धनारीश्वर बन कर यह ज्ञान दिया। सीमा मोदी पार्वती बनी व ग्रुप के सभी कलाकारो के साथ ये नृत्यनाटिका की शानदार प्रस्तुति दी और बताया जहां शिव है वहां शक्ति है और जहां शक्ति है वहां समस्त सृष्टि है। अर्धनरीश्वर पर आधारित इस नृत्यनाटिका ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

भारत ने इंग्लैंड को चार विकेट से हराया

एजेंसी

नागपुर। रवींद्र जडेजा और हर्षित राणा (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद शुभमन गिल (87), अक्षर पटेल (52) और श्रेयस अय्यर (59) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत ने गुरुवार को पहले एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को 68 गेंदे शेष रहते चार विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली हैं।

इंग्लैंड के 248 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और उसने मात्र 19 रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। कप्तान रोहित शर्मा (दो) और यशस्वी जायसवाल (15) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिये 94 रनों की साझेदारी हुई। 16वें ओवर में जेकब बेथेल ने पगबाधा आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। श्रेयस अय्यर ने 36 गेंदों में नौ चौके और दो छक्के लगाते हुए (59) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये अक्षर पटेल ने गिल का भरपूर साथ निभाया। दोनों के बीच चौथे विकेट लिये 108 रनों की मजबूत साझेदारी हुई। जीत की ओर बढ़ रही भारतीय टीम को 34वें ओवर में आदिल रशीद ने अक्षर पटेल को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। अक्षर पटेल ने 47 गेंदों में छह चौके ओर एक छक्का लगाते हुए (52) रन बनाये। के एल राहुल (दो) को आदिल रशीद ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट भारत को पांचवां झटका दिया। इसके बाद साकिब महमूद ने शतक की ओर बढ़ रहे शुभमन गिल को बटलर के हाथों कैच आउट कराकर भारत को बड़ा झटका दिया। गिल ने 96 गेंदों में 14 चौके लगाते हुए (87) रनों महत्वपूर्ण की पारी खेली। भारत ने 38.4 ओवर में छह विकेट पर 251 रन बनाकर चार विकेट से मुकाबला जीत लिया। रवींद्र जडेजा (12) और हार्दिक पंड्या (नौ) रन बनाकर नाबाद रहे। जडेजा ने साकिब महमूद की गेंद पर विजयी चौका लगाया। इंग्लैंड की ओर से साकिब महमूद और आदिल रशीद को दो-दो विकेट मिले। जोफ्रा आर्चर और जेबेक बेथल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की फिल सॉल्ट और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 75 रनों की साझेदारी की। नौवें ओवर में विकेटकीपर केएल राहुल ने फिल सॉल्ट को रनआउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। फिल सॉल्ट ने 26 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (43) रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में हर्षित राणा ने बेन डकेट (32) को आउट कर इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। इसी ओवर में हर्षित ने हैरी ब्रूक (शून्य) को आउट कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। 19वें ओवर में रविंद्र जडेजा ने जो रूट (19) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। 36वें ओवर में हर्षित राणा ने लियम लिविंगस्टन (पांच) को विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच आउट कर भारत को छठी सफलता दिलाई। 40वें ओवर में मोहम्मद शमी ने ब्राइडन कार्स (पांच) को आउट किया। 43ओवर में रविंद्र जडेजा ने जेकब बेथेल (51) को आउट कर इंग्लैंड की बड़ा स्कोर बनाने की उम्मीदों को झटका दिया। जडेजा ने आदिल रशीद (आठ) को बोल्ड कर इंग्लैंड को नौवां झटका दिया। 48वें ओवर की चौथी गेंद पर कुलदीप यादव ने साकिब महमूद (दो) को विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच आउट कराकर इंग्लैंड की पारी को समेट दिया। कप्तान जॉश बटलर (52), जेकब बेथेल (51) और फिल सॉल्ट (43) की जूझारू पारियों के दम पर इंग्लैंड ने 248 के स्कोर तक पहुंच सका।

राशिद की तरह ऊर्ज़ा के साथ खेलना चाहता हूं, अभी बहुत कुछ हासिल करना है : अजमतुल्लाह

एजेंसी

गक्बेरहा। आईसीसी वर्ष के सर्वश्रेष्ठ एक दिवसीय क्रिकेटर अजमतुल्लाह उमरजई ने कहा कि वह अपने करिश्माई कप्तान राशिद खान की तरह ही हमेशा पूरी ऊर्ज़ा और अपना सब कुछ झोंक देने के जज्बे के साथ ही मैदान पर उतरना चाहते हैं और उन्हें उम्मीद है कि उनका पुरस्कार आने वाली पीढी के क्रिकेटरों के लिये प्रेरणा बनेगा। अफगानिस्तान के इस चौबीस वर्ष के हरफनमौला ने पिछले साल वनडे क्रिकेट में चौदह मैचों में 20.47 की औसत से सत्रह विकेट लिये और पचास से ऊपर की औसत से 412 रन बनाकर आईसीसी वर्ष के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का पुरस्कार जीता । वह रहमानुल्लाह गुरबाज के बाद अपने देश के लिये बीते साल सर्वाधिक वनडे रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज और एएम गजांफर के बाद सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज रहे। यहां पहली बार एसए 20 फाइनल में पहुंची राशिद खान की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस केपटाउन के लिये

पदार्पण करने वाले उमरजई ने खास बातचीत में कहा ,''बहुत अच्छा लग रहा है कि यहां पहली बार खेल रहा हूं और हम फाइनल में हैं। पहले दिन से ही टीम का अच्छा संयोजन बन चुका है, हर कोई मैदान पर अपना शत प्रतिशत दे रहा है और यही वजह है कि हम लगातार जीत रहे हैं। पिछले दो सत्र में आखिरी स्थान पर रहने के बाद एमआई केपटाउन लगातार पांच मैच जीतकर फाइनल में पहुंची है। उमरजई ने कहा कि राशिद के कप्तान होने से उनका आत्मविश्वास काफी बढा है और उन्हें काफी कुछ सीखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राशिद खान के साथ अफगानिस्तान की टीम में भी साथ खेलते हैं तो बहुत अच्छा लग रहा है कि एसए 20 में भी वह कप्तान है। वह खिलाड़ियों को बहुत आत्मविश्वास देते हैं। वह जिस ऊर्ज़ा से मैदान पर खेलता है, उसको देखकर हम भी कोशिश करते हैं कि उसी ऊर्ज़ा से खेलें और अपना शत प्रतिशत मैदान पर दें। पिछले साल आयरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे श्रृंखला में मिली जीत में अहम भूमिका निभाने वाले इस शर्मीले खिलाड़ी ने कहा ,''आईसीसी वर्ष के सर्वश्रेष्ठ वनडे क्रिकेटर का पुरस्कार जीतना वाला पहला अफगान खिलाड़ी बनना मेरे लिये बहुत खुशी की बात है। भावी पीढी के हमारे युवाओं के लिये भी यह प्रेरणा बनेगा। कोशिश करूंगा कि भविष्य में और अच्छा खेलूं। अभी बहुत कुछ हासिल करना है। एसए20 में पार्ल रॉयल्स के खिलाफ पहले क्वालीफायर के दौरान टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट का वेस्टइंडीज के ड्वेन ब्रावो (631) का रिकॉर्ड तोड़ने पर राशिद को बधार्द देते हुए उन्होंने कहा कि वह दुआ करते हैं कि यह रिकॉर्ड कभी न टूटे ।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से वेस्टइंडीज के 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की होगी शुरुआत

एजेंसी

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज की पुरुष क्रिकेट टीम 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला से करेगी। यह श्रृंखला 25 जून से 16 जुलाई तक खेली जाएगी। डैरेन सैमी की कोचिंग में यह वेस्टइंडीज का पहला टेस्ट असाइनमेंट होगा, जिन्होंने रेड-बॉल कोच आंद्रे कोली की जगह ली है। श्रृंखला का पहला टेस्ट बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में खेला जाएगा, दूसरा टेस्ट ग्रेनेडा नेशनल स्टेडियम में और अंतिम टेस्ट जमैका के सबीना पार्क में होगा। इसके बाद दोनों टीमें पांच टी20 मैच भी खेलेंगी। वेस्टइंडीज अपनी घरेलू गर्मी का समापन 31 जुलाई से 12 अगस्त तक पाकिस्तान के खिलाफ तीन टी20 और तीन वनडे मैचों के साथ करेगा। टी20 सीरीज फ्लोरिडा में ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में होगी, जबकि ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद में एकदिवसीय मैच खेले जाएंगे। इसके बाद वेस्टइंडीज 21 सितंबर से 23 दिसंबर तक भारत, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड का दौरा करेगा। बांग्लादेश में टीम तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलेगी, जबकि न्यूजीलैंड दौरे में तीन टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी20 मैच शामिल होंगे। 2023 वनडे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने से चूकने के बाद, वेस्टइंडीज 2027 विश्व कप की तैयारी में आयरलैंड और इंग्लैंड में तीन-तीन वनडे और टी20 मैच खेलेगा। आयरलैंड में मुकाबले 21 से 25 मई तक मलाहाइड में होंगे, जबकि इंग्लैंड के खिलाफ वनडे मैच 29 मई, 1 जून और 3 जून को हेडिंग्ली, कार्डिफ और द ओवल में खेले जाएंगे।

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर स्टोइनिस ने वनडे को कहा अलविदा

एजेंसी

मेलबर्न। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में चुने गए ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने गुरुवार को एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया। यह 35 वर्षीय खिलाड़ी हालांकि टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेगा। स्टोइनिस के अचानक लिए गए इस फैसले से ऑस्ट्रेलिया की परेशानी बढ़ गई है। उसकी टीम पहले ही खिलाड़ियों के चोटिल होने की समस्या से जूझ रही है। ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तान और दुबई में 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी अंतिम टीम की घोषणा 12 फरवरी तक करनी होगी। माना जा रहा है कि एसए20 टूर्नामेंट के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण

स्टोइनिस ने अचानक यह फैसला किया। वह इस टूर्नामेंट में डरबन सुपर जॉइंट्स की तरफ से खेलते हैं। स्टोइनिस ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा जारी किए हुए बयान में कहा, ''ऑस्ट्रेलिया के लिए एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलना अविश्वसनीय सफर रहा और इसके लिए मैं आभारी हूं। अपने देश का शीर्ष स्तर पर प्रतिनिधित्व करना ऐसी चीज है जिसे मैं हमेशा संजोकर रखूंगा। उन्होंने कहा, ''मेरे लिए यहां फैसला करना आसान नहीं था लेकिन मुझे लगता है कि एक दिवसीय क्रिकेट को अलविदा कहने और अपने करियर के अगले अध्याय पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने का यह सही समय हे। स्टोइनिस ने कहा, '''रॉन (मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड) के साथ मेरे संबंध बहुत अच्छे हैं और मैंने उनके समर्थन की बेहद सराहना की है। मैं चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान अपने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाऊंगा। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस टखने की चोट से जूझ रहे हैं और उनका चैंपियंस ट्रॉफी में खेलना संदिग्ध है। इसके अलावा अनुभवी ऑलराउंडर मिशेल मार्श पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण टीम से बाहर हो गए हैं, जबकि तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड भी साइड स्ट्रेन से पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं। ऑस्ट्रेलिया को चैंपियंस ट्रॉफी में अपना पहला मैच 22 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ खेलना है। इसके बाद उसे बाद दक्षिण अफ्रीका (25 फरवरी, रावलपिंडी) और अफगानिस्तान (28 फरवरी, लाहौर) के खिलाफ मैच खेलने हैं। मैकडोनाल्ड ने पिछले एक दशक में ऑस्ट्रेलिया की टीम के वनडे अभियान में अहम योगदान देने के लिए स्टोइनिस की सराहना की। उन्होंने कहा, ''स्टोइनिस पिछले एक दशक से हमारी वनडे टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। वह एक शानदार खिलाड़ी और बहुत अच्छे इंसान हैं। वह अपने वनडे करियर और अपनी उपलब्धियों के लिए बधाई के पात्र हैं। स्टोइनिस ने अपने वनडे करियर की शुरुआत 2015 में इंग्लैंड के खिलाफ ओल्ड ट्रैफर्ड में की थी। उन्होंने 71 वनडे मैच में 1495 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और छह अर्धशतक शामिल हैं। उन्हें 2018-19 में देश का वर्ष का एकदिवसीय क्रिकेटर चुना गया था।

सनराइजर्स हैदराबाद ने हंड्रेड में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स की टीम खरीदी

लंदन। सनराइजर्स हैदराबाद ने 10 करोड़ पाउंड में इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के टूर्नामेंट हंड्रेड की टीम नॉर्दर्न सुपरचाजर्स का अधिग्रहण कर लिया है। सनराइजर्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तीसरी फ्रेंचाइजी है जो हंड्रेड क्रिकेट प्रतियोगिता में किसी टीम की मालिक बनी है। इससे पहले मुंबई इंडियंस ने ओवल इनविंसिबल्स के 49 फीसदी शेयर खरीदे थे, जबकि लखनऊ सुपर जाइंट्स ने मैनचेस्टर ओरिजिनल्स में लगभग 10 करोड़ 70 लाख पाउंड में इतनी ही हिस्सेदारी खरीदी थी। यॉर्कशर क्रिकेट क्लब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय पटेल ने बयान में कहा, ''हमें सन ग्रुप के साथ साझेदारी करके खुशी हो रही है और नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स को दीर्घकालिक और निरंतर सफलता के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आने वाले दिनों में उनके साथ हमारी बातचीत जारी रहेगी।

लीजेंड 90 लीग: धवन की कप्तानी में दिल्ली रॉयल्स के लिए खेलेंगे रॉस टेलर, बोले- 'ड्रेसिंग रूम साझा करने को लेकर रोमांचित हूं'

एजेंसी

रायपुर। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में गुरुवार से लीजेंड 90 लीग की शुरुआत हो रही है। इस नए और रोमांचक 90 गेंदों के प्रारूप वाले टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में दिल्ली रॉयल्स और छत्तीसगढ़ वॉरियर्स आमने-सामने होंगे। दिल्ली रॉयल्स टीम की कमान अनुभवी भारतीय बल्लेबाज शिखर धवन के हाथों में होगी। उनके साथ न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज रॉस टेलर, वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज लेंडल सिमन्स, श्रीलंका के दनुश्का गुनाथिलका समेत कई अनुभवी खिलाड़ी टीम का हिस्सा होंगे। रॉस टेलर ने भारत में खेलने को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर की। उन्होंने कहा, ''मुझे भारत में खेलना हमेशा पसंद आया है। यहां की ऊर्ज़ा अलग होती है और इस बार लीजेंड 90 लीग का अनूठा प्रारूप इसे और भी रोमांचक

बनाएगा। टेलर ने इस नए 90 गेंदों के प्रारूप को लेकर कहा, टी20 पहले से ही तेज प्रारूप है, लेकिन 90 गेंदों की यह लीग और भी तेज होगी। इसमें बल्लेबाजों को परिस्थितियों को जल्दी समझकर तेजी से रन बनाने होंगे, जबकि गेंदबाजों को अलग रणनीति अपनानी होगी। टेलर ने शिखर धवन की कप्तानी में खेलने को लेकर भी उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ''मैंने शिखर के साथ कई बार अंतरराष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में आमने-सामने मुकाबले खेले हैं, लेकिन पहली बार उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना शानदार अनुभव होगा। मैं अपनी टीम और कप्तान के लिए 100% देने के लिए पूरी तरह तैयार हूं। दिल्ली रॉयल्स के ऑलराउंडर बिपुल शर्मा ने 90-बॉल फॉर्मेट को लेकर कहा, ''यह एक दिलचस्प और अनूठा प्रारूप है। यह पारंपरिक 10 या 20 ओवरों के प्रारूप से अलग होगा और इसके लिए मानसिक रूप से तैयार रहना जरूरी होगा। उन्होंने टीम के संतुलन पर बात करते हुए कहा, ''हमारे पास शिखर धवन और रॉस टेलर जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं, जिनसे युवा खिलाड़ियों को सीखने का शानदार अवसर मिलेगा। हम एकजुट होकर खेल का मजा लेंगे और अपनी रणनीति को सही ढंग से लागू करेंगे।

टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी,बैंक ऑफ बड़ौदा ने 'रूफटॉप' सौर ऊर्ज़ा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए किया समझौता

नयी दिल्ली। टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आवासीय 'रूफटॉप' सौर परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ साझेदारी की बृहस्पतिवार को घोषणा की। टीपीआरईएल ने बयान में कहा, दोनों संस्थाओं ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत आवेदक 'फिक्स्ड' और 'फ्लोटिंग' दोनों दरों के विकल्पों के साथ सात प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होने वाली ब्याज दर पर छह लाख रुपये तक की ऋण राशि प्राप्त कर सकते हैं। 'प्रधानमंत्री ऽ सूर्य घरः मुफ्त बिजली' योजना दुनिया की सबसे बड़ी घरेलू 'रूफटॉप' सौर पहल है, जो मार्च 2027 तक एक करोड़ मकानों को सौर ऊर्ज़ा की आपूर्ति करने के साहसिक लक्ष्य के साथ भारत के ऊर्ज़ा परिदृश्य को बदल रही है। टीपीआरईएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) दीपेश नंदा ने कहा, '' बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ यह रणनीतिक सहयोग भारत के हर घर तक स्वच्छ ऊर्ज़ा समाधान पहुंचाने के हमारे लक्ष्य में एक महत्वपूर्ण कदम है। किफायती और सुविधाजनक वित्तपोषण विकल्पों की पेशकश कर हम आवासीय ग्राहकों को आसानी से 'रूफटॉप' सौर प्रौद्योगिकी अपनाने में सक्षम बना रहे हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यकारी निदेशक ललित त्यागी ने कहा, '' हम अक्षय ऊर्ज़ा क्षेत्र में अपनी भागीदारी बढ़ाने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं, जो कि सरकार के सतत स्रोतों के जरिये बिजली उत्पादन को अधिकतम करने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। हम भारत के अक्षय ऊर्ज़ा परिदृश्य में प्रमुख टाटा पावर रिन्यूएबल के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत करने की उम्मीद करते हैं।

बंगाल बिजनेस समिट के पहले दिन राज्य को मिले है एक लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

एजेंसी

कोलकाता। बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट 2025 के पहले दिन करीब एक लाख करोड़ रुपये निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। बुधवार देर रात राज्य सरकार के एक बयान में यह दावा किया गया। इससे पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बीरभूम जिले में स्थित देउचा-पचामी कोल ब्लॉक से कोयला खनन शुरू करने की घोषणा की।ममता बनर्जी ने कहा कि देउचा पचामी, जो दुनिया के सबसे बड़े कोयला ब्लॉकों में से एक है, जहां 1240 मिलियन टन कोयले और 2600 मिलियन टन बेसाल्ट का भंडार है। तृणमूल कांग्रेस ने इस मौके को ऐतिहासिक बताते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, ''बीरभूम में देउचा पचामी में कोयला खनन से विकास, अवसर और

आत्मनिर्भरता के एक नए युग की शुरुआत होगी। भूमि अधिग्रहण और स्थानीय लोगों को मुआवजा देने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बीजीबीएस मंच से इसकी घोषणा की। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने समिट के उद्घाटन सत्र के समापन पर कहा कि बंगाल की आर्थिक प्रगति उल्लेखनीय रही है। राज्य के कर राजस्व में 4.73 गुना वृद्धि हुई है, पूंजीगत व्यय 13.85 गुना बढ़ा है, सामाजिक क्षेत्र में निवेश 13.38 गुना बढ़ा है और कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में 10.17 गुना वृद्धि हुई है।

सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सोना 86 हजार के पार पहुंचा

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन सोने की कीमत मे जोरदार तेजी नजर आ रही है। इस तेजी के कारण 24 कैरेट सोना 86 हजार रुपये के स्तर को और 22 कैरेट सोना 79 हजार रुपये के स्तर को पार कर गया है। सोना आज 950 रुपये से लेकर 1,040 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। कीमत में आई इस उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 86,250 रुपये से लेकर 86,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 79,060 रुपये से लेकर 79,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में आज 1,200 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी दर्ज की गई है। इस तेजी के कारण ये चमकीली

धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 99,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 86,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 79,210 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 86,250 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 86,300 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 79,110 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 86,250 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 79,060 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 86,250 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 86,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 79,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 86,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 79,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 86,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

संक्षिप्त समाचार

आरबीआई गवर्नर शुक्रवार 10 बजे करेंगे एमपीसी के फैसले का ऐलान

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के नवनियुक्त गवर्नर संजय मल्होत्रा 7 फरवरी को सुबह 10 बजे पहली बार मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के फैसले का ऐलान करेंगे। आरबीआई इस बार नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती कर सकता है। आरबीआई ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि गवर्नर संजय मल्होत्रा 7 फरवरी को मौद्रिक नीति समिति की बैठक के फैसले की घोषणा करेंगे। रिजर्व बैंक गवर्नर की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक फिलहाल जारी है। आरबीआई के गवर्नर शुक्रवार को पहली बार एमपीसी के फैसले का एलान करेंगे। मल्होत्रा 07 फरवरी को सुबह 10 बजे https://youtube.com/live/BX0RYDl6xcM?feature=share पर लाइव प्रसारण देख सकते हैं। उल्लेखनीय है कि आरबीआई ने फरवरी 2023 के बाद रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। रेपो रेट फिलहाल 6.5 फीसदी पर है।

रुपया 15 पैसे टूटा, डॉलर के मुकाबले अब तक के निचले स्तर 87.58 पर

मुंबई। रुपया बृहस्पतिवार को दोपहर के कारोबार में 15 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.58 के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया। मौद्रिक नीति बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ब्याज दरों में कटौती की संभावना के बारे में अटकलों से स्थानीय मुद्रा पर दबाव बढ़ा है। इस साल अब तक स्थानीय मुद्रा में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। घरेलू मुद्रा में यह तेज गिरावट 2024 में अमेरिकी डॉलर/भारतीय मुद्रा जोड़ी में करीब तीन प्रतिशत की गिरावट के बाद आई है, जिससे यह सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली एशियाई मुद्राओं में से एक बन गई है। रुपया एक जनवरी को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.21 पर था। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.54 प्रति डॉलर पर खुला। बाद में डॉलर के मुकाबले 87.58 के सर्वकालिक निचले स्तर तक गिर गया, जो पिछले बंद भाव से 15 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बुधवार को 36 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.43 के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था।

एमआरएफ का तीसरी तिमाही में मुनाफा 38 प्रतिशत घटकर 315.46 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। टायर विनिर्माता एमआरएफ लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 38 प्रतिशत घटकर 315.46 करोड़ रुपये रह गया। कच्चे माल की ऊंची लागत के कारण मुनाफा घटा है। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में मुनाफा 509.71 करोड़ रुपये रहा था। एमआरएफ लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय 7,000.82 करोड़ रुपये रही जबकि गत वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 6,162.46 करोड़ रुपये थी। कुल व्यय सालाना आधार पर 5,557.67 करोड़ रुपये से बढ़कर 6,674.72 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने कहा, कच्चे माल की लागत 4,656.1 करोड़ रुपये रही, जबकि गत वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 3,790.59 करोड़ रुपये थी। एमआरएफ के अनुसार, उसके निदेशक मंडल ने छह फरवरी 2025 को हुई बैठक में 31 मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए 30 प्रतिशत की दर से तीन रुपये प्रति शेयर का दूसरा अंतरिम लाभांश घोषित किया है।

अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एफएमसीजी क्षेत्र में ग्रामीण विकास में उछाल, लगातार चौथी तिमाही में शहरी बाजार से आगे

नयी दिल्ली। एफएमसीजी क्षेत्र में ग्रामीण ग्रामीण बाजारों में अक्टूबर दिसंबर तिमाही में तेजी जारी रही और लगातार चौथी तिमाही में इसने शहरी बाजार को पीछे छोड़ दिया। डेटा एनालिटिक्स फर्म नीलसनआईक्यू की दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुओं के क्षेत्र पर 'एफएमसीजी क्वाटरली स्नैपशॉट' रिपोर्ट के अनुसार, लगातार चौथी तिमाही में ग्रामीण क्षेत्रों ने विकास के मामले में बड़े शहरी बाजारों को पीछे छोड़ दिया है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में त्योहारी मांग से एफएमसीजी उद्योग में मोटे तौर पर खपत-आधारित वृद्धि हुई, जिसमें मुद्रास्फीति के दबाव के कारण 3.3 प्रतिशत औसत मूल्य वृद्धि के बावजूद कुल मात्रा में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हालांकि, एफएमसीजी उद्योग में भी '' मात्रा वृद्धि की तुलना में इकाई वृद्धि अधिक है'' जो उच्च खाद्य मुद्रास्फीति के कारण ''उपभोग में छोटे पैक की ओर उपभोक्ताओं की प्राथमिकता में बदलाव'' को दर्शाता है।

आसाराम डॉक्यूमेंट्री विवाद पर केंद्र, राज्य सरकारों को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'कल्ट ऑफ फियरः आसाराम बापू' विवाद मामले में डिस्कवरी चैनल कर्मचारियों को कथित तौर पर धमकियां देने के आरोप वाली उनकी याचिका पर केंद्र और अन्य राज्य सरकारों को गुरुवार को नोटिस जारी किया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने राज्य सरकारों को नोटिस जारी करते हुए उन्हें याचिकाकर्ता शशांक वालिया और अन्य तथा उनके कार्यालयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। पीठ ने जिन राज्यों को नोटिस जारी किया उनमें महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा, तमिलनाडु, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और दिल्ली शामिल हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है कि 25 जनवरी को उस डॉक्यूमेंट्री के डिस्कवरी चैनल के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर शुरू होने के बाद संबंधित कंपनी कर्मचारियों को स्वयंभू संत आसाराम के अनुयायियों द्वारा धमकियां दी जा रही हैं। शीर्ष अदालत में याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिनव मुखर्जी ने कहा कि शिकायत के बाद भी गुंडों की धमकियों के कारण अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि उन्हें वास्तविक आशंका है कि आसाराम बापू के स्वयंभू समर्थकों ने डिस्कवरी, इसकी सहायक कंपनियों, मूल संस्थाओं और इसके कर्मचारियों, प्रबंधन, निदेशकों सहित याचिकाकर्ताओं के खिलाफ हिंसा, बर्बरता या अन्य आपराधिक कृत्यों का सहारा लिया है। इतना ही नहीं वे आगे भी ऐसा करना जारी रख सकते हैं। आसाराम के स्वयंभू समर्थकों की ओर से दी जा रहीं ये धमकियां संविधान के अनुच्छेद 14, अनुच्छेद 19(1)(ए) और (जी) और 21 के तहत याचिकाकर्ताओं के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने आगे तर्क दिया कि डिस्कवरी द्वारा जारी की गई डॉक्यूमेंट्री सार्वजनिक हित में है, क्योंकि यह एक दोषी व्यक्ति की गतिविधियों पर प्रकाश डालती है। साथ ही, दर्शकों को अंध विश्वास और पंथों के बारे में एक संतुलित दृष्टिकोण देने का लक्ष्य रखती है।

शाह श्री 1008 सिद्धचक्र विधान विश्व शांति महायज्ञ में शामिल हुए

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित किया और श्री 1008 सिद्धचक्र विधान विश्व शांति महायज्ञ में शामिल हुए।

श्री शाह ने इस दौरान आचार्य श्री विद्यासागर जी की स्मृति में 100 का रुपये स्मारक सिक्का, डाक विभाग का पांच रुपये का विशेष लिफाफा, 108 चरण चिन्हों एवं चित्र का लोकार्पण और प्रस्तावित समाधि स्मारक 'विद्यायतन' का शिलान्यास किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा और पूज्य मुनि श्री समता सागर जी महाराज सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

श्री शाह ने अपने संबोधन में कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एक युग पुरुष थे जिन्होंने एक नए विचार और नए युग का प्रवर्तन किया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में जन्में आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महामुनिराज अपने कर्मों से भारत, भारतीय संस्कृति, भारतीय भाषाएँ और भारत की पहचान के ज्योतिर्धर बने। उन्होंने कहा कि शायद ही यह सम्मान किसी ऐसे धार्मिक संत को मिला होगा जिन्होंने धर्म के साथ-साथ देश की पहचान की व्याख्या विश्व भर में की हो। उन्होंने कहा कि आचार्य विद्यासागर जी के शरीर का कण-कण और जीवन का क्षण-क्षण धर्म, संस्कृति और राष्ट्र को समर्पित रहा।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि उन्हें कई बार आचार्य श्री विद्यासागर जी का सान्निध्य मिला और हर बार आचार्य जी ने भारतीय भाषाओं के संवर्धन, देश के गौरव का विश्वभर में प्रसार और देश की पहचान 'इंडिया' की बजाय 'भारत' से होने पर जोर दिया। श्री शाह ने कहा कि जी-20 सम्मेलन के निमंत्रण पत्र पर 'प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत' लिख कर मोदी जी ने विद्यासागर जी के विचारों को जमीन पर उतारने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने आचार्य जी के विचार को जरा भी राजनीति किए बगैर जमीन पर उतारा और उनके संदेश का अनुकरण करने का काम किया। उन्होंने कहा कि आचार्य जी ने जीवन के अंतिम क्षण तक तपस्या का मार्ग नहीं छोड़ा। श्री शाह ने कहा कि आचार्य जी ने न केवल जैन धर्म के अनुयायियों को बल्कि जैनेत्तर अनुयायियों को भी अपनी आध्यात्मिक ऊर्जा से मोक्ष का मार्ग बताने का काम किया। उन्होंने कहा कि आचार्य जी ने 'अहिंसा परमो धर्मः' के सिद्धांत की समय अनुकूल व्याख्या कर पूरे विश्व में इसे स्थापित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने जैन धर्म के सिद्धांत के अनुरूप इस बात का ख़याल रखा कि उनके शिष्य भी उन्हीं सिद्धांतों पर जीवन व्यतीत करें। श्री शाह ने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में भारत 'वसुधैव कुटुंबकम' और 'अहिंसा परमो धर्मः' के सिद्धांतों का प्रचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस अवसर के लिए स्मारक सिक्का और विशेष लिफाफा की स्वीकृति देने के लिए वह मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि आचार्य जी को दी गई यह कार्यांजलि संत परंपरा का सम्मान है। उन्होंने कहा कि आचार्य जी का प्रस्तावित समाधि स्मारक 'विद्यायतन' युगों-युगों तक आचार्य जी के सिद्धांतों, संदेशों और उपदेशों के प्रचार का स्थान बनकर रहेगा। श्री शाह ने कहा कि जिस संत ने अपना पूरा जीवन विद्या की उपासना में बिताया उनकी समाधि का नाम 'विद्यायतन' के अलावा कुछ और नहीं हो सकता। श्री शाह ने कहा कि मध्य प्रदेश के डिंडोरी जिले में निः शुल्क कन्या विद्यालय का भी शिलान्यास किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में कौशल विकास और रोजगार दोनों सम्मिलित होंगे और अध्यापन कार्य मातृभाषा में होगा। उन्होंने कहा कि आचार्य जी के 108 चरण चिह्नों का भी लोकार्पण हुआ है जो त्याग, तपस्या और संयम के जीवन का संदेश देंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत की संत परंपरा बहुत समृद्ध है। उन्होंने कहा कि देश को जब जिस भूमिका की ज़रूरत पड़ी, संत परंपरा ने उस भूमिका का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि संतों ने ज्ञान का सृजन किया, देश को एकता के सूत्र में बाँधा और जब गुलामी का कालखंड था, तब संतों ने भक्ति के माध्यम से राष्ट्र चेतना की लौ जलाए रखी। उन्होंने कहा कि देश का शासन और देश जब आज़ादी के बाद पाश्चात्य विचारों से प्रभावित होकर चलने लगा, तब विद्यासागर जी महाराज एकमात्र आचार्य थे जिन्होंने भारत, भारतीयता और भारतीय संस्कृति से खुद को जोड़े रखा। श्री शाह ने कहा कि जैन मुनियों ने पूरे देश को एक करने में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के हस्तिनापुर से लेकर कर्नाटक के श्रवणबेलगोला तक, बिहार के राजगीर से लेकर गुजरात के गिरनार तक हर जगह पैदल घूम कर अपने कर्मों से अपने त्याग का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आचार्य जी ने हमें सिखाया कि हमारी पहचान हमारी संस्कृति में निहित है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समेत प्रमुख बहुपक्षीय निकायों में शीघ्र सुधार की आवश्यकता है: मुर्मू

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समेत प्रमुख बहुपक्षीय निकायों में शीघ्र और व्यापक सुधार की आवश्यकता पर बल दिया ताकि समकालीन वैश्विक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित किया जा सके।

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 79वें सत्र के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की। मुर्मू ने यांग का स्वागत करते हुए कहा कि 2025 में विकास के लिए वित्तपोषण पर चौथा सम्मेलन और तीसरा संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन जैसे महत्वपूर्ण संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन आयोजित किये जायेंगे। मुर्मू ने यांग को इन सभी मंचों पर भारत की सक्रिय और रचनात्मक भागीदारी का

आश्वासन दिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समेत प्रमुख बहुपक्षीय निकायों में शीघ्र और व्यापक सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। राष्ट्रपति ने यांग द्वारा सतत विकास के लिए विज्ञान और डाटा-संचालित दृष्टिकोण पर जोर देने और उनके समावेशी दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने सितंबर 2024 में न्यूयॉर्क में आयोजित भविष्य के शिखर सम्मेलन में ''भविष्य के लिए समझौता'' को अपनाने में उनके नेतृत्व की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत ''वसुधैव कुटुम्बकम'' के दर्शन से प्रेरित होकर संयुक्त राष्ट्र समेत 'ग्लोबल साउथ' के हितों की रक्षा करना जारी रखेगा। 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील या कम विकसित समझा जाता है। दोनों नेताओं ने भारत और कैमरून के बीच घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों खासकर पिछले कुछ वर्षों में लगातार बढ़े विकास साझेदारी और क्षमता निर्माण पर भी चर्चा की। यांग कैमरून के एक राजनीतिज्ञ हैं। मुर्मू ने कहा कि भारत का अफ्रीका के साथ विशेष संबंध है और 2023 में भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान ही अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य के रूप में समूह में शामिल किया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने सीएलएटी-2025 नतीजे संबंधी सभी लंबित मामले दिल्ली हाईकोर्ट स्थानांतरित किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (सीएलएटी) 2025 के नतीजों से संबंधित सभी लंबित याचिकाओं को दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का गुरुवार को आदेश दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति पी वी संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने एकरूपता सुनिश्चित करने और सभी उच्च न्यायालयों में परस्पर विरोधी फैसलों से बचने के लिए यह निर्देश पारित किया। तीन मार्च को दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष (संबंधित याचिकाओं को) सूचीबद्ध करें। इस आदेश के सात दिनों के भीतर प्रत्येक उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार को (संबंधित लंबित याचिकाओं के) कागजात दिल्ली उच्च न्यायालय को भेजने चाहिए। यह निर्णय राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों के (एनएलयू) कंसोर्टियम द्वारा सीएलएटी से संबंधित विवादों के लिए एकीकृत सुनवाई की मांग करने वाली याचिका के बाद लिया गया, जो वर्तमान में दिल्ली, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के उच्च न्यायालयों में लंबित हैं। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की अगुवाई वाली दिल्ली उच्च न्यायालय की एकल न्यायाधीश पीठ ने 17 वर्षीय आदित्य की ओर से दायर याचिका को 20 दिसंबर को आंशिक रूप से स्वीकार कर लिया था। सीएलएटी अभ्यर्थी याचिकाकर्ता ने राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए परीक्षा के प्रश्नपत्र में त्रुटियों का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति सिंह ने चिह्नित पाँच प्रश्नों में से दो में स्पष्ट त्रुटियाँ पाईं। इस आधार पर परिणामों को संशोधित करने का निर्देश दिया। इस निर्णय को राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों के कंसोर्टियम और आदित्य दोनों ने खंडपीठ के समक्ष चुनौती दी। कंसोर्टियम ने तर्क दिया कि एकल न्यायाधीश ने विशेषज्ञों द्वारा तय किए गए उत्तरों में हस्तक्षेप करके सीमा लांघी है, जबकि आदित्य ने तीन अतिरिक्त प्रश्नों में सुधार की मांग की। उनका तर्क था कि उनमें स्पष्ट त्रुटियाँ हैं। यह मुद्दा तब और बढ़ गया जब कंसोर्टियम ने विरोधाभासी निर्णयों को रोकने के लिए याचिकाओं को एक उच्च न्यायालय के अंतर्गत समेकित करने की आवश्यकता का हवाला देते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। गौरतलब है कि यह विवाद इस पाठ्यक्रम के स्नाकोत्तर (सीएलएटी-पीजी) परीक्षा तक भी फैला हुआ है, जहां गलत उत्तर कुंजी को लेकर विवाद वर्तमान में मध्य प्रदेश और बॉम्बे उच्च न्यायालयों में चल रहा है।

दुनिया नई ऊर्जा प्रणाली की तरफ अग्रसर, भारत पुरानी आर्थिक सोच में फंसा है: राहुल

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि दुनिया एक नई ऊर्जा प्रणाली की ओर बढ़ रही है, जबकि भारत ''रिलायंस और अदाणी जैसे एकाधिकार वाले समूहों द्वारा नियंत्रित पुरानी आर्थिक सोच में फंसा हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष रह चुके राहुल गांधी ने नगालैंड के छात्रों के साथ अपनी हालिया बातचीत पर अपने यूट्यूब चैनल पर जारी एक वीडियो पोस्ट में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, ''हाल ही में नगालैंड के छात्रों से बात की और महसूस किया कि हमें उनकी संस्कृति के बारे में कितना कम सिखाया जाता है। पूर्वोत्तर भारत के दृष्टिकोण और विकास के लिए कहीं अधिक केंद्रबिंदु में होना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा, ''दुनिया एक नई ऊर्जा प्रणाली की ओर बढ़ रही है, जहां इलेक्ट्रिक मोटर, बैटरी और ऑप्टिक्स सबसे महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियां होंगी। फिर भी भारत पुरानी आर्थिक सोच में फंसा हुआ है, जो रिलायंस और अदाणी जैसे एकाधिकार द्वारा नियंत्रित है। राहुल गांधी का कहना था, ''हमारी नीतियां अब भी जीवाश्म ईंधन के पक्ष में हैं, जबकि चीन और अमेरिका ईवीएस, एआई और बैटरी तकनीक में आगे हैं। वीडियो में कांग्रेस नेता को छात्रों द्वारा बताया गया कि वे अपने हुलिये के कारण नस्लवाद का अनुभव करते हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा कि यह अज्ञानता का परिणाम है।

वायुसेना का लड़ाकू विमान 'मिराज 2000' दुर्घटनाग्रस्त, दोनों पायलट सुरक्षित

शिवपुरी। मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के पपरेडू गांव के पास आज वायुसेना का एक लड़ाकू विमान 'मिराज 2000' तकनीकी खराबी के चलते दुर्घटनाग्रस्त होकर खेत में गिर गया। हालाकि समय रहते दोनों पायलटों ने सूझबूझ का परिचय दिया और वे सुरक्षित हैं। वायुसेना के अनुसार इस संबंध में जांच के आदेश दे दिए गए हैं। जांच से विमान हादसे का वास्तविक कारण पता चल सकेगा। लड़ाकू विमान ने ग्वालियर स्थित वायुसेना के हवाईअड्डे से उड़ान भरी थी और वह नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था। कुछ देर बाद विमान ग्वालियर संभाग के शिवपुरी जिले में दुर्घटनाग्रस्त होकर खेत में गिर गया। इसके पहले ही दोनों पायलट पैराशूट की मदद से विमान से कूदने में सफल रहे। विमान का मलबा खेत में बिखर गया और उसमें आग लग गयी। इस बीच शिवपुरी के पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने बताया कि शिवपुरी जिले के नरवर विकासखंड के पपरेडू ग्राम में वायुसेना का एक लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस और बचाव दल भी मौके पर पहुंचा। तेज आवाज के साथ विमान के गिरने की घटना के बाद घटनास्थल के आसपास ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी।

हताशा और निराशा भरा रहा मोदी का भाषण : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में दिये गये भाषण को हताशा और निराशा से भरा बताया और कहा कि डेढ़ घंटे के संबोधन में उन्होंने सिर्फ कांग्रेस को निशाना बनाया है। श्री मोदी के संबोधन के बाद कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री के पास अपने काम को गिनाने के लिए कुछ नहीं था इसलिए वह सिर्फ कांग्रेस को ही भला बुरा कहते रहे हैं। उनके निशाने पर पूरे भाषण के दौरान सिर्फ कांग्रेस ही रही और अपने काम को लेकर जो संदेश उन्हें देना चाहिए था वह नहीं दे पाये और उनका भाषण निराशा तथा हताशा से भरा रहा है। श्री तिवारी ने कहा ल्लआज सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण हताशा और कुंठा से भरा हुआ था, मैं उससे बहुत निराश हूं। ऐसा लगता है प्रधानमंत्री के पास अब देश को देने के लिए कोई संदेश ही नहीं बचा और वे अपनी सरकार के काम से बेहद निराश हैं। श्री मोदी खुद देश के लिए क्या करेंगे- ये नहीं बताया। वे अपने पूरे भाषण में सिर्फ कांग्रेस की बात करते रहे। श्री रमेश ने कहा ल्लसंसद में श्री मोदी के 90 मिनट का भाषण एक 'चुनावी भाषण' था। उन्होंने सिर्फ इतिहास को तोड़-मरोड़कर कांग्रेस को निशाना बनाया और बदनाम करने की कोशिश की। श्री मोदी ने सदन के अंदर 90 मिनट सिर्फ झूठ बोला है।

भाजपा 50 सीट जीतकर दिल्ली में बनाएगी सरकार:सचदेवा

नयी दिल्ली। भाजपा ने गुरुवार को दावा किया कि आठ फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे अप्रत्याशित आएंगे और पार्टी 50 से ज्यादा सीटें जीतकर सरकार बनाएगी। दिल्ली भाजपा ने आज यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)ओर से चुनाव लड़े सभी 70 उम्मीदवारों, उनके चुनाव एजेंटों, जिलाध्यक्षों की समीक्षा बैठक बुलाई, जिसमे पार्टी के राष्ट्रीय नेता शिव प्रकाश , दिल्ली भाजपा के चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा, सह प्रभारी अतुल गर्ग, प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, सांसद और कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

पेज एक का शेष

कांग्रेस के लिए...

से विकसित भारत के लक्ष्य को देश की 140 करोड़ जनता के लक्ष्य के रुप में लेकर चलने का आह्वान किया और आगाह किया कि जो लोग अपने को इससे अलग करेंगे, जनता उन्हें अलग कर देगी। श्री मोदी ने कहा कि जनता ने तीसरी बार सरकार पर भरोसा जताया है। देश की जनता ने विकास के माडल को जांच परख कर समर्थन दिया है। सरकार ने राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम किया है। जनता को लंबे अरसे तक विकल्प नहीं मिला लेकिन वर्ष 2014 के बाद नया माडल सामने आया है, जो संतुष्टीकरण को मानता है। उन्होंने कहा,ल्ल कांग्रेस का तरीका है कि एक छोटे तबके को देना और बाकियों को तरसाना ताकि चुनाव के समय वोट की खेती जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिश है कि उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जाए। समय का उपयोग समृद्धि और जन सामान्य की प्रगति के लिए किया जाए। सरकार योजनाओं को लक्षित व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करती है। सरकार ने बीते दशक में सबका साथ सबका विकास की भावना को जमीन पर उतारा है। इसका अनुभव किया जा रहा है। दलितों और आदिवासियों के कल्याण के लिए काम किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष जातिवाद का जहर फैलाने का प्रयास रहा है। तीन तीन दशक तक दोनों सदनों के सांसद सरकार से मांग करते रहे कि ओबी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया जाए। इसे स्वीकार नहीं किया गया। यह उस समय कांग्रेस की राजनीति में अनुकूल नहीं रहा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने ओबीसी आयोग की मांग को पूरा किया। आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया है। देश के 140 करोड लोगों की इच्छाओ को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत की विकास यात्रा में नारी शक्ति का महत्वपूर्ण स्थान है और इस नये संसद भवन में पहला कानून नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया गया। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने डा बी आर अम्बेडकर का आदर किया। कांग्रेस को मजबूरी में जय भीम बोलना पड़ रहा है। कांग्रेस रंग बदलने में माहिर है। कांग्रेस का रंग बदल रहा है। कांग्रेस का प्रयास रहा कि दूसरे की लकीर छोटी करना। इसी कारण से लोकसभा चुनाव के बाद उसके सहयोगी भाग रहे हैं। देश की सबसे पुरानी पार्टी की दुर्दशा हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने दलितों, आदिवासियों और वंचितों को उद्यमी बनने का मौका दिया। बाबा साहेब के विचारों के अनुरुप सरकार ने फैसले रही है। सरकार ने प्राथमिकता के साथ कौशल विकास, वित्तीय समावेशन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को रुप दिया। मुद्रा योजना ने छोटे कारोबार के लिए ऋण दिया गया। स्टैंडअप इंडिया को बैंक से एक करोड़ रुपए का बिना ऋण दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक समुदाय का सशक्तिकरण किया गया है। उन्होंने कहा, जिसको किसी ने नहीं पूछा, मोदी उसको पूजता है।ङ्क उन्होंने कहा कि खिलौनों का कारोबार में वृद्धि हुई है। निर्यात बढा है। इसका लाभ समाज के निचले वर्ग को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मछुवारों के लिए अलग मंत्रालय बनाया गया। किसान क्रेडिट कार्ड के सारे लाभ इस समुदाय को दिये गये हैं। इस क्षेत्र में 40 हजार करोड़ रुपए निवेश किये गये हैं। श्री मोदी ने कहा कि आदिवासी समाज में भी कई स्तर की स्थितियां हैं। वे उपेक्षित रहे हैं। आदिवासी समाज में वंचित हैं। इनके लिए विशेष योजनायें बनायी गयी। सीमाई गांवों का विकास किया गया। उन्हें प्रथम गांव माना गया। ये सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण और उपयोगी है। उन्होंने कहा कि सरकार संविधान निर्माताओं की भावना के अनुसार काम कर रही है। समान नागरिक संहिता - यूसीसी संविधान के अनुरुप है। आजादी के बाद संविधान निर्माताओं का आदर करना चाहिए था लेकिन कांग्रेस ने उनकी धज्जियां उडा दी थी। श्री मोदी ने कहा कि गरीबों के सशक्तिकरण के लिए सरकार ने अभूतपूर्व काम हुआ है। योजनाओं को गरीबों को देखते हुए तैयार किया गया। तकरीबन 25 करोड़ लोगों को गरीबों को गरीबी से बाहर निकाला है। एक नया मध्यम वर्ग देश में सृर्जित बना है। सरकार इस वर्ग के साथ मजबूती से खडी है। मध्यम वर्ग के लिए 12 लाख की आय पर आयकर को शून्य कर दिया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में सबसे बडी भूमिका युवाओं की है। स्कूल और कालेज के युवा विकसित भारत के आधार हैं। सरकार ने इसे मजबूत करने के लिए तीन दशक के बाद नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति आयी है। गुलामी की मानसिकता दूर करने के लिए स्थानीय भाषा - मातृभाषा को प्राथमिकता दी गयी है। इससे एकलव्य विद्यालय विस्तार किया गया है। देश युवाओं में उमंग और उत्साह है। उसी का लाभ उठाने के लिए सरकार ने प्रयास किया है। माई भारत आंदोलन शुरु किया गया है। इस पर 1.5 करोड़ पंजीकरण हो गये हैं।

अनधिकृत अप्रवासियों...

लोगों के साथ उड़ान के दौरान किसी भी प्रकार का दुर्वयवहार न हो। सदन इस बात की सराहना करेगा कि हमारा ध्यान वैध यात्री के लिए वीजा को आसान बनाने के लिए कदम उठाते हुए अवैध प्रवासन पर सख्ती से कार्रवाई कने पर होना चाहिए। एजेंटों और इसमें शामिल अन्य लोगों के बारे में लौटने वाले निर्वासित लोगों द्वारा प्रदान की गई जानाकारी के आधार पर कानून प्रवर्तन एजेंसिया आवश्यक निवारक कार्रवाई करेगी विदेश मंत्री के सदन में वक्तव्य के दौरान विपक्षी सदस्यों का हंगामा और नारेबाजी जारी रही जिसके कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी।

हथकड़ी पहनकर...

राहुल गांधी ने अमेरिका से वापस भेजे एक प्रवासी हरविंदर के बयान का एक वीडियो 'एक्स' पर साझा किया जिसमें वह यह कहते सुने जा सकते हैं कि 40 घंटों तक उनके हाथों में हथकड़ी लगाई गई थी और पैरों को भी जंजीर से बांधा गया था। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''प्रधानमंत्री जी इस व्यक्ति के दर्द को सुनिए। भारतीय गरिमा और मानवता के हकदार हैं, हथकड़ी के नहीं। खरगे ने विपक्षी नेताओं के विरोध प्रदर्शन का एक वीडियो 'एक्स' पर साझा करते हुए कहा, ''हम, 'इंडिया' गठबंधन के दल भारतीय नागरिकों का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। मोदी सरकार को इस निर्वासन पर एक विस्तृत बयान देना चाहिए और यह भी बताना चाहिए कि हमने अपनी धरती पर एक सैन्य विमान उतारने के बजाय भारतीयों को गरिमा और सम्मान के साथ वापस लाने के लिए अपने विमान क्यों नहीं भेजे? कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा कि अमेरिका से वापस भेजे गए भारतीय प्रवासियों के साथ हुए व्यवहार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जवाब देना चाहिए। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''बहुत बात की गई थी कि मोदी जी और डोनाल्ड ट्रंप जी बहुत अच्छे मित्र हैं, फिर मोदी जी ने ऐसा क्यों होने दिया? क्या इंसानों के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है कि उन्हें हथकड़ियां और बेड़ियां पहनाकर भेजा जाए? यह कोई तरीका है। वाम दल के सांसदों ने भी भारतीय प्रवासियों के साथ हुए व्यवहार के खिलाफ प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि भारतीय प्रवासियों के साथ ''अमानवीय'' व्यवहार किया गया। उल्लेखनीय है कि अमेरिका से 104 ''अवैध'' भारतीय प्रवासियों को लेकर एक अमेरिकी सैन्य विमान बुधवार को अमृतसर में उतरा। अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई के तहत डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा वापस भेजा गया यह भारतीयों का पहला जत्था है। तस्वीरों में भारत वापस भेजे गए लोगों के हाथों में हथकड़ी देखी गई।

18 चिकित्सा...

विरोधी शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा। जोशी ने कहा, ''यह शैक्षणिक संस्थानों में रैगिंग की किसी भी घटना को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इन नियमों का पालन नहीं होने से विद्यार्थियों सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है। महाविद्यालयों को नोटिस प्राप्त होने की तिथि से सात दिन के भीतर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है, जिसमें चूक के कारणों का विवरण देने तथा इस स्थिति को तत्काल सुधारने के लिए उठाए जाने वाले कदमों के बारे में बताने को कहा गया है। जोशी ने कहा, ''निर्धारित समय सीमा के भीतर संतोषजनक स्पष्टीकरण न देने पर हम रैगिंग निरोधक विनियमन, 2009 के प्रावधानों के अनुसार आगे की आवश्यक कार्रवाई करने के लिए बाध्य होंगे, जिसमें जुर्माना लगाना और अन्य सुधारात्मक उपाय शामिल हैं।'

समूह क व ख...

के लिए क्रमशः 16 फरवरी, 20, 24 व 28 फरवरी तक का समय प्रदान किया गया है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि इस अवधि में यह काम पूरा कर लिया जाए। निर्धारित समय अवधि के अंदर स्वमूल्यांकन आख्या, प्रतिवेदक, समीक्षक व स्वीकर्ता का मन्तव्य अंकित न होने पर यह प्रक्रिया अगले स्तर के लिए स्वतः चली जाएगी। पहले यह अवधि 6 फरवरी तक थी।

अब एक ही दुकान पर...

रुपये, 65 हजार रुपये 70 हजार रुपये व 25 हजार रुपये होगी। ग्रामीण क्षेणों में देशी मदिरा, कम्पोजिट, मॉडल शाप भांग की दुकानों के लिए प्रोसेसिंग फीस क्रमशः 40 हजार रुपये, 55 हजार रुपये, 60 हजार रुपये व 25 हजार रुपये होगी।

वर्ष 2024-25 में देशी मदिरा की तीव्रता एवं प्रकार के आधार पर प्रचलित श्रेणियों के स्थान पर वर्ष 2025-26 में देशी मदिरा की तीन श्रेणियां होंगी। शीरा से निर्मित ई.एन.ए. आधारित कैरामल युक्त 36 प्रतिशत वी./वी. (मसाला) 200 एम.एल. की धारिता की एसेप्टिक ब्रिक पैक में होगी। शीरा से निर्मित ई.एन.ए. आधारित फूड कलर युक्त 25 प्रतिशत वी./वी. (सुवासित) 200 एम.एल. की धारिता की एसेप्टिक ब्रिक पैक में ही होगी। देशी मदिरा की फुटकर दुकानों की बेसिक लाइसेंस फीस की दर 32 प्रति बल्क लीटर वार्षिक एम.जी. क्यू. के आधार पर तय होगी। वर्ष 2025-26 में विदेशी मदिरा की रेगुलर श्रेणी में 90 एम.एल. की धारिता एवं उससे ऊपर की श्रेणियों में विदेशी मदिरा की बिक्री 60 एम.एल. एवं 90 एम.एल. की धारिता की शीशे की बोतलों के साथ-साथ सिरोंग पैक में भी अनुमन्य होगी। यदि इवेंट स्थल पर किसी अन्य प्रदेश में बिक्री हेतु अनुमन्य मदिरा का स्टाक अथवा इसका सेवन किया जाना पाया जाता है तब इवेंट बार अनुज्ञापन धारक एवं इवेंट स्थल के प्रबंधक / स्वामी प्रत्येक पर ?1,00,000/- तक का अर्थदण्ड लगेगा। एथनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम के अंतर्गत ऑयल मिक्सिंग डिपोज़ को एथेनाल की आपूर्ति के लिये परमिट प्राप्त करने हेतु आनलाइन प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु ?7,500/- प्रासेसिंग फीस लिया जाना प्रस्तावित है।

डेयरी नीति में होगा ...

आंवला स्थित इफको प्लांट में इफको दो हजार गोवंश की गोशाला स्थापित करेगा, जिससे गोवंश संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय किसानों को फायदा होगा। बैठक में डेयरी पॉलिसी 2022 में बदलाव पर भी सहमति बन सकती है। सरकार इसे नई औद्योगिक नीति और खाद्य प्रसंस्करण नीति के समतुल्य बनाने का निर्णय ले सकती है, जिससे डेयरी उद्योग को और अधिक बढ़ावा मिले। इसके तहत कन्नौज, गोरखपुर, कानपुर डेयरी प्लांट और आंबेडकर नगर पशु आहार प्लांट को 10 साल की लीज पर नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (गक्क्ठ) को सौंपने का निर्णय लिया जा सकता है, जिससे प्रदेश के दुग्ध संघों को मजबूती मिलेगी। इसके अलावा, अगले पांच वर्षों में प

प्रयागराज में प्रवेश मात्र से कई जन्मों के पाप हो जाते हैं नष्ट : जीयर स्वामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। प्रयागराज महाकुम्भ की रसधार बह रही है। श्री त्रिदण्डी स्वामी के श्री जियर स्वामी जी महाराज ने कहा कि जिंदगी में कितनी भी परेशानियां हो श्री लक्ष्मी नारायण भगवान का ध्यान करने से सब समाप्त हो जाता है। जिसका सौभाग्य होगा वो प्रयागराज में लक्ष्मी नारायण यज्ञ में हिस्सा लेगा। पुराणों में बताया गया है कि प्रयागराज में प्रवेश मात्र से कई जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं और संगम के त्रिवेणी में अगर स्नान जो कर लिया उसका जीवन धन्य हो गया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को चिंता नहीं चिंतन करनी चाहिए। चिंता से विनाश होता है, जबकि चिंतन से विकास होता है। चिंता ह्रास का कारण बनता है और कोई परिणाम नहीं दे पाता है। श्री जीयर स्वामी ने सुखदेव जी की जन्मोपरांत तप के लिए वन गमन प्रसंग की चर्चा करते हुए कहा कि संन्यासी चार प्रकार के होते हैं, कुटीचक, बहुदक, हंस और परमहंस। कुटीचक संयासी गृहस्थ जीवन के अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन के बाद घर में रहते हुए निर्लिप्त रहते हैं। बहुदक भी कुटीचक के समान होते हैं। हंस संन्यासी दुनिया को नश्वर मान दुनिया में रहते हैं। जैसे-कमल, पानी में रहते हुए भी जल के प्रभाव से मुक्त रहता है। परमहंस सन्यासी दुनिया के किसी विषय वस्तु से सरोकार नहीं रखता। बल्कि स्थित प्रज्ञ की स्थिति में रहता है। उन्होंने कहा कि हर काल में समाज संचालन के नियम-कायदे विभिन्न ऋषियों एवं शासकों द्वारा निर्धारित किए जाते रहे हैं। जैसे मुगलकाल, अंग्रेजी शासन और स्वतंत्रोत्तर भारत के कानून आदि। इसी तरह ऋषियों द्वारा भी त्रेता, सत्युग, द्वापर और कलयुग में नीति निर्धारण किये गये हैं। जिन्हें स्मृति कहते हैं। कलियुग में पराशर स्मृति मान्य है। पराशर स्मृति के अनुसार सभी वर्ण के लोग अपने अनुकूलता के अनुसार जीविकोपार्जन करने के लिए स्वतंत्र हैं। स्वामीजी ने कहा कि मनुष्य जन्म के साथ ही तीन ऋणों मातृ-पितृ ऋण, देव ऋण और ऋषि ऋण से युक्त होता है। मातृ-पितृ ऋण से उऋण (ऋणमुक्त) होने के लिए माता-पिता की जीवनपर्यन्त सम्यक प्रकार से सेवा और मृत्योपरांत श्राद्ध एवं पिंडदान से मुक्ति मिलती है। यज्ञ, पूजा एवं भंडारा से देव ऋण से मुक्ति मिलती है। जबकि सद्ग्रंथों के नियमित अध्ययन से ऋषि ऋण से व्यक्ति उऋण होता है। तीनों ऋणों से उऋण होने वाला ही पुत्र कहलाने का हकदार है।

महाकुम्भ में दिव्य साधनाओं का अनूठा महासंगम, बनेगा विश्व कीर्तिमान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। जब गंगा की लहरों पर वेद ध्वनि के मंगल स्वर गूंजें, जब यमुना की बहती धारा में मंत्रों की पावन ऊर्जा संचारित हो, जब सरस्वती की अन्तः सलीला में ऋचाओं का गूढ़ ज्ञान प्रवाहित हो-तब एक दिव्य महायज्ञ आकार लेता है जिसे युगों-युगों तक स्मरण किया जाएगा। इस अवसर का महाकुम्भ 2025 पुण्य साक्षी बना हुआ है।प्रयागराज की पुण्य धरा पर जहां स्वयं ब्रह्मा ने सृष्टि का प्रथम यज्ञ संपन्न किया था,वहां आज एक दिव्य यज्ञ अपने चरम पर है-अखंड रुद्री पाठ महादिव्य अनुष्ठानम। दिव्य ज्योति वेद मंदिर में 11088 संहितापाठ 504 ब्रह्मज्ञानी 33 दिनों तक चलने वाले वैदिक अनुष्ठान में 792 घंटों तक अनवरत रुद्री पाठ कर रहे हैं। ब्रह्मज्ञानियों की वाणी से निकले 25,61,328 वैदिक मंत्रों की दिव्य गूंज संपूर्ण वायुमण्डल को आलोकित कर रही है। यह मात्र एक अनुष्ठान नहीं, अपितु सनातन धर्म की जीवंत चेतना का महापर्व है, जहां श्रद्धा, भक्ति और तपस्या का महासंगम अपने दिव्यतम स्वरूप में प्रगट हो रहा है। यह वह क्षण है जब वेदों की शाश्वत ऋचाएं युगों की यात्रा कर आधुनिक मानवता को एक नया संदेश दे रही हैं-सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामयाः। यह केवल भारत की आध्यात्मिक विरासत का गौरव नहीं, बल्कि वसुधैव कुटुंबकम् की भावना से ओतप्रोत एक वैश्विक आह्वान है, जो समस्त मानवता को शांति, सौहार्द और संतुलन का पथ दिखा रहा है।दिव्य ज्योति जाग्रत संस्थान की प्रवक्ता साध्वी तपस्वी भारती ने बताया, यह आयोजन केवल एक कीर्तिमान स्थापित करने के लिए नहीं, बल्कि विश्व शांति, मानवता के उत्थान एवं सनातन धर्म की वैदिक परंपराओं के संरक्षण के लिए आयोजित किया गया है। इस अनुष्ठान को एशिया वर्ल्ड रिकॉर्ड, इंडिया वर्ल्ड रिकॉर्ड और वर्ल्ड रिकॉर्ड ने मान्यता प्रदान की है। महाकुम्भ केवल मंत्रोच्चार और अनुष्ठानों तक सीमित नहीं, अपितु यहां तपस्वियों और संन्यासियों की विलक्षण साधनाएं भी श्रद्धालुओं के लिए आस्था और प्रेरणा का केंद्र बनी हुई हैं। पंच दशनाम जूना अखाड़े के एक संत पिछले कई महीनों से एक ही मुद्रा में खड़े रहकर हठयोग की कठोर साधना कर रहे हैं। उनकी तपस्या को देख श्रद्धालु विस्मय और श्रद्धा से नतमस्तक हो रहे हैं। उनका संकल्प स्पष्ट है- राष्ट्र एवं सनातन धर्म की रक्षा। वहीं, निरंजनी अखाड़े के संन्यासियों ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि भारत का यह नेतृत्व जब तक स्थिर है, तब तक राष्ट्र अखंड प्रगति के पथ पर गतिमान रहेगा। महाकुम्भ केवल भारत का ही नहीं, अपितु संपूर्ण विश्व का एक अद्वितीय आध्यात्मिक आयोजन है। इसकी अद्भुत आभा से आकर्षित होकर देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु, 13 प्रमुख अखाड़ों के संन्यासी, असंख्य योगी, संत और साधक प्रयागराज की पुण्य धरा पर पधारे हैं।

दिल्ली/बिहार/पंजाब

बिहार के जमुई में सरस्वती प्रतिमा विसर्जन कर लौट रहा ट्रैक्टर 15 फीट गड्ढे में पलटी, 3 की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में जमुई जिले के मलयपुर थाना क्षेत्र के सुगिया टांड़ गांव के पास बीती देर रात सरस्वती प्रतिमा विसर्जन कर लौट रहे ट्रैक्टर पलटने से तीन की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। घायल सकलदीप यादव की मां ने बताया कि ट्रैक्टर पलटने के 30 मिनट तक ट्रैक्टर के इंजन और डाला से 7 युवक दबा रहे। हालांकि घटना की जानकारी के बाद मलयपुर थाने की पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से ट्रैक्टर के नीचे दबे 7 युवक को निकाला गया। लेकिन तीन युवक की मौत मौके पर ही हो गई। जबकि चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे बाइक व पुलिस वाहन से सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक डॉक्टर मृत्युंजय कुमार ने तीन की हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया। मृतक की पहचान भजौर निवासी छेदी पासवान का 27 वर्षीय पुत्र बबलू कुमार, कामू यादव का पुत्र लिटो यादव, सुनील तांती का पुत्र प्रकाश कुमार तांती के रूप में की गई है। जबकि घायल की पहचान सागर तांती, अजीत तांती, सूरज कुमार पासवान तथा नरसौता निवासी सकलदीप यादव के रूप में की गई है। मलयपुर थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया की सरस्वती प्रतिमा विसर्जन कर लौट रहा ट्रैक्टर पलट गई थी। जिस पर सवार तीन युवक की मौत हो गई। जबकि चार युवक घायल हो गया सभी को अस्पताल भेजा गया।

नीतीश ने मुंगेर को दी 438.5 करोड़ की सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना/मुंगेर। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुंगेर जिले को 438.51 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात दी। श्री कुमार ने प्रगति यात्रा के चौथे चरण में मुंगेर जिले के सदर प्रखंड के चड़ौन गांव में 438.51 करोड़ रुपये की कुल 160 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें 148.40 करोड़ रुपये की 73 योजनाओं का उद्घाटन और 290.12 करोड़ रुपये की 87 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने जिले के विकास के लिए योजनाओं की घोषणा करते हुए कहा कि तारापुर में रिंग-रोड का निर्माण किया जायेगा। इसके अन्तर्गत तारापुर शहर के दोनों तरफ पूरब एवं पश्चिम में बाईपास का निर्माण किया जायेगा। रणगांव-भगलपुरा पथ से धौनी वाया विसय में बाईपास तथा वंशीपुर से बिहमा तक (वाया धोबई, गोगाचक, तेलडीहा मंदिर, मोहनगंज, बिहमा मोड़) बाईपास पथ का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को यातायात में काफी सुविधा होगी एवं जाम से निजात मिलेगी। श्री कुमार ने कहा कि ऋषि कुंड पर्यटक स्थल का विकास किया जायेगा। इस स्थल को पर्यटकीय दृष्टिकोण से विकसित किये जाने से पर्यटक ऋषि कुंड आने के लिए आकर्षित होंगे तथा रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कष्टहरनी घाट का सौंदर्यीकरण किया जायेगा। उत्तरवाहिनी गंगा के तट पर अवस्थित ऐतिहासिक धरोहर कष्टहरणी घाट पर प्रतिदिन दिवा एवं संध्या काल में बड़ी संख्या में लोगों का आगमन होता है। इस घाट के सौंदर्यीकरण कार्य से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा रोजगार के अवसर सृजित होंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि वासुदेवपुर चौराहा से आईटीसी पार्क चंडी स्थान नया गांव सड़क का निर्माण किया जायेगा। यह मार्ग चण्डी स्थान मंदिर परिसर तक जाने वाला एकमात्र मुख्य मार्ग है जहां पूजा-अर्चना करने के लिए आमजनों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण होने से यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। श्री कुमार ने कहा कि नगर निगम कार्यालय से शास्त्री चौक भाया जुबलीवेल कालीताजिया जेपी चौक तक सड़क का निर्माण किया जायेगा। यह मार्ग व्यवसायिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है क्योंकि इस सड़क के समीप व्यवसायिक प्रतिष्ठान, बैंक, निजी चिकित्सीय संस्थान, दवा व्यवसायी, पेट्रोल पम्प, रेस्टोरेन्ट इत्यादि अवस्थित है। उन्होंने कहा कि कोणार्क रोड चौक से अम्बे चौक पूरबसराय-तिनवटिया सड़क का निर्माण किया जायेगा।

गया : जदयू नेता की गोली मारकर हत्या, तीन गिरफ्तार

गया। बिहार में गया जिले के बेलागंज थाना क्षेत्र में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) नेता महेश मिश्रा की हत्या के मामले में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वयीय पुलिस अधीक्षक आनंद मिश्रा ने गुरूवार को यहां बताया कि चूड़िहारा गांव निवासी और बेलागंज प्रखंड के जदयू महासचिव सह उप मुखिया महेश मिश्रा की बुधवार की रात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस उपाधीक्षक रवि प्रकाश सिंह (विधि-व्यवस्था) को जांच का जिम्मा सौंपा दिया। इस मामले में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) और तकनीकी टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया। इसके बाद जांच शुरू की गयी। श्री मिश्रा ने बताया कि घटना के सात घंटे के अंदर ही घटना में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

बिहार में भागलपुर-जमालपुर रेलखंड के बीच ट्रेन की चपेट में आने से दो महिला समेत एक पुरुष की मौत

पटना। बिहार में मालदा डिवीज़न अंतर्गत भागलपुर - जमालपुर रेल खंड के ऋषि कुंड हॉल्ट के पास अप गया हावड़ा एक्सप्रेश ट्रेन की चपेट में आने से आज दो महिला सहित एक पुरुष की मौके पर मौत हो गई। मरने वाले में बरियारपुर थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव निवासी 65 वर्षीय राम रुचि देवी, पुत्र 42 वर्षीय अमित ओर 65 वर्षीय उषा देवी है। सभी मृतक व रतनपुर गांव के ही रहने वाले हैं। हादसा उस वक्त हुआ जब सभी लोग देवघर जमालपुर ट्रेन पकड़ने के लिए ऋषिकुंड आ रहे थे ।वही रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान अप ट्रेन गया हावड़ा की चपेट में आ गए और मौके पर तीनों लोगों की मौत हो गई। तीनों का क्षत- विक्षत स्थिति में रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए लेकिन इसकी सूचना स्थानीय जिला प्रशासन के अलावा पुलिस प्रशासन को भी दे दिया गया है ।

अमृतसर में श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने यात्री फुटफॉल के पिछले कई रिकॉर्ड तोड़े

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमृतसर। पंजाब के अमृतसर में श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने यात्री फुटफॉल के पिछले कई रिकॉर्ड तोड़ते हुए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया है। अमृतसर हवाई अड्डे पर कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने और बढ़ाने के लिए समर्पित एक वैश्विक वकालत समूह, फ्लाई अमृतसर पहल के वैश्विक संयोजक समीप सिंह गुमटाला ने गुरुवार को खुलासा किया कि हवाई अड्डे ने न केवल दिसंबर 2024 में अपने उच्चतम मासिक यात्री फुटफॉल को हासिल किया, बल्कि उसी वर्ष के लिए अभूतपूर्व वार्षिक यातायात भी दर्ज किया। श्री गुमटाला के अनुसार, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा जारी हाल के आंकड़ों और फ्लाईअमृतसर पहल द्वारा 2004 से सावधानीपूर्वक बनाए गए ऐतिहासिक आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि दिसंबर 2024 में हवाई अड्डे ने कुल 3,40,408 (लगभग 3.40 लाख) यात्रियों का स्वागत किया। यह आंकड़ा दिसंबर 2023 में स्थापित 3,38,712 यात्रियों के पिछले रिकॉर्ड को पार कर गया।

दिसंबर 2024 के कुल में 2.29 लाख घरेलू यात्री और रिकॉर्ड 1.11 लाख अंतरराष्ट्रीय यात्री शामिल हैं, जो केवल दूसरी बार है जब अंतरराष्ट्रीय फुटफॉल ने एक लाख का आंकड़ा पार किया है, जो 1.06 लाख अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के पिछले रिकॉर्ड को पार करता है। श्री गुमटाला ने एक और ऐतिहासिक मील के पत्थर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कैलेंडर वर्ष 2024 हवाई अड्डे के इतिहास में सबसे व्यस्त वर्ष बन गया। यह आंकड़ा 2023 में दर्ज किए गए 29,44,916 (लगभग 29.4 लाख) यात्रियों के पिछले उच्चतम आंकड़े को पार कर गया है। वर्ष 2024 के कुल में 23.12 लाख घरेलू और 11.14 लाख अंतरराष्ट्रीय यात्री शामिल हैं, जो पहली बार एक कैलेंडर वर्ष में अंतरराष्ट्रीय यातायात 10 लाख को पार कर गया है। यह 2023 की तुलना में 16.3 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाता है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या में 21.3 प्रतिशत की वृद्धि और घरेलू यातायात में 14.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

चंडीगढ़ एनसीसी ग्रुप ने प्रशिक्षण के दौरान शीर्ष स्थान हासिल किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) ग्रुप, चंड़ीगढ़ ने प्रशिक्षण वर्ष 2024-25 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर एनसीसी निदेशालय पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ (पीएचएचपीएंडसी) के तहत आठ समूहों में शीर्ष स्थान हासिल किया है। एनसीसी निदेशालय पीएचएचपीएंडसी ने आठ समूहों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कीं, जिनमें प्रत्येक टीम में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और यूटी चंडीगढ़ के 85 एनसीसी कैडेट शामिल थे। प्रतियोगिताएं नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस शिविर से पहले आयोजित की गई थीं। प्रतियोगिताओं के अलावा, निदेशालय ने पूर्व निर्धारित मापदंडों के आधार पर आठ समूहों के प्रशासनिक कामकाज का भी मूल्यांकन किया। मेजर जनरल जेएस चीमा, अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी), एनसीसी निदेशालय, पीएचएचपीएंडसी ने गुरुवार को कैडेटों को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी विभिन्न संस्थानों से अप्रशिक्षित प्रतिभाओं की पहचान करके उन्हें तैयार करता है और निदेशालय स्तर पर प्रतियोगिताओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हे व्यवहारिक अनुभव प्रदान करता है। एनसीसी ग्रुप चंडीगढ़ के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर वीएस चौहान ने एनसीसी अकादमी, रोपड़ में आयोजित एक समारोह में एडीजी मेजर जनरल जेएस चीमा से चैंपियनशिप ट्रॉफी प्राप्त की। ब्रिगेडियर चौहान ने कैडेटों को जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी रखने और एनसीसी ग्रुप चंडीगढ़ को एक आदर्श एनसीसी ग्रुप बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

सरकार अवैध रूप से युवकों को बाहर भेजने वाले एजेंटों पर करे कार्रवाई: प्रो. चावला

अमृतसर। पंजाब की पूर्व स्वास्थ्य मंत्री प्रो. लक्ष्मीकांता चावला ने देश के युवकों को अवैध रूप से विदेश भेजने वाले एजेंटो पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। प्रो. चावला ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका ने अवैध रूप से रहने वाले भारतीयों को बेड़ियों में जकड़कर वापस भेजा है, लेकिन अपने देश की सरकारों से, शासन प्रशासन पर यह सवाल उठते है कि उन एजेंटों पर नियंत्रण क्यों नहीं हो पा रहा, जो लोगों को धोखे से दूसरे देशों में भेजने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करते हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत दुख की बात है कि अपनी जमीन जायदाद बेचकर विदेश जाने के लिए नौजवान तैयार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि आखिर अपने देश में रोटी की क्या इतनी कमी है कि वे केवल डालर के लिए जो कुछ अपने पास है वह भी मिट्टी में मिलाकर बाहर जा रहे हैं। प्रो. चावला ने कहा कि केन्द्र सरकार उन एजेंटों को पकड़े, जिन्होंने इन्हें अवैध रूप से भेजा और जितना धन इनसे लिया है वे वापस इनको दिलवाए, जिससे ये फिर अपनी जिंदगी शुरू कर सकें।

दिल्ली इंटरनेशनल लेदर एक्सपो का 20-21 फरवरी को यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में

अंतरराष्ट्रीय लेदर एक्सपो 2025 निर्माताओं, निर्यातकों के लिए मजबूत मंच प्रदान करेगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) राजधानी नई दिल्ली में द्वारका के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में 20-21 फरवरी को दिल्ली इंटरनेशनल लेदर एक्सपो (डीआईएलईएक्स) 2025 का आयोजन करने जा रहा है। डीआईएलईएक्स 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पहलों के साथ मिलकर निर्यात और रोजगार को प्रोत्साहन देगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में होने वाला डीआईएलईएक्स 2025 प्रमुख बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) कार्यक्रम है। इसको निर्माताओं एवं निर्यातकों को अपने नवीनतम संग्रह, नवाचारों और क्षमताओं को अंतरराष्?ट्रीय खरीदारों के समक्ष प्रदर्शित करने के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो व्यवहार्य सोर्सिंग विकल्पों की तलाश कर रहे हैं। चमड़ा निर्यात परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार जालान ने बताया कि केंद्रीय बजट में की गई घोषणाएं भारत के चर्म और फुटवियर क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं, जो 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पहलों के तहत तेजी से वैश्विक विनिर्माण और सोर्सिंग हब के रूप में विकसित हो रहा है। सीएलई ने 2030 तक 47 अरब अमेरिकी डॉलर बिजनेस का लक्ष्य तय किया है। इसमें से 13.7 अरब अमेरिकी डॉलर निर्यात क्षेत्र के लिए है।

सिविल सेवा की पढ़ाई की तैयारी के लिये कोचिंग की निःशुल्क व्यवस्था

पटना। बिहार में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने जननायक पुस्तकालय एवं राज्य डिजिटल अध्ययन केन्द्र, पटना में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) से संबंधित परीक्षा की तैयारी के लिये संबंधित कोर्स में आवेदन आमंत्रित करते हुए परीक्षा, जांच के बाद कोचिंग,प्रशिक्षण देने की निःशुल्क व्यवस्था की है। विभाग ने जांच परीक्षा की संभावित तिथि 16 फरवरी निर्धारित की है। छात्र-छात्राओं के एक बैच की प्रशिक्षण की अवधि 12 माह है, जिसमें उपलब्ध सीटों का चालीस प्रतिशत पिछड़े वर्गों के लिए तथा साठ प्रतिशत अत्यंत पिछड़े वर्गों के लिए अनुमान्य है। इस केन्द्र में बिहार राज्य के वैसे पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं जिनकी अभिभावक सहित सभी स्त्रोंतों से अधिकतम वार्षिक आय तीन लाख तक हो, आवेदन के पात्र हैं। जननायक पुस्तकालय एवं राज्य डिजिटल केन्द्र, पटना में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग प्रशिक्षण के अलावा प्रतियोगी पुस्तकों के क्रय के लिये प्रति अभ्यर्थी तीन हजार रूपये की दर से प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की व्यवस्था है। साथ ही इस केन्द्र पर निःशुल्क अध्ययन सामग्री, उन्नत पुस्कालय, ऑनलाईन टेस्ट, प्रेरणा-सह-मार्गदर्शन सत्र एवं छात्रों के प्रगति के मूल्यांकन के लिये एमआईएस पोर्टल की व्यवस्था है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063